आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 6 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 159, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



स्टार्मर ने देश के पुनर्निर्माण का किया वादा 14
रोहित के बिना नई शुरूआत करेगी युवा टीम 13

## सुनक हटे, कीर स्टार्मर बने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में शुक्रवार 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 650 में से 412 सीटें मिली हैं। किंग चार्ल्स तृतीय ने बकिंघम पैलेस में बैठक के दौरान स्टार्मर को नई सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। इसी के साथ स्टार्मर आधिकारिक तौर पर देश के 58वें प्रधानमंत्री बन गए। ब्रिटेन में लेबर पार्टी 14 वर्ष के इंतजार के बाद वापस सत्ता में आई है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार स्वीकार कर ली। सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, ऋषि सुनक अपनी सीट से चुनाव जीत गए हैं। इस बीच लेबर पार्टी नेता कीर स्टार्मर ने कहा कि इस तरह का जनादेश एक बड़ी जिम्मेदारी का अहसास दिलाता है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्टार्मर को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कीर स्टार्मर को बधाई दी है। मोदी ने एक्स पर लिखा कि कीर स्टार्मर को ब्रिटेन के आम चुनावों में जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं। मैं आपसी विकास, समृद्धि को बढ़ावा देने, भारत-यूके व्यापक साझेदारी को और मजबूत करने करे सकारात्मक सहयोग की आशा करता हूं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-ईमानदार छात्रों के हित प्रभावित होंगे

## नीट-यूजी को रद करना व्यापक जनहित के प्रतिकूल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि विवादों से घिरी नीट-स्नातक 2024 परीक्षा को रद करना बेहद प्रतिकूल होगा और व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से इसे उत्तीर्ण करने वालों के करियर की संभावनाओं के लिए काफी हानिकारक होगा।

शीर्ष अदालत में दायर एक याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि कथित घटना/लीक के प्रयास का 5 मई को आयोजित पूरी परीक्षा के संचालन पर कोई असर पड़ता नहीं दिखा है क्योंकि जांच एजेंसियों द्वारा इसमें शामिल पाए गए उम्मीदवारों की संख्या, परीक्षा में शामिल उम्मीदवारों की संख्या की तुलना में नगण्य है। उपर्युक्त कारक के आधार पर पूरी परीक्षा को रद करना, व्यापक जनहित के लिए, विशेष रूप से योग्य उम्मीदवारों के करियर के लिए, अत्यधिक प्रतिकूल और हानिकारक होगा।

एजेंसी ने कहा कि नीट-स्नातक 2024 परीक्षा बिना किसी अवैध गतिविधि के पूरी तरह से निष्पक्ष और गोपनीयता के साथ आयोजित की गई थी और सामूहिक कदाचार का दावा पूरी तरह से अपुष्ट, भ्रामक है। एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा पांच मई को नीट-यूजी आयोजित की गई थी। शीर्ष अदालत 8 जुलाई को विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी, जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं।



### 11 अगस्त को दो पालियों में होगी नीट-पीजी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) 2024 का आयोजन 11 अगस्त को दो पालियों में किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले यह परीक्षा 23 जून को होनी थी। बोर्ड ने कहा एनबीईएमएस के 22 जून 2024 के नोटिस के क्रम में नीट-पीजी 2024 परीक्षा का कार्यक्रम अब पुनः निर्धारित किया गया है। अब यह 11 अगस्त को दो पालियों में होगी। नीट-पीजी 2024 में शामिल होने के लिए पात्रता के उद्देश्य से कट-ऑफ तारीख 15 अगस्त, 2024 रहेगी।

## एक नजर

### अगस्त में गिर सकती है मोदी सरकार : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार कमजोर है और अगले महीने की शुरुआत में गिर सकती है। प्रसाद ने राजद के स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। पार्टी के 28 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लालू के छोटे बेटे और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। प्रसाद ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ऐसी किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

### दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में 4 राज्यों में ईडी का छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और हैदराबाद में छापे मारे हैं। ईडी ने कहा कि 3 जुलाई को तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान 41 लाख रुपये, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए। ईडी, दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) की प्राथमिकी के आधार पर जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली में 10 एसटीपी के विस्तार में 1943 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है।

# बाबा भोले लापता, आश्रमों पर छापा

**हाथरस हादसा**

## मैनपुरी स्थित आश्रम में घुसी पुलिस, नोएडा में कार्रवाई की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** हाथरस हादसे में प्रवचनकर्ता बाबा भोले फिलहाल लापता हैं। पुलिस उनके अलग-अलग आश्रमों का पता लगाकर छापेमारी कर रही है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने मैनपुरी स्थित आश्रम में छापा मारा। कहा जा रहा है कि पुलिस यहां से दो वाहन भी उठा कर ले गई है। इसी तरह नोएडा स्थित एक आश्रम का भी पता चला है। पुलिस को जानकारी मिली है कि आश्रम अवैध है, ऐसी स्थिति में आश्रम पर कार्रवाई करने की तैयारी हो रही है।

मैनपुरी स्थित आश्रम पर रात 12 से एक बजे के बीच छापा मारा गया था। इस दौरान पुलिस आश्रम के अंदर एक घंटे तक मौजूद रही। पुलिस के बाहर आने के दौरान देखा गया कि आश्रम के अंदर खड़े दो अतिरिक्त वाहन लेकर जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने हल्ला उड़ाया कि पुलिस बाबा को गिरफ्तार करके ले जा रही है, हालांकि पुलिस ने इसका खंडन किया है। बाबा साकार विश्वहरि के अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह ने बताया कि इन गाड़ियों में कौन था इसका पता नहीं चल सका है। उधर, गौतमबुद्धनगर में नोएडा के सेक्टर 87 में वर्ष 2021 में निर्मित आश्रम पर कार्रवाई की तैयारी की सूचना है। बताया जा रहा है कि इस आश्रम में शनिवार और रविवार को कीर्तन होता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आश्रम बनने के बाद बाबा यहां सिर्फ एक बार आए हैं।

### पीड़ितों से मिले राहुल, कहा-प्रशासन से चूक हुई



**हाथरस।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस में भगदड़ की घटना के संबंध में शुक्रवार को कहा कि प्रशासन की ओर से चूक हुई थी। कांग्रेस नेता ने साथ ही कहा कि वह इसे राजनीतिक रंग नहीं देना चाहते। गांधी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पीड़ितों के लिए बिना किसी देरी के अधिकतम मुआवजा जारी करने का भी आग्रह किया। हाथरस में शुक्रवार सुबह पीड़ित परिवारों से मुलाकात के बाद गांधी ने कहा कि यह दुख की बात है कि इतने परिवारों को कष्ट सहना पड़ा, इतने लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रशासन की ओर से कुछ चूक हुई है। गलतियां हुई हैं और उनकी पहचान की जानी चाहिए। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि उन्होंने मृतकों के परिजनों से बातचीत की। उनका कहना है कि प्रशासन की ओर से चूक हुई है। पुलिस की जो व्यवस्था होनी चाहिए थी वो नहीं थी। हाथरस से पहले गांधी ने अलीगढ़ में भी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पार्टी की प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडे, पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और अन्य पदाधिकारी भी थे।

### वकील का दावा- बाबा भागे नहीं, आश्रम में हैं

**एटा।** हाथरस में मची भगदड़ में 121 मौतों के बाद से भोले बाबा सामने नहीं आया है। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कहा कि बाबा देश में ही अपने आश्रम पर हैं और पुलिस की जांच में सहयोग कर रहे हैं। कहीं भागे नहीं हैं। वह बहुत जल्दी सामने आएंगे। शुक्रवार को एटा के मेडिकल कालेज में हाथरस हादसे के घायलों को देखने पहुंचे वकील एपी सिंह ने कहा, पुलिस जब बाबा को बुलाएगी आ जाएंगे।

### मुख्य आरोपी मधुकर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लखनऊ।** हाथरस कांड के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि हाथरस भगदड़ हादसे के बाद मधुकर पर एक लाख रुपये का इनाम रखा गया था। हाथरस भगदड़ के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर ने पुलिस के सामने दिल्ली के नजफगढ़ उत्तम नगर अस्पताल में सरेंडर किया है। उसके सरेंडर का दावा भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि पक्ष के वकील एपी सिंह ने किया है। भगदड़ के भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ के बाद अब तक 123 लोग मारे जा चुके हैं। इतने बड़े हादसे के बाद राज्य सरकार ने गहन जांच के आदेश दिए थे। जांच कमेटी ने जांच के बाद नारायण साकार हरि के खास देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया था।

### आज हाथरस पहुंचेगा तीन सदस्यीय जांच आयोग

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच आयोग की टीम शनिवार को हाथरस पहुंचेगी। जांच आयोग की इस टीम में पूर्व आईएएस हेमंत राव, पूर्व आईपीएस भावेश कुमार सिंह मौजूद रहेंगे। न्यायिक जांच आयोग की टीम सुबह 11 बजे हाथरस पहुंचेगी। सुबह 11 से 12 बजे तक टीम के डीएम, एसपी व अन्य अधिकारियों से वार्ता करेगी। दोपहर एक बजे घटनास्थल फुलरई मुगलगढ़ी के लिए रवाना होंगे। दोपहर दो से चार बजे तक घटनास्थल का निरीक्षण करेंगे। शाम छह से आठ बजे के मध्य अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, मंडलायुक्त अलीगढ़, पुलिस महानिरीक्षक अलीगढ़ सहित अन्य अफसरों से मुलाकात व अभिलेखों का अवलोकन करेंगे। 7 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोग के सदस्य जन सामान्य से मुलाकात करेंगे।

## एसआईटी ने दर्ज किए सौ से अधिक लोगों के बयान

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- मुख्य सचिव और डीजीपी ने मुख्यमंत्री से मिलकर की ब्रीफिंग
- जांच रिपोर्ट में हादसे के मूल कारण और लापरवाही का जिक्र

**अमृत विचार :** हाथरस दुर्घटना पर एसआईटी ने अपनी जांच लगभग तैयार कर ली है। इस जांच रिपोर्ट में डीएम-एसपी समेत फिलहाल 100 से अधिक के लोगों के बयान दर्ज है। रिपोर्ट अभी शासन तक नहीं पहुंची है, हालांकि मुख्यमंत्री को इस संबध में मुख्य सचिव व डीजीपी ने ब्रीफिंग की है।

शासन ने मंगलवार को हुए हादसे के बाद एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया था। जिसमें मंडलायुक्त चैत्रा बी. को भी शामिल किया गया। हादसे के बाद बुधवार सुबह तक राहत व बचाव कार्य और फिर दोपहर में मुख्यमंत्री घटनास्थल का दौरा रहने के चलते एसआईटी की जांच रफ्तार नहीं पकड़ पाई थी। मुख्यमंत्री के जाने के बाद जांच तेज हो गई। सबसे पहले यह प्रारूप तैयार किया गया, जिसमें तय किया गया कि किन-किन लोगों के बयान होने हैं। उन सभी की सूची बनाकर उन्हें बयान दर्ज कराने के लिए समय तय किया गया था। और भी लोगों से पूछताछ पुलिस लाइन में हो रही है। गुरुवार रात तक करीब 100 से अधिक लोगों के बयान दर्ज हो चुके थे।



### भीड़ पर सेवादारों की जबरदस्ती पड़ी भारी

जांच में डीएम-एसएसपी सहित लगभग सौ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, घटनास्थल पर तैनात एक-एक पुलिस और अन्य सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी, प्रारंभिक सूचना वाले कर्मी, एंबुलेंस कर्मी, डॉक्टर, पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर, किसान, चश्मदीद, घायल, तहसील और जिला स्तर के अधिकारी आदि शामिल हैं। रिपोर्ट में भगदड़ का मूल कारण, लापरवाही और अनदेखियों का भी जिक्र है। कार्यक्रम स्थल पर जमीन के दलदली होने व सेवादारों की भूमिका को लेकर जिक्र किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर कोई एग्जिट गेट नहीं बनाया गया था। बाबा के करीब जाने के लिए लोग धक्का-मुक्की करने लगे थे। सेवादारों ने डंडा दिखाकर रोकना चाहा। इस बड़े कारण से भगदड़ होने की बात कही जा रही है।

## भाजपा के बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित

**लखनऊ।** विधान परिषद की एक सीट के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बहोरन लाल मौर्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सपा की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित न किए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को मौर्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया।

विधानसभा के विशेष सचिव एवं निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद मुशाहिद ने शुक्रवार शाम बहोरन लाल मौर्य के निर्वाचित होने की घोषणा की। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को नामांकन वापसी की समय समाप्त होने के बाद उनके निर्वाचित होने की घोषणा की गई। इस उपचुनाव के लिए 25 जून को अधिसूचना जारी की गयी थी जबकि नामांकन की आखिरी तारीख दो जुलाई थी। तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच के बाद पांच जुलाई तक नाम वापस लेने की तारीख तय की गई थी। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 12 जुलाई को होना तय था। यह सीट समाजवादी पार्टी के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा इसी साल 20 फरवरी को इस्तीफा दिये जाने के कारण रिक्त हुई। बहोरन लाल मौर्य 1996 और 2017 में बरेली की भोजीपुरा सीट से विधायक रह चुके हैं।

## सरोगेसी से मां बनीं तो भी मातृत्व अवकाश का हक

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

- 3 महीने के अंदर याचिकाकर्ता को मातृत्व अवकाश देने का निर्देश

उड़ीसा हाईकोर्ट ने व्यवस्था दी है कि किराए की कोख के जरिए मां बनने वाली महिला कर्मियों को वैसे ही मातृत्व अवकाश एवं अन्य लाभ पाने का अधिकार है जो प्राकृतिक रूप से बच्चे को जन्म देने वाली या बच्चा गोद लेकर मां बनने वाली महिलाओं को प्राप्त है।

न्यायमूर्ति एसके पाणिग्रही की एकल पीठ ने 25 जून को ओडिशा वित्त सेवा की महिला अधिकारी सुप्रिया जेना की 2020 में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी। जेना किराए की कोख के जरिए मां बनीं लेकिन उन्हें ओडिशा सरकार में उनके उच्च अधिकारी ने 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि जिस तरह प्राकृतिक रूप से मां बनने वाली सरकारी कर्मियों को 180 दिन का अवकाश मिलता है, एक साल उम्र तक के बच्चे को गोद लेने वाली सरकारी कर्मियों को भी छुट्टी मिलती है। लेकिन किराए की कोख से प्राप्त संतान की देखभाल के लिए मातृत्व अवकाश का प्रावधान नहीं है। कोर्ट ने तीन महीने के अंदर याचिकाकर्ता को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया।

**आबकारी घोटाला**

## केजरीवाल की बेल याचिका पर सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत (बेल) याचिका पर सीबीआई से शुक्रवार को जवाब मांगा। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 जुलाई की तारीख निर्धारित की। केजरीवाल ने जमानत की मांग करते हुए दावा किया कि सीबीआई के मामले में उन्हें गिरफ्तार करने की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## बिहार में वज्रपात से 20 लोगों की मौत, कई झुलसे

**पटना, एजेंसी**

- झुलसे लोगों को कराया गया अस्पताल में भर्ती

बिहार के अलग-अलग जिलों में शुक्रवार को वज्रपात की घटना में 20 लोगों की मौत हो गई। भागलपुर में चार, जहानाबाद में तीन, मधेपुरा, सहरसा, नालंदा, बेगूसराय और वैशाली में दो-दो लोग तथा पूर्वी चंपारण, रोहतास और सारण में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

भागलपुर जिले के घोघा थाना के ब्रहमचारी टोला निवासी उपेन्द्र मंडल (34), कुशाहा गांव निवासी मोनिका देवी (36) की मौत हो गई। रंगरा थाना क्षेत्र के कलबलिया धार के समीप आरती (16) की मौत हो गई तथा ममता कुमारी और नूजी कुमारी झुलस गईं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं कहलगांव थाना क्षेत्र में उत्तम पटेल (19) की मौत हो गईं। मधेपुरा जिले के गम्हरिआ थाना क्षेत्र में मदन यादव की मौत हो गई तथा एक महिला झुलस गई। बिहारीगंज थाना क्षेत्र में ममता देवी (35) की मौत हो गई तथा एक अन्य झुलस गई। सहरसा जिले में कुश कुमार (15) और अंजलि कुमारी (16) की मौत हो गई। रोहतास जिले में रौशन कुमार की मौत हो गई जबकि पूर्वी चंपारण जिले में एक की मौत हुई।

## अमृतपाल व अब्दुल रशीद ने ली सांसद पद की शपथ





**नई दिल्ली।** पैरोल पर जेल से बाहर आए कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद ने शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। रशीद आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत दर्ज मामले में असम के डिब्रूगढ़ की जेल में कैद हैं। सुरक्षाकर्मी सुबह उन्हें संसद परिसर लाए थे। सिंह (31) और रशीद (56) ने जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय उम्मदीवार के रूप में लोकसभा चुनाव जीता था।

## बिहार में पुल ढहने के मामले में 14 अभियंता निलंबित

**पटना, एजेंसी**

- 17 दिन में 10 पुलों के ढहने के मामले में सरकार की कार्रवाई

बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए। जिन कर्मचारियों पर गाज गिरी है उनमें तीन अधिशासी अभियंता भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 17 दिनों में सीवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में कुल 10 पुल ढह गए। लगातार पुल ढहने की घटनाओं को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा था। राजद के तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री मोदी पर भी तंज कसे थे। इन घटनाओं के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उच्च स्तरीय समिति गठित कर राज्य के सभी पुलों की जांच के निर्देश दिए हैं।

## महाराष्ट्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने को विधेयक

**मुंबई।** परीक्षाओं के पेपर लीक को लेकर चिंताओं के बीच, महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में एक विधेयक पेश किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार को रोकना है। इस विधेयक में अपराधियों को पांच साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। विधानसभा में मंत्री शंभुराज देसाई ने महाराष्ट्र प्रतियोगी परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 विधेयक पेश किया। विधेयक के तहत, प्रतियोगी परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित अपराध संज्ञेय, गैर-जमानती और गैर-समझौता योग्य होंगे।

# लावारिस गायों को अपनाएगी सरकार, मां जैसी होगी देखभाल

## मिशन गोवंश में जुटीं गृह, राजस्व, पशुपालन, नगर विकास, ग्राम्य विकास और पंचायतीराज विभाग की संयुक्त टीमें

**अजय दयाल, लखनऊ**

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को सड़क पर छुट्टा घूम रहीं एक-एक गायों की तलाश है। इन लावारिस गायों को अपना बनाकर गो-माता मानकर ही देखभाल करने का उद्देश्य है। इस सर्च-आपरेशन को उप्र. सरकार के छह विभाग मिलकर अंजाम तक पहुंचाएंगे।

बेसहारा गायों का न केवल ऑनलाइन डेटा फीड होगा बल्कि मेडिकल चेकअप करने बाद उन्हें विभिन्न गोशालाओं में लाकर अच्छे से देखभाल भी की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरुप तैयार यह योजना फिलहाल लखनऊ और बरेली मंडल के लिए है। इस दौरान 20 जुलाई तक लखनऊ, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुरखीरी के अलावा पश्चिम प्रदेश के बदायूं, बरेली, पीलीभीत और शाहजहांपुर में भी सड़कों पर बेसहारा विचरण कर रहीं गायों को पकड़कर गोशालाओं में लाया जा रहा है। अभी यह 15 दिनों का विशेष अभियान है, आने वाले दिनों में राज्य के सभी मंडलों में ऐसी मुहिम चलेगी। इस बाबत प्रमुख सचिव पशुपालन रविन्द्र की तरफ से आदेश सभी जिलाधिकारियों को भेज दिया गया है।



- लखनऊ और बरेली मंडल में चला अभियान बनेगा प्रदेशव्यापी
- छह सरकारी विभागों को है सड़क पर घूमती गायों की तलाश
- फिलहाल लगभग 15 लाख गोवंशों का रखा जा रहा है ख्याल

सर्च-आपरेशन जैसे इस अभियान का उद्देश्य शहरों-गांवों में बेसहारा विचरण कर रहे गोवंशों का शत-प्रतिशत संरक्षण करना है। इसके लिए शहरी क्षेत्रों में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय जबकि ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।
– सतीश अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, गोशाला

### बड़ी राजनीतिक काट भी बना अभियान

गोवंश से जुड़ी ताजा मुहिम सड़क से सदन तक छुट्टा जानवरों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे विपक्ष के मुद्दे की भी बड़ी काट है। इस अभियान को अंजाम देने में पशुपालन के अलावा गृह, राजस्व, ग्राम्य विकास, नगर विकास और पंचायतीराज विभाग शामिल हैं।

### 18 हजार 230 गोवंशों की हो रही देखभाल

राज्य में कुल 313 गो-संरक्षण केन्द्र क्रियाशील हैं जिनमें अभी 18 हजार 230 गोवंशों की देखभाल की जा रही है। इनके चारे पर 14 लाख 97 हजार 943 रुपये खर्च भी किए जा रहे हैं। 174 गो-आश्रय स्थल निर्माणाधीन हैं जहां निराश्रित गायों को रखा जाना है। नए स्थलों के बन जाने के बाद ऐसे केन्द्रों की कुल संख्या 487 हो जाएगी।

## एक नजर

### मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य पद के लिए मांगे गए आवेदन

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश में हरदोई समेत प्रदेश के नौ मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग महानिदेशालय द्वारा विज्ञापन जारी किया गया गया है। आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा 26 जुलाई 2024 सायं पांच बजे तक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उप्र .लखनऊ में स्वीकार किए जाएंगे। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि फिरोजाबाद, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, मीरजापुर, औरैया, लखीमपुर खीरी, ललितपुर एवं जौनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति होनी है।

### पुरानी पेंशन को लेकर सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : उप्र राज्य विद्ययुत परिषद प्राविधिक कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना को लेकर पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें28 मार्च 2005 से पहले नियुक्त होने वाले कर्मियों को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने की मांग की गई है। है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार का कर्मचारियों के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया ठीक नहीं है। पेंशन योजना के मामले मे भी सरकार कर्मचारियों के साथ दोहरा रवैया अपना रही है। ज्ञापन देने वालो में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण समेत संघ के कई सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल की क्षमता बढ़ाई जाए

अमृत विचार,लखनऊ : केंद्रीय राज्यमंत्री व रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर मुजफ्फरनगर के मोरना स्थित दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल लि. के विस्तार का आग्रह किया है। उन्होंने बिजनौर सांसद चंदन चौहान के पत्र का संदर्भ लेते हुए मिल की दैनिक पेराई क्षमता बढ़ाने,उत्पादन प्रक्रिया में सुधार का आग्रह पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की अपेक्षा की है।

# गांवों की बिजली आपूर्ति घटाने पर मांगा जवाब

## समय सारिणी में बिजली आपूर्ति छह घंटे घटाने के मामले को गंभीरता से लिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ नियामक आयोग ने पावर कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब दाखिल करने का दिया निर्देश

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने बिजली आपूर्ति की समय सारिणी में गांवों की बिजली आपूर्ति छह घंटे घटाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से जवाब तलब किया है। आयोग ने कॉरपोरेशन को शीघ्र जवाब दाखिल देने का निर्देश दिया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद की याचिका पर आयोग ने यह कार्रवाई की।

पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के लिए एक जुलाई से नई सारिणी लागू की है। इसके तहत गांवों में छह घंटे घोषित बिजली कटौती की जा रही है, जबकि इस माह के पहले भीषण गर्मी व भारी मांग के बावजूद गांवों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति किये जाने की व्यवस्था थी। बिजली की उपलब्धता कम होने पर एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आपूर्ति लेकर सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं को चौबीस घंटे बिजली देने के प्रयास जारी रहे। इस माह मांग में कमी के बाद भी गांवों समेत नगर पंचायतों, तहसील मुख्यालयों व बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालय क्षेत्रों में ढाई घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में चार घंटे की घोषित बिजली कटौती की जा रही है। आयोग ने इसे गंभीरता से लेते हुए कॉरपोरेशन को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### समान रूप से बिजली पाने का अधिकार

दाखिल याचिका में उपभोक्ता परिषद ने कहा कि गांव व शहर के बिजली उपभोक्ता बराबर बिजली का मूल्य चुकाते हैं। इसमें अंतर केवल इतना है कि गांव के लिए सरकार सब्सिडी के रूप में लगभग 11 हजार से 14 करोड़ रुपये पावर कॉरपोरेशन को देती है। ऐसे में ग्रामीण व शहरी सभी को समान रूप से बिजली मिलने का अधिकार है। गांवों की बिजली काटकर कॉरपोरेशन उपभोक्ता अधिकार नियम का उल्लंघन कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि आयोग तत्काल हस्तक्षेप करे और जिन भी मशीनों को 'रिजर्व शटडाउन' दिया गया है व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है, इसकी भरपाई कॉरपोरेशन से कराई जाए।

# रिहंद की एक इकाई ठप, 1700 मेगावाट उत्पादन घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** रिहंद बिजलीघर की एक इकाई शुक्रवार को ठप हो गई। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत अब कुल 11 इकाइयां बंद होने से 1700 मेगावाट उत्पादन कम हो गया है। इससे बिजली संकट और गहरा गया है। ग्रामीण व बुंदेलखंड समेत नगर पंचायत व तहसील मुख्यालय क्षेत्रों में घोषित बिजली कटौती के जरिये स्थिति में काबू में की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि रिहंद की पांच सौ मेगावाट क्षमता की एक इकाई ठप हो गई है। इस इकाई के सात जुलाई होने की संभावना है, जबकि पहले से बंद इकाइयों में ऊंचाहार की 210, हरदुआगंज की 250 व ओबरा की 200 मेगावाट की इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं।

### नई बिजली दरों के लिए 8 से शुरू होगी सुनवाई

अमृत विचार,लखनऊ : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग आठ जुलाई से सुनवाई शुरू करेगा। पहली सुनवाई कानपुर में होगी। केस्को की सुनवाई कानपुर में, 10 जुलाई को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन व एलएलडीसी की सुनवाई लखनऊ में, 11 जुलाई को मध्यांचल निगम की सुनवाई लखनऊ विद्युत नियामक आयोग सभागार में, 16 जुलाई को पूर्वांचल की सुनवाई वाराणसी में, 18 जुलाई को दक्षिणांचल की सुनवाई आगरा में, 19 जुलाई को नोएडा पावर कंपनी की सुनवाई ग्रेटर नोएडा में और 20 जुलाई को पश्चिमांचल निगम की सुनवाई मेरठ में होगी।

### बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए बनी राजस्व रणनीति

अमृत विचार : बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राजस्व रणनीति तैयार की है। यह 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों में कार्यरत अफसरों को इसे लागू करने का निर्देश जारी किया है। इस नीति के तहत बिजली कर्मियों को कार्य संस्कृति में सुधार लाने, बिजली उपभोक्ताओं को निर्धारित समय में नये कनेक्शन जारी करने, उपभोक्ताओं के आवास पर मीटर और बिल संबंधी दिक्कतें दूर करने व बिजली चोरी पर अंकुश लगाकर कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने को कहा गया है।


# विद्यालयों में जांचें शिक्षकों की उपस्थिति: योगी

## मुख्यमंत्री ने बस्ती मंडल के अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ बस्ती

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी सरकारी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें और विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच करें। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बस्ती में मंडल के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत बस्ती मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में परिजात का पौधा रोपा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में मंत्री, सांसदों, विधायकों व ब्लॉक प्रमुखों से मुलाकात की।

स्कूल चलो अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे बच्चों का नामांकन ससमय कराना सुनिश्चित करें। बच्चों के यूनिफार्म व कापी-किताब समय से उपलब्ध करा दिया जाए। विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारियों को अस्पतालों में समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर चिकित्सकों की कमी है तो स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी के माध्यम से योग्य चिकित्सकों की तैनाती की जाए। दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।



बस्ती जनपद के सर्किट हाउस में मंडल के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▶▶ वन महोत्सव 2024 के अंतर्गत बस्ती मंडलायुक्त कार्यालय परिसर में रोपा पारिजात का पौधा

### मोहर्रम में अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णतः प्रतिबंध

मुख्यमंत्री ने आगामी त्यौहारों को देखते हुए निर्देश दिया कि अभी से ही कार्ययोजना बना ली जाय। मोहर्रम में अस्त्र-शस्त्र पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। मोहर्रम के दौरान जूलुस पर कड़ी निगाह रखें व लिखित रूप में अनुमति ले ली जाए। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान डीजे के आवाज की ऊंचाई मानक के अनुसार ही रखी जाय।

### संवेदनशील तटबंधों की निगरानी की जाए

मुख्यमंत्री ने बाढ़ से बचाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील व अतिसंवेदनशील तटबंधों की निगरानी रखी जाए। बाढ़ आने से पूर्व ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाय, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राहत सामग्री वितरण के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाए।

### लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जाए

मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण महाअभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण किया जाए। पौधों का वितरण जिम्मेदार व्यक्तियों को किया जाय, जो पौधरोपण करने के साथ-साथ इनका देख-भाल कर सकें। जनसहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए पौधों को गोद लिया जाए। पौधरोपण करते समय नाम की पट्टिका लगाई जाए। इसकी देखभाल करने का संकल्प लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वादों में एक से तीप वर्ष, तीन से पांच वर्ष व पांच वर्ष से अधिक लंबित मुकदमों का निस्तारण समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कर्मचारियों ने ही लूटे 3.5 करोड़ के गहने

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ डीजीपी ने सोशल मीडिया में शेयर की सहारनपुर पुलिस की उपलब्धि

**अमृत विचार:** सहारनपुर पुलिस ने साढ़े तीन करोड़ के गहनों के लूटकांड का खुलासा चार घंटे में कर दिया। पता चला कि सराफा व्यवसाई के कर्मचारियों ने ही पुलिस को लूटकांड की सूचना दी और जब पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि कर्मचारियों ने ही गहनों को हड़पने के उद्देश्य से षड्यंत्र किया था। खुलासा होने के बाद प्रदेश के डीजीपी ने सहारनपुर पुलिस की इस उपलब्धि को सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

घटना सहारनपुर के नागल थाना क्षेत्र की है। सत्यम शर्मा द्वारा लूट के संबंध में दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ शुरू की। पुलिस को बताया गया कि सत्यम (सराफा व्यापारी का कर्मचारी) और उनका ड्राइवर तरुण सैनी अंबाला से मेरठ जा रहे थे। उनके पास हीरे के गहने थे, जिसे मेरठ के एक व्यापारी तक पहुंचाना था। इसी दौरान रास्ते में 04 अज्ञात बदमाशों ने उनकी कार रोक ली और गहनों को लूट लिया। इस दौरान सत्यम और ड्राइवर तरुण को हल्की चोटें भी आई और कार भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस टीम ने जब मामले की तफ्तीश की तो दोनों के बयानों में अंतर्विरोध दिखा। सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि इस वारदात को इन्हीं दोनों ने अंजाम दिया है। पता चला कि सत्यम ने गहनों वाला बैग अपने साले को दे दिया था। इसके बाद पुलिस ने साले सहित तीनों को हिरासत में ले लिया गया। बैग भी बरामद किया। इस दौरान बैग में 36 हार, 20 ब्रेसलेट, 52 अंगूठी, 07 कंगन, 32 पेंडेंट, 73 कान के टॉप और 42 मंगलसूत्र सुरक्षित पाए गए। पुलिस ने इस घटना में सत्यम शर्मा, तरुण सैनी (कार चालक) हिमांशु उर्फ डिंपी पुत्र चंद्रशेखर, प्रिंस, कमरपाल को गिरफ्तार किया है।

# फर्जी पत्र से हुआ नर्स का तबादला निरस्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ सीतापुर में हरदोई के विधायक के पत्र से हुआ था नर्स का स्थानांतरण

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग में होने वाले तबादलों में फर्जीवाडे का खुलासा हुआ है। हरदोई के विधायक आशीष कुमार सिंह के सिफारिशी पत्र पर, बिना मांग के सीतापुर की नर्स का तबादला गैर जिले में कर दिया गया है। जबकि नर्स ने विधायक से सिफारिश ही नहीं कराई। मामला संज्ञान में आते ही स्वास्थ्य महानिदेशक ने तबादला निरस्त करते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

राजकीय नर्सेस संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि साजिश के तहत सीतापुर में सीएचसी मोहाली में तैनात नर्स रेखा अवस्थी का साजिश के तहत स्थानांतरण हरदोई जिले में कर दिया गया है। नर्स ने तबादले के लिए ऑन लाइन आवेदन भी नहीं किया था, बावजूद स्थानांतरण कर दिया गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि नर्स द्वारा तबादले का विरोध करने पर स्वास्थ्य विभाग ने संबन्धित भाजपा विधायक आशीष कुमार आशु से संपर्क किया। बातचीत में सिफारिश पत्र के फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई, विधायक ने बताया कि वह स्वयं इस पत्र की जांच अपने स्तर से करा रहे हैं। फर्जी पत्र की पुष्टि होते ही स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने तत्काल प्रभाव से रेखा अवस्थी के तबादले को निरस्त करते हुए आदेश जारी कर दिया।

### फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के स्थानांतरण रुके

अमृत विचार : स्थानांतरण अवधि में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फार्मासिस्ट नेताओं के तबादले कर दिए गए। विरोध होने पर स्वास्थ्य महानिदेशक ने भूल सुधार करते हुए सात चीफ फार्मासिस्टों के नाम की संशोधित सूची जारी की है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने बताया कि स्थानांतरण नीति के तहत फार्मासिस्टों की तबादला सूची जारी की गई थी। मगर, मान्यता प्राप्त एसोसिएशन के पदाधिकारियों को स्थानांतरण में छूट हैं, फार्मासिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नाम की जानकारी समय रहते उपलब्ध नहीं कराई गई थी। पता चलने पर संशोधित सूची कर दी गई है। संशोधित सूची में कई फार्मासिस्टों को वापस संबन्धित जिलों में जिला चिकित्सालयों में तैनाती दी गई है।

# 12 कमरों के ताले तोड़ 700 फाइलें कीं जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ ईडी कोलकाता इकाई के छापे में लगभग तीन करोड़ रुपये भी बरामद

▶▶ सहारा इंडिया ग्रुप के कपूरथला स्थित कार्यालय में 60 अधिकारियों ने मारा था छापा

**अमृत विचार:** प्रवर्तन निदेशालय कोलकाता इकाई द्वारा सहारा इंडिया ग्रुप पर की जा रही कार्रवाई शुक्रवार को समाप्त हो गई। इस दौरान राजधानी के कपूरथला स्थित कार्यालय से 2.98 करोड़ रुपये बरामद किए गए, जबकि 700 के करीब फाइलें जब्त की गई है। इस दौरान 12 कमरों के ताले तोड़ने की भी सूचना है।

सहारा इंडिया ग्रुप की ,हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, के कोलकाता और लखनऊ स्थित छह ठिकानों पर बुधवार को छापा मारा गया था।

इस दौरान 60 से अधिक अधिकारी कार्रवाई के लिए पहुंचे हुए थे। सहारा के अधिकारियों द्वारा दस्तावेज देने में आना-कानी करने पर ईडी टीम द्वारा 12 कमरों के ताले तोड़कर 700 फर्जी कंपनियों के दस्तावेज कब्जे में लिए गए। 12 पेन ड्राइव में डिजिटल डाटा, 20 हार्डडिस्क भी कब्जे में लिए गए।

इसमें कई कीमती जमीनों की रजिस्ट्री के दस्तावेज भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक ईडी द्वारा जल्द ही सोसायटी और कंपनियों से जुड़े लोगों से पूछताछ भी कर सकती है। मालूम हो कि सोसायटी द्वारा भोले-भाले निवेशकों से कथित तौर पर 25,000 करोड़ रुपये एकत्र किए गए और कथित तौर पर इस पैसे को डायवर्ट किया गया। जिसको लेकर ईडी जांच कर रही है।

# जुलूस की करें तैयारी शांति से मनाएं त्योहार

अमृत विचार,लखनऊ : त्योहार पर कानून व्यवस्था को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अफसरों को रूटों का भ्रमण करके कमियां दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कहा, विभाग मोहर्रम व कांवड यात्रा के जुलूस की तैयारी कर लें। इससे शांतिपूर्ण व सुरक्षित तरीके से त्योहार मनाया जाए।

शुक्रवार को मंडलायुक्त ने आईजी प्रशांत कुमार के साथ लखनऊ मंडल के पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार से वीडियो कांफ्रेंसिंग की। कहा, रूटों की रेकी कर लें और जो कमियां दिखे उसे निस्तारित करें।

# विधि और तकनीकी कोर्स में 17 तक मौका

**अमृत विचार,लखनऊ :** लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक और परास्नातक कोर्स के आवेदन भरने की अंतिम तिथि समाप्त हो गई। 17 जुलाई तक एलएलबी, एमबीए और बीटेक कोर्स से जुड़े आवेदन भरे जाने का अभी भी अवसर है।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 29 मार्च से यूजी-पीजी में प्रवेश के आवेदन शुरू हुए थे। शुक्रवार को उसकी अंतिम तिथि थी। 17 जुलाई तक एलएलबी, एलएलएम, एमएड, एमबीए, एमटीटीएम, बीपीएड, एमपीईएड कोर्स से जुड़े आवेदन विद्यार्थी कर सकते हैं।

# नीट एमडीएस की काउंसिलिंग का पंजीकरण 10 से

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** नीट उत्तीर्ण कर चुके बीडीएस चिकित्सकों के लिए नीट एमडीएस 2024 की काउंसिलिंग 10 से 25 जुलाई के मध्य संपन्न होगी। काउंसलिंग की समय सारिणी चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने जारी कर दी है।

उन्होंने बताया कि काउंसिलिंग के लिए 10 से 15 जुलाई के मध्य ऑनलाइन पंजीकरण के साथ ही धरोहर राशि भी जमा कराना होगा। सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए 30 हजार और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की काउंसलिंग में शामिल होने के लिए एक लाख रुपये जमा करने होंगे। जिसके बाद धरोहर राशि जमा करने वालों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी। 16 से 18 जुलाई तक अभ्यर्थियों को मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होगी, जिसके बाद 19 जुलाई को सीट आवंटन की सूची जारी की जाएगी और 25 जुलाई तक अभ्यर्थियों को कॉलेज में प्रवेश लेना होगा।

# ललितपुर में बनेगा बल्क ड्रग फार्मा पार्क

**अमृत विचार,लखनऊ:** ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क, वर्ल्ड क्लास कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटीज (सीआईएफ) से युक्त होगा। इसके लिए राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने तैयारी शुरू कर दी है। यूपीसीडा द्वारा बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए शुक्रवार को ग्लोबल एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट (ईओआई) जारी किया गया है।

मालूम हो कि ललितपुर बल्क ड्रग पार्क का 1120 एकड़ क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर विकास किया जा रहा है।

# डीजी कारागार ने किया आगरा जेल का निरीक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ बंदियों को पढ़ाते देखकर कारागार प्रशासन की प्रशंसा की

**अमृत विचार:** पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामा शास्त्री ने शुक्रवार को जिला कारागार आगरा का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कारागार की वीडियोवाल का अवलोकन किया साथ ही महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों के बच्चों को स्मार्ट क्लास में अध्ययन करते हुए पाए जाने पर बच्चों को स्नेक्स वितरित किए। कारागार के बंदी कौशल विकास केन्द्र में स्थापित कंप्यूटर पर ''शिवनाडर ग्रुप एक पहल एवं दुथ मिशन फतेहपुर" द्वारा उपलब्ध कराई गई स्लाइड के माध्यम से उच्च शिक्षित बंदियों द्वारा बंदियों को पढ़ाते देखकर कारागार प्रशासन की प्रशंसा की गई।

निरीक्षण के दौरान पीएन पाण्डेय उप महानिरीक्षक कारागार व अधीक्षक हरिओम शर्मा मौजूद रहे।



मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह को पुष्पगुच्छ देते अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

### मुख्य अभियंता रामनाथ सिंह ने संभाला कार्यभार

अमृत विचार,लखनऊ : लोक निर्माण विभाग पीएमजीएसवाई लखनऊ के मुख्य अभियंता मुख्यालय-2 का रामनाथ सिंह शासन ने अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया। उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान कार्यालय में पहुंचे विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने बधाई दी।

# अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ 8 से चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को किया जाएगा सुनिश्चित

▶▶ सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण वैद्यता की कराई जाएगी जांच

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के निर्देश पर उप्र. परिवहन विभाग स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले एसे सभी वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण इत्यादि की वैद्यता की जांच कराएगा। इसके लिए 8 जुलाई से स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।



परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश जिलों में मानकों के विपरीत बिना फिटनेस या स्कूल के नाम बिना पंजीकृत, अनुबंधित स्कूल वाहनों का संचालन किया जा रहा। मारूती वैन, मैजिक, आटों, ई-रिक्शा में बच्चों को विद्यालयों एवं अभिभावकों की सहमति से स्कूल भेजा जा रहा है, जो कि मोटर यान नियमावली का उल्लंघन है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रर्वतन दल अभियान चला कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। ऐसे में लगभग 01 पखवाड़ा तक स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट आदि का जांच अभियान चलाया जाएगा और नियम विरूद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# किसान हमेशा रहे हैं सपा की प्राथमिकता

**अमृत विचार,लखनऊ:** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी पार्टी डॉ. राममनोहर लोहिया व चौधरी चरण सिंह के सिद्धांत और मुलायम सिंह यादव के बताए रास्ते पर चलती आ रही है। इन लोगों की प्राथमिकता में ग्रामीण विकास के साथ किसान और गांव की खेती रही है। सपा की प्राथमिकता में भी हमेशा किसान ही रहे हैं।

अखिलेश, शुक्रवार को सपा मुख्यालय में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के प्रतिनिधिमण्डल को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में प्रत्येक स्तर पर किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। भाजपा सरकार ने किसानों की फसलों की बिक्री हेतु मंडी नहीं बनायी। किसानों को उनकी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं दिया जबकि फसलों के उत्पादन की लागत बढ़ती जा रही है।

# कई उत्पादों का केंद्र बनेगी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ विश्व स्तरीय मानकों के साथ टाउनशिप को किया गया डिजाइन

**अमृत विचार:** ग्रेटर नोयडा में बन रही इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप मोबाइल उपकरण समेत कई उत्पादों का हब बनेगी। राज्य सरकार के निर्देश पर परियोजना को धरातल पर लाने की कार्रवाई तेज हो गई है।

शासन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश को 'वन ट्रिलियन डॉलर' की इकॉनमी बनाने के लिए राज्य सरकार ने ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया है। टाउनशिप को 6,807 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश को लक्ष्य बनाकर विकसित किया जा रहा है। इसके जरिए इस क्षेत्र में 25 हजार रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से 11 किलोमीटर की दूरी पर अजायबपुर रेलवे स्टेशन के करीब इस टाउनशिप का विकास किया जा रहा है। दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारे के लिहाज से यह प्रमुख परियोजना है, जिसे विश्व स्तरीय मानकों के साथ डिजाइन किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मोबाइल व इलेक्टॉनिक उपकरणों के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। अन्य कई क्षेत्रों में निर्माण इकाइयों की स्थापना व संचालन की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। औद्योगिक, वाणिज्यिक व आवासीय उत्पादों को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। औद्योगिक भूमि उपयोग के लिए कुल 42 प्लाट में से 17 बड़े प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। 25 प्लॉट की आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

# अध्यात्मिक व धार्मिक पर्यटन स्थलों की मिलेगी जानकारी

**अमृत विचार,लखनऊ:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग और ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी 'मेक माय ट्रिप' के बीच शुक्रवार को समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ है। इस समझौते से प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ देशी-विदेशी पर्यटकों को उप्र. के अध्यात्मिक तथा धार्मिक पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी मिलेगी।

प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा, मेक माय ट्रिप के माध्यम से हमें पर्यटकों की रुचि के साथ-साथ उनकी जरूरतों आदि की जानकारी प्राप्त होगी। मेक माय ट्रिप के सह-संस्थापक और समूह के सीईओ राजेश मागो ने कहा कि हमारा प्रयास राज्य में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना है। हमारे प्लेटफॉर्म के जरिए पर्यटकों को होटलों, होमस्टे की गहन जानकारी मिल सकेगी।

# 5000 कोविड कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त, करेंगे प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ 30 जून को सेवा समाप्ति के बाद अभी तक नहीं जारी हुआ सेवा विस्तार का आदेश

**अमृत विचार:** कोविड के दौरान सरकारी अस्पतालों में नियुक्त किए करीब 5000 कर्मचारियों की सेवाएं 30 जून से समाप्त हो गईं हैं। संविदा न बढ़ने पर कई जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने सेवा मुक्त करने संबन्धी पत्र भी जारी कर दिए हैं। संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि अगर सेवा विस्तार नहीं मिला तो कर्मचारी राजधानी में प्रदर्शन करेंगे।

संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चिदानंद मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि कई बार यूनियन और कर्मचारियों की टीम ने उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर समायोजित किए जाने की मांग कर चुके है। मगर, हर मुलाकात पर कर्मियों को एक दो माह का सेवा विस्तार ही मिला, इस बार तो अभी तक सेवा विस्तार का भी आदेश नहीं आया है ।

उन्होंने बताया कि संघ ने कई बार शासन को भी प्रस्ताव भेज कर कर्मचारियों की कमी को देखते हुए इन कर्मियों की सेवाएं जारी रखने की मांग की । मगर, सरकार उदासीन है। जिसकी वजह से हजारों युवा योग्य व अनुभवी कर्मचारी बेरोजगार हो रहे हैं। अब तक लगभग सात हजार कर्मचारियों की सेवा पिछले दो वर्ष में समाप्त हो चुकी हैं। अब सेवा विस्तार न मिलने से ये पांच हजार कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

बादल छाए रहेंगे। तेज बारिश की संभावना है।

32.8° अधिकतम तापमान | 27.5° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- सिविल अस्पताल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी पुष्पांजलि देंगे 10:15 बजे।
- सहकारिता भवन में संगोष्ठी सुबह 11:30 बजे।
- चारबाग स्थित रविन्द्रालय में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष का सम्मान समारोह - 12:00 बजे।
- डालीगंज स्थित माधव मंदिर के पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव के तीसरे दिन सुंदरकांड का पाठ का आयोजन- 4:30 बजे।
- गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में वृंदाश्री एकेडमी ऑफ़ डांस एंड म्यूजिक की ओर से हुनर-ए-अवध का आयोजन - 5:30 बजे।

**एक नजर**

### इस्कान मंदिर की ओर से जगन्नाथ रथयात्रा कल

**अमृत विचार, लखनऊ:** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) की ओर से रविवार को रविंद्रालय चारबाग से जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जाएगी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे। इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्यामदास ने बताया कि रविंद्रालय में दोपहर 2 बजे से हरि नाम संकीर्तन किया जाएगा। दोपहर 2.30 बजे इस्कान के राजस्थान व बिहार के जोनल सेक्रेटरी देवकी नंदन का प्रवचन होगा। शाम 4 बजे आरती के बाद रथयात्रा शुरू होगी। रात को 8 बजे हजरतगंज स्थित जहांगीराबाद पैलेस में रथयात्रा का समापन होगा।

### रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया दिखाएगी ताकत

**अमृत विचार, लखनऊ:** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) अब उप्र के हर चुनावी समर में उतरकर अपनी ताकत दिखाएगी। इसकी शुरुआत आगामी जिला पंचायत चुनाव से होने जा रही है। जिला पंचायत की समस्त सीटों पर आरपीआई चुनाव लड़ने जा रही हैं। साथ ही विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में भी पार्टी जुटी है। यह बात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को हुई एक प्रेस वार्ता में कही।

# गांवों में भी मकान बनाने के लिए एलडीए से पास कराना होगा नक्शा

**बोर्ड बैठक में सीमा विस्तार को मंजूरी**

**8 ब्लाक, 10 नगर पंचायत के सभी गांव एलडीए में शामिल** | **कैंट और लीडा प्राधिकरण के क्षेत्र से बाहर ही रहेंगे** | **शासन की मुहर पर बनेगा मास्टर प्लान**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) बोर्ड की शुक्रवार को आयोजित बैठक में सीमा विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई।

कैंट और लखनऊ औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (लीडा) को छोड़कर जिले की सभी 10 नगर पंचायतों और आठ विकास खंड के सभी गांव एलडीए में शामिल हो जाएंगे। अब नगर पंचायतों और गांवों में भी भवन निर्माण के लिए एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराना होगा। अवैध निर्माण पर शिकंजा कसा जाएगा। नगरों और गांवों में महायोजना-2031 (मास्टर प्लान) के अनुसार विकसित कर सुविधाएं दी जाएंगी।

बोर्ड बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष/मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने की। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, सचिव विवेक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की उपस्थिति में इसका प्रस्ताव पास किया गया।

अब प्रस्ताव शासन में भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलते ही एलडीए महायोजना 2031 के लिए जियोग्राफिक इंफारमेशन सिस्टम (जीआईएस) सर्वे कराएगा। इसके बाद दावे-आपत्तियां ली जाएंगी। उनका निस्तारण करने के बाद नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। एलडीए बोर्ड की इस 181वीं बैठक में 40 प्रस्ताव पास किए गए हैं।



एलडीए के सभागार में शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में शामिल अध्यक्ष डॉ. रोशन जैकब, जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार, उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### 1530 वर्ग किमी क्षेत्रफल बढ़ेगा खुलेंगे जोनल कार्यालय

सीमा विस्तार से एलडीए का क्षेत्रफल 1028 वर्ग किमी से बढ़कर 2558 वर्ग किमी हो जाएगा। इसमें बीकेटी, सरोजनी नगर, गोसाईगंज, मोहनलालगंज, मलिहाबाद, चिनहट, काकोरी व माल ब्लॉक शामिल होगा। इसी तरह इटौंजा, काकोरी, महोना, गोसाईगंज, अमेठी, मलिहाबाद, नगराम, बीकेटी, मोहनलालगंज, बंथरा, नगर पंचायत जुड़ेंगी। नए क्षेत्र से 1530 वर्ग किमी क्षेत्रफल बढ़ेगा। इन क्षेत्रों में जोनल कार्यालय खोले जाएंगे। जोनल कार्यालयों में मानचित्र स्वीकृत करने से लेकर सभी काम किए जाएंगे। पिछले वर्ष बाराबंकी का निंदूरा, देवा व बंकी विकास खंड के साथ नगर पालिका नवाबगंज को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया था। इस नए प्रस्ताव में बाराबंकी क्षेत्र को शामिल नहीं किया था।

#### इन सुविधाओं से विकसित होंगे क्षेत्र

महायोजना के अनुसार नए क्षेत्रों पार्क, सड़क, चौराहे, अपार्टमेंट, ग्रीन बेल्ट, पार्किंग, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, परिवहन, खेल मैदान भूमि चिह्नित कर बनाए जाएंगे।

## 12 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क के किनारे बना सकेंगे 3 मंजिला भवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** 12 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क किनारे लोग अपने पुराने घरों और भूखंड खरीदकर तीन मंजिला भवन बना सकेंगे। भूखंड का क्षेत्र 300 से दो हजार वर्गमीटर तक हो सकता है। इस प्रस्ताव पर भी एलडीए बोर्ड की बैठक में पास हो गया। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक एक से अधिक मंजिल की अनुमति नहीं थी। एलडीए अब तीन मंजिला भवन के मानचित्र स्वीकृत करेगा। नया निर्माण करने पर पार्किंग, बेसमेंट के साथ तीन मंजिल तक बना सकेंगे। पुराने निर्माण पर नए सिरे मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कराना होगा। मानचित्र पर एलडीए प्रति मंजिल 1.70 लाख रुपये शुल्क लेगा। यह नियम सिर्फ सड़क के दोनों तरफ लागू न कि मोहल्ले के अंदर। पिछले वर्ष बोर्ड बैठक में नौ मीटर चौड़ी सड़क किनारे का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन उसमें गलियां भी शामिल होने के कारण पास नहीं हुआ था।

**1.7 लाख रुपये शुल्क प्रति मंजिल एलडीए लेगा मानचित्र स्वीकृति के लिए**

#### 350 रुपये घटा सुख सुविधा शुल्क पर सभी जगह लागू

अब पूरे शहर में किसी भी तरह का निर्माण करने पर एलडीए द्वारा स्वीकृत मानचित्र पर सुख सुविधा शुल्क लिया जाएगा। जो अब तक किसान पथ, ग्रीन कॉरिडोर, शहीद पथ व टाउनशिप के ढाई किलो मीटर के दायरे में निर्माण करने पर 550 रुपये प्रति वर्ग मीटर लिया जाता था। राहत देने के लिए एलडीए ने घटाकर 200 रुपये प्रति वर्ग मीटर किया है।

**मेट्रो के दोनों तरफ टीओडी से विकसित होगा क्षेत्र**

एलडीए शहर में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (टीओडी) जोन पॉलिसी लागू करेगा। इसमें मेट्रो के दोनों तरफ आवासीय व व्यवसायिक इमारतें एक मानक में बनेंगे। इससे योजना के तहत निर्माण होगा और एलडीए की आय बढ़ेगी। इसी तरह क्षेत्रों को टीओडी जोन बनाकर विकसित किया जाएगा। पिछले वर्ष चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से आलमबाग-चारबाग-इंदिरानगर से मुंशी पुलिया तक दोनों तरफ 500-500 मीटर का जीआईएस सर्वे कराकर लखनऊ मेट्रो कोरिडोर जोन चिह्नित किया था। यह प्रस्ताव भी सहमति बनने पर शासन जाएगा।

#### विकसित व अविकसित क्षेत्रों का एफएआर समान

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए ने विकसित और अविकसित क्षेत्रों का फ्लोर एरिया रेसियो एफएआर एक समान कर दिया है। इससे प्राधिकरण को विकसित क्षेत्र में भूखंड बिकने की उम्मीद है। शहर के विकसित क्षेत्र गोमती नगर, जानकीपुरम् व अलीगंज में एलडीए के छह हजार करोड़ रुपये के भूखंड नहीं बिक रहे हैं। अविकसित क्षेत्र गोमती नगर विस्तार व सीजी सिटी में संपत्तियों की बिक्री के साथ निर्माण तेजी से हो रहे हैं। इसकी वजह से विकसित क्षेत्र में एफएआर यानी भवन के निर्माण की चौड़ाई, बिल्डिंग की ऊंचाई आदि कार्यों का अनुपात कम है। इस वजह से बिल्डर अविकसित क्षेत्र में ऊंची इमारतें बनाकर बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में एलडीए ने अपने खाली भूखंडों की बिक्री के लिए विकसित व अविकसित क्षेत्रों का एफएआर समान कर दिया है। यानी अब अपार्टमेंट, मार्केट आदि ऊंचे भवन एक समान बना सकेंगे।

# 10 लाख तक सस्ते हुए रश्मिलोक अनुभूति व सृजन अपार्टमेंट के फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**कई वर्षों से न बिकने के कारण घटाई गईं 156 फ्लैट की कीमतें**

**अमृत विचार :** शहर में आशियाने का सपना देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। एलडीए ने शारदा नगर योजना स्थित रश्मिलोक, अलीगंज योजना स्थित अनुभूति व प्रियदर्शिनी योजना स्थित सृजन अपार्टमेंट के फ्लैटों के पांच से 10 लाख रुपये कम कर दिए हैं। कुल 156 फ्लैट कम कीमत पर खरीदे जा सकते हैं। हालांकि कीमतें कई साल से फ्लैट न बिकने के कारण घटाई हैं। इसलिए भारी कटौती की है। जिसका लाभ उठाकर लोग खरीद सकते हैं। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि 20.97 लाख रुपये से लेकर 62.40 लाख रुपये में 48.50 वर्गमीटर से लेकर 138.70 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 1 बीएचके, 2 बीएचके व 3 बीएचके का फ्लैट लोग खरीद सकते हैं।

शहर में आशियाने का सपना देख रहे लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। एलडीए ने शारदा नगर योजना स्थित रश्मिलोक, अलीगंज योजना स्थित अनुभूति व प्रियदर्शिनी योजना स्थित सृजन अपार्टमेंट के फ्लैटों के पांच से 10 लाख रुपये कम कर दिए हैं। कुल 156 फ्लैट कम कीमत पर खरीदे जा सकते हैं। हालांकि कीमतें कई साल से फ्लैट न बिकने के कारण घटाई हैं। इसलिए भारी कटौती की है। जिसका लाभ उठाकर लोग खरीद सकते हैं। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि 20.97 लाख रुपये से लेकर 62.40 लाख रुपये में 48.50 वर्गमीटर से लेकर 138.70 वर्गमीटर क्षेत्रफल के 1 बीएचके, 2 बीएचके व 3 बीएचके का फ्लैट लोग खरीद सकते हैं।

**निजी स्तर के माध्यम से बेचेंगे 1500 फ्लैट :** एलडीए की अन्य योजनाओं में 1500 फ्लैट और खाली हैं। जिसकी कीमत 600 करोड़ रुपये है। यह फ्लैट भी नहीं बिक रहे हैं। जिन्हें बेचने का कार्य एग्रीलेटर यानी निजी स्तर पर दिया जाएगा। इसके लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। फ्लैट बिक्री के लिए एलडीए शुल्क या कमीशन नहीं देगा।

#### प्रस्ताव में यह भी मुख्य

- पीपी मोड पर गोमती रिवर फ्रंट में लखनऊ आई का निर्माण
- फिनिक्स मॉल के पास एलडीए कॉलोनी सेक्टर बी में 33/11 विद्युत उपकेंद्र के लिए भूमि देना
- किसानों को आवंटित चबूतरों को फ्री होल्ड करना
- किसानों को दिए गए चबूतरों पर सिर्फ साधारण ब्याज लेना
- बसंतकुंज सेक्टर आई में प्रधानमंत्री शहरी आवास के प्लान में

#### 10 करोड़ से विकसित होगा कुकरैल रिवर फ्रंट

एलडीए अकबर नगर में कुकरैल रिवर फ्रंट का अब पूरा कार्य करेगा। इसमें पौधरोपण, सड़क, लाइटिंग, वन आदि कार्य 10 करोड़ रुपये से किए जाएंगे। अस्ति गांव से सौतल झील से कुकरैल नदी का पुर्नजीवन लेकमैन आनंद मल्लिगावड के साथ किया जाएगा।

#### सहारा इंडिया से 100 एकड़ जमीन लेकर बनेगा नगर वन

एलडीए सहारा इंडिया हाउसिंग लि. से 100 एकड़ ग्रीन बेल्ट की वापस लेगा। ये जमीन ग्राम जियामऊ, उजरियांव व रेलवे लाइन के मध्य लाइसेंस के आधार पर ग्रीन बेल्ट उपयोग के लिए 1995 में 30 साल के लिए दी गई थी। इस पर 29 साल में ग्रीन बेल्ट नहीं विकसित नहीं किया गया, उल्टे अतिक्रमण हो गया। लाइसेंस निरस्त कर एलडीए जमीन वापस लेगा और पौधे लगाकर बड़ा नगर वन बनाएगा।

## यात्रियों ने चंदा करके बनवाया बस का पंचर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अफसरों ने भुगतान से किया इनकार, यात्रियों को भड़काने में चालक-परिचालक निलंबित**

**अमृत विचार :** अवध स्टेशन से यात्रियों को लेकर रूपैडिहा के लिए चली बस (यूपी 53 डीटी 4610) रास्ते में पंचर हो गई। चालक ने अधिकारियों से पैसा मांगा लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद यात्रियों ने चंदा कर 1100 रुपये इकट्ठा किए और पंचर बनवाया।

परिवहन निगम के प्रवक्ता अजीत सिंह ने बताया कि चालक ने जितनी धनराशि अधिकारियों से मांगी थी, उतनी पंक्चर के लिए नहीं मिलती है, इसलिए उसे मना किया गया था। परिचालक को पीछे आ रही दूसरी में बैठाने के निर्देश दिए गए। चालक-परिचालक ने यात्रियों को भड़का कर वीडियो बनवाया। प्रत्याभूति राशि जब्त कर संविदा चालक सूर्यभान मिश्रा और संविदा परिचालक बाबू लाल सरोज को निलंबित कर दिया गया है। जांच में पता चला है कि टायर में आठ इंच का कट लगा था। ये कट चालक की लापरवाही लगा होगा।

वहीं इस मामले का वीडियो एक यात्री नीरज गौड़ एडवोकेट ने सोशल मीडिया पर वायरल कर परिवहन मंत्री और अधिकारियों पर नाराजगी जताई है। इस संबंध में परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक तकनीक राजीव आनंद ने कहा कि मामले में एआरएम व फोरमैन से जानकारी ली गई। इसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फीडर से लेकर ट्रांसफार्मर तक लगेंगे स्मार्ट बिजली मीटर

**अमृत विचार, लखनऊ:** आरडीएसएस योजना के तहत राजधानी के करीब 20 हजार ट्रांसफार्मरों पर मीटर लगाया जाएगा। इसी मीटर से होकर इलाकों में बिजली आपूर्ति की जाएगी। इससे एक-एक यूनिट बिजली की खपत का जानकारी विभाग को मिल सकेगी। किस ट्रांसफार्मर पर कितना ओवरलोड है, इसका भी पता चल सकेगा।

इंदिरा नगर सर्किल के अधीक्षण अभियंता यदुनाथ राम ने बताया कि मीटर बताएंगे कि फीडर और ट्रांसफार्मर से जुड़े कनेक्शन को कितनी बिजली गई और किसमें बिजली चोरी हुई। उसके आधार पर बिजलीकर्मी बिजली चोरी करने वाले तक आसानी से पहुंच सकेंगे।

# बिजली गुल होने पर किया उपकेंद्र पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**शिकायत करने के घंटे भर बाद भी नहीं पहुंचे उपकेंद्र से कर्मचारी**

**अमृत विचार:** बारिश शुरू होने के बाद राजधानी में बिजली की मांग कम होने के बावजूद अघोषित कटौती से राहत नहीं मिल रही है। कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने शुक्रवार को उपकेंद्रों पर हंगामा किया।

चारबाग के केकेसी क्षेत्र में केबल फॉल्ट से दोपहर एक बजे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। शिकायत करने के बाद भी उपकेंद्र से कर्मचारी घंटे भर बाद नहीं पहुंचे। इससे नाराज लोगों ने उपकेंद्र पहुंचकर हंगामा कर दिया। लोगों का आरोप था कि फॉल्ट होने होने से हमेशा घंटों आपूर्ति बाधित रहती है। अधिकारी और कर्मचारी फोन तक नहीं उठाते। हंमागे के बावजूद चार घंटे बाद आपूर्ति सामान्य हो सकी। चंदननगर नाटखेड़ा रोड़ पर पांच घंटे तक बिजली गुल रही। केबल फॉल्ट, ता टूटने, जम्फर जलने के कारण ठाकुरगंज, राजाजीपुरम, इंदिरानगर, गोमतीनगर विस्तार, उतरेठिया, तेलीबाग, चौपटिया, अपट्रान, अलीगंज, महानगर, पुरनिया, जानकीपुरम, बीकेटी, चिनहट, एचएएल समेत कई इलाकों की बिजली सप्लाई 3 घंटे से ज्यादा बाधित रही।

#### विकासनगर में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के विकासनगर शिवविहार की एलटी लाइन के खराब कंडक्टर को बदलकर नये एबी केबल डालने का कार्य किया जायेगा। इसके चलते सेक्टर-5 विकासनगर, शिवविहार, कमला नेहरू नगर और आसपास के क्षेत्र में सुबह 10 से 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

## केबल फॉल्ट से दर्जनों गांवों की आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मलिहाबाद में राधे लाल ढाबे के पास अंडरग्राउंड केबल में फॉल्ट से दर्जनों गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। इससे करीब 50 हजार लोग परेशान रहे। देर शाम तक नहीं आई थी। अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने बताया कि गांवों में डबल सर्किट के डालने का कार्य किया जा रहा है।

4 बजे राधे लाल ढाबे के निकट पड़े सर्किटों के टकराने से 33 केवी केबल में फॉल्ट हो गया। बारिश होने के चलते इसको सही करने में समय लग रहा है। सप्लाई को 2 बजे के बाद सामान्य होने की उम्मीद है। केबल फॉल्ट के कारण चांदपुर फीडर, तहसील फीडर, मिर्जागंज फीडर के दर्जनों गांव की बिजली आपूर्ति देर रात तक ठप है।

#### इन गावों के लोग परेशान

चांदपुर फीडर, नजर नगर, बिराहिमपुर, बदौरा, फूलचंद खेड़ा, माधवपुर, मोहद्दीपुर, कुंडरा कला, गढ़ी संजर खां, कुंडरा खुर्द, भुलभुला खेड़ा, चांदपुर, हासिमपुर, ईशापुर, कहला, सुरगौला, रूपनगर, भतोइया, भिम्माखेड़ा, गोंदा, गुलाल खेड़ा, नत्थाखेड़ा, सलामत खेड़ा, नई बस्ती, औलिया खेड़ा, धनाखेड़ा, खड़ौहां, संतनगर, चिहुंटा, भावाखेड़ा, अहमदाबाद, रसूलपुर, गौरैयन खेड़ा, मानखेड़ा कटौली, टिकरी खुर्द सहित तहसील फीडर के केवलहार, जोशिनटोला, झंडातला, शीतलन टोला, मोहम्मडन टोला, बउली, धड़धड़ा, मुंशीगंज, चौधराना, सैय्यदवाड़ा, समदा तालाब, मिरदहन टोला, बस्ती धनवंतराय, बशारत तरफदार, बजरिया, दुअरतला के साथ मिर्जागंज फीडर के गल्लामंडी, अवध बिहारी मार्ग, चोघड़ा, मछली मंडी, मलिहाबाद चौराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नया पुराना, बारहदरी, सब्जी मंडी, हरदोई रोड, नींबूबाग, मिर्जागंज की बिजली गुल रही।

**समाधान दिवस** | सेवानिवृत्त कर्मचारी ने लगाई गुहार, कुल 245 आपत्तियों में सभी का मौके पर निस्तारण

# जोड़ा 10 वर्ष का एरियर, 672 से 4 हजार हुआ गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एक सेवानिवृत्त कर्मचारी का जीआईएस सर्वे में वार्षिक गृहकर 672 रुपये से बढ़कर चार हजार रुपये हो गया। 672 रुपये हर वर्ष जमा करने पर भी 10 वर्ष का ब्याज समेत एरियर 68 हजार रुपये जोड़ दिया। दोबारा समाधान दिवस में पहुंचे तो ज्यादा राहत न मिलने निराश होकर लौट गए।

नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकी नाथ सभागार में शुक्रवार को गृहकर समाधान दिवस की आयोजित हुआ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने अपर नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों के साथ शिकायतें सुनीं। शिविर में आए शारदा नगर ऋषी खंड निवासी शिव बहादुर ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की 2014 में 650 वर्गफीट ईडब्ल्यूएस कॉलोनी खरीदी थी। 2018 में सचिवालय से इलेक्ट्रीशियन पद से सेवानिवृत्त होने के बाद वहां रहने लगे। पिछले वर्ष जीआईएस सर्वे से गलत मूल्यांकन से वार्षिक गृहकर 672 रुपये से चार हजार रुपये हो गया। 672 रुपये वर्ष जमा करते रहे। इसके बाद भी 2014 से 47 हजार रुपये एरियर व 21 हजार रुपये ब्याज लगा दिया। बढ़े गृहकर व एरियर पर पिछले माह समाधान दिवस में आपत्ति की थी, लेकिन खानापूरी के नाम पर सिर्फ 21 हजार रुपये ब्याज माफ किया था। इस बार भी सुनवाई नहीं हुई।



नगर निगम में गृहकर समाधान दिवस पर जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी।



शिव बहादुर

विकास नगर से आए सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 268 वर्गफीट में उनका मकान है। जिसका वार्षिक गृहकर 780 रुपये जमा करते हैं, जो जीआईएस सर्वे से 5,535 रुपये कर दिया। यह कई गुना है। इस अनुसार बिजली, पानी, सड़क आदि की सुविधा नहीं मिलती है। गोमती नगर निवासी सरजू प्रसाद ने बताया कि उनके मकान का गृहकर 2938 से 3263 रुपये हो गया है। समाधान दिवस में खत्री टोला निवासी भगवती देवी सुख दिखीं, उन्होंने बताया कि उनका गृहकर 254 रुपये से 1080 रुपये हो गया था। समाधान दिवस में 648 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह अमीनाबाद की दुकान का बढ़ाकर गृहकर 2368 से 2193 किया गया। कुल 245 प्राप्त आपत्तियां में सभी का मौके पर निस्तारण किया गया।

# लखनऊ होकर चलेंगी चार स्पेशल ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ट्रेनों में हो रही भीड़ को देखते हुए रेलवे चार स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है। इन ट्रेनों के संचालन यात्रियों को राहत मिलेगी।

ट्रेन नंबर 05303 गोरखपुर-महबूबनगर स्पेशल 06 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार दोपहर 1:35 बजे ऐशबाग पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 07 से 28 जुलाई तक रविवार को महबूबनगर से रवाना होकर तीसरे दिन ऐशबाग सुबह 7:25 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 09015 उधना-मालदा टाउन ग्रीष्मकालीन स्पेशल 05 जुलाई को उधना से रात 9:40 बजे रवाना होरक तीसरे दिन ऐशबाग देर रात्रि 1:05 बजे और चौथे दिन मालदा टाउन सुबह 7:45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 09016 मालदा टाउन-उधना ग्रीष्मकालीन स्पेशल 09 जुलाई को मालदा टाउन से शाम 5:30 बजे रवाना होकर दूसरे दिन ऐशबाग रात्रि 10:35 बजे, चौथे दिन उधना मध्य रात्रि 12:30 बजे पहुंचेगी।

#### उधना-जयनगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल

ट्रेन नंबर-09091 उधना-जयनगर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 07 जुलाई को उधना से रात्रि 9:40 बजे रवाना होक कर तीसरे दिन ऐशबाग मध्यरात्रि 01:05 बजे और जयनगर शाम 7:00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 09092 जयनगर-उधना ग्रीष्मकालीन स्पेशल 10 जुलाई को जयनगर से शाम 5 बजे रवाना होकर दूसरे दिन ऐशबाग सुबह 10:35 बजे और तीसरे दिन उधना दोपहर 12:30 बजे पहुंचेगी।

#### गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल

ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 12 से 26 जुलाई, तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से सुबह 9:30 बजे रवाना होकर बादशाहनगर दोपहर 2:02 बजे, ऐशबाग 2:40 बजे, दूसरे दिन बांद्रा टर्मिनस शाम 6:00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल 13 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से रात्रि 9:15 बजे रवाना होकर तीसरे दिन ऐशबाग मध्यरात्रि 12:55 बजे, बादशाहनगर 1:20 बजे, गोरखपुर सुबह 6:25 बजे पहुंचेगी।

## एक नजर

### 12 को मुख्यमंत्री करेंगे आम महोत्सव का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले के अवध शिल्प ग्राम में 12 से 14 जुलाई तक आम महोत्सव 2024 मनाया जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ करेंगे और समापन उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह करेंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने इस संबंध में बैठक की ।उन्होंने विभागों को कार्य आवंटित किए और प्राथमिकता से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग संयुक्त निदेशक डॉ. राजीव वर्मा भी मौजूद रहे।

### उपखंड अधिकारी से की समस्याओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत मजदूर संगठन के अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे और प्रभारी पुनीत राय ने शुक्रवार को विद्युत वितरण खंड इंदिरा नगर पर संगठन के पदाधिकारी से मुलाकात की। उन्होंने उपखंड अधिकारी राजीव रंजन राय से कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की। उन्हें बिना सेफ्टी उपकरण कोई काम न करने की सलाह भी दी। कुंवर विक्रम सिंह अवर अभियंता कार्यशाला और जयंत कुमार अवर अभियंता सेक्टर– 25 सहित संविदा के पदाधिकारी शामिल रहे।

### संनीति ने परखीं वात्सल्य शिशु सदन की सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन नई दिल्ली की अध्यक्षा संनीति चौधुरी शुक्रवार को उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल कार्यालय स्थित वात्सल्य शिशु सदन (क्रच) पहुंची। उन्होंने बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को देखा और उन्हें बेहतर बनाने को सुझाव दिये। रखरखाव, स्वच्छता, खानपान की व्यवस्था एवं इसकी गुणवत्ता, बच्चों के मनोरंजन संबंधी सामान, रसोईघर, बच्चों के आराम करने का स्थान, पीने के लिए शुद्ध पानी सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। बच्चों से बातचीत कर उन्हें चाकलेट दी। महिला कल्याण संगठन लखनऊ की अध्यक्षा मोहिता गंगवार शर्मा ने उनका स्वागत किया। सचिव मुख्यालय महिला कल्याण संगठन, प्रतिभा गुप्ता उपस्थित रहीं।

# बजट से पहले दूर हों जीएसटी की विसंगतियां

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने जीएसटी परिषद को लिखा सात सुझावों का पत्र



स्टेट जीएसटी आयुक्त नितिन बंसल को मांग पत्र देते उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जीएसटी कमिश्नर को 20 जरूरी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को गोमती नगर कार्यालय में राज्य कर आयुक्त नितिन बंसल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों के जीएसटी काउंसिल को लिखा गया सात सुझावों का पत्र आयुक्त को सौंपा।

पत्र में बजट से पहले जीएसटी की विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई है।

संजय ने बताया कि प्रदेश भर के व्यापारियों से जीएसटी की समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिए गए। जिसके आधार पर कारोबार और व्यापारियों की 20 जरूरी मांगों को तैयार किया गया। संजय ने कहा कि जीएसटी की 53वीं बैठक में हुए निर्णय का नोटिफिकेशन अभी तक जारी नहीं हुआ है।

उसे जारी किया जाए। व्यापारियों के मांग पत्र को केंद्रीय वित्त मंत्री एवं जीएसटी परिषद में भेज कर प्रदेश सरकार की ओर से इसे अमल में लाया जाए। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, नगर महामंत्री अमित अग्रवाल ,नगर उपाध्यक्ष परवेश जैन, नगर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, प्रवीण मिश्रा, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम शामिल थे।

### पुलिस कमिश्नर से मिले व्यापारी नेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल और अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को नवागत पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। व्यापारी नेताओं ने कहा कि पुलिस अधिकारी कारोबारियों संग बैठें, जिससे बाजारों और थानास्तर की समस्याएं वहीं से निपट जाएं। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा, अनिल बिरमानी, सतीश कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र गुप्ता, अनुराग मिश्र, उमेश शर्मा, सुहैल हैदर अल्वी, सुशील तिवारी, रामकुमार वर्मा, सतपाल मीत, मनीष वर्मा, सतनाम सिंह, लखनऊ महिला विंग की अध्यक्ष निहारिका सिंह एवं महामंत्री डा. नित्या वर्मा, सुमित गुप्ता, मनीष अरोड़ा, कुश अरोड़ा आदि उपस्थिति रहे।



पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर का स्वागत करते व्यापारी नेता राजेन्द्र अग्रवाल।



जीएसटी आयुक्त को विभिन्न ज्ञापन देते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

# नोटिस भेज न किया जाए व्यापारियों का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने की जीएसटी आयुक्त से मांग

**अमृत विचार:** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश के महामंत्री ज्ञानेश मिश्र की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को गोमतीनगर स्थित राज्य कर मुख्यालय में आयुक्त नितिन बंसल को ज्ञापन सौंपा। व्यापारी नेताओं ने कहा कि, सचल दल इकाइयों की ओर से अनावश्यक नोटिस भेजने के सिलसिले पर विराम लगना चाहिए। नोटिस के बाद व्यापारियों को बेवजह कार्यालय बुलाकर उन्हें परेशान किया जाता है।

व्यापारियों ने कहा कि स्टेट जीएसटी विभाग भारी संख्या में नोटिस भेज रहा है। सही जवाब देने पर फिर नोटिस पहुंच रहे हैं। इस तरह का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। सचल दल इकाइयां मामूली कमी पर गाड़ियों को धारा-129 के तहत पकड़ लाती हैं। एसआईबी की ओर से जांच व सर्वे के नाम पर जबरन टैक्स व पेनाल्टी जमा कराई जा रही है। इस पर भी रोक लगाई जाए।

वरिष्ठ महामंत्री ने आयुक्त से कहा कि स्टेट जीएसटी विभाग ने प्रदेश में व्यापारियों व उद्यमियों को वर्ष 2018 से 2020-21 तक के नोटिस भेजे हैं। जवाब देने पर भी पुनः नोटिस भेजे जा रहे हैं, जबकि नियमावली में सारी सुनवाई ऑनलाइन है। ऐसे में व्यापारी को कार्यालय नहीं बुलाया जाना चाहिए। आयुक्त नितिन बंसल ने कहा मामला संज्ञान में लाएं, नोटिस के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। ऐसा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वर्ष 2017 से 20 तक डिमांड में जमा ब्याज व पेनाल्टी को माफ़ कर दिया गया है। जो व्यापारी और उद्यमी ब्याज या पेनाल्टी जमा कर चुके हैं, उनका ब्याज, पेनाल्टी वापस या समायोजित किया जाना चाहिए। प्रतिनिधमंडल में लखनऊ महानगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम सिंघल, कानपुर से संगठन मंत्री प्रकाश गुप्ता व मनोज अग्रवाल, लखनऊ से शोभित सिंह भदौरिया, सत्यपाल सिंह, भानुप्रताप मिश्र, उन्नाव से अरविन्द शुक्ला, अभिषेक सिंह, वाराणसी से शशांक गुप्ता और बुंदेलखंड से बनवारी लाल गुप्ता आदि शामिल रहे।

### राजधानी में तीन दिन भारी बारिश की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में हल्की बारिश के साथ हवा का स्तर बेहतर रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले तीन दिनों में भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा बाराबंकी में 72.6 मिमी रिकार्ड की गई है। लखनऊ में 24 घंटों के भीतर .2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **26.07.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 06102024 दिनांक 04.07.2024 |
| 2. | निविदा संख्या | 17-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3. | कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में ऊँचाहार गुड्स शेड के विकास का कार्य। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs.7,14,11,100.49 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 5,07,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दस माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 12.07.2024 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 15:00 बजे |
| 9. | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2033/24


# कीचड़ पर लेटकर दिखाई वित्त मंत्री को समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गीता पल्ली में गंदगी पर तीन का वेतन काटने के निर्देश

▶▶ नगर आयुक्त के साथ सुबह अचानक किया निरीक्षण

**अमृत विचार :** बारिश के इंतजाम देखने गीतापल्ली क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के सामने एक व्यक्ति कीचड़ पर लेट गया और क्षेत्र के हालात बताए। अन्य जगह भी पर्यवेक्षण और साफ-सफाई कार्य में लापरवाही मिली। इस पर सुपरवाइजर, बीट इंचार्ज व खाद्य निरीक्षक का तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

मंत्री ने शक्रवर सुबह 7:15 बजे वित्त नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड के ब्लंट स्क्वायर व पटेल नगर का निरीक्षण किया, वहां कार्य संतोषजनक मिले। वहां से निकलते समय पटेल पार्क के पास नाली के ऊपर ऊंचा-नीचा पत्थर देख नाराजी जताई और मौके पर सही कराया। स्थानीय लोगों ने पड़ावघर हटवाने की मांग की। स्थानीय लोगों की मांग पर वित्त मंत्री ने जनता गर्ल्स कालेज के पास कूड़ा घर हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद गीता पल्ली में वार्ड के आजाद नगर तिराहा से गोपालपुरी जाने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। सीवर लाइन कार्य से क्षतिग्रस्त सड़कों पर कीचड़ मिला। तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इस बीच सड़क पर पड़े कीचड़ पर ध्यान नहीं दिया। इस पर एक व्यक्ति कीचड़ पर लेट गया और समस्या से अवगत कराया। वहीं, सफाई और पर्यवेक्षण में लापरवाही मिलने पर सुपरवाइजर, बीट इंजार्ज व खाद्य निरीक्षक का तीन दिन का वेतन काटने के नगर आयुक्त को निर्देश दिए।

## वेलनेस सेंटर के छह डॉक्टरों का वेतन रोकने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से शहर में नियमों की अनदेखी कर खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में डॉक्टर नदारत रहते हैं। कई सेंटर समय से बंद हो जाते हैं। ऐसे में लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। बीते दिनों अमृत विचार की जांच में इसका खुलासा हुआ था। जिसका संज्ञान लेकर अपर निदेशक कार्यालय (एडी) ने छह सेंटरों की जांच कराई। जिस पर चार सेंटरों पर डॉक्टर मौजूद नहीं मिले। जबकि दो सेंटर बंद पाए गए। मामले में एडी कार्यालय की ओर से सभी छह सेंटरों के प्रभारियों का वेतन रोकने का निर्देश जारी करते हुए सीएमओ को पत्र भेजा है।

एडी कार्यालय की टीम ने बीते दिन चौपटिया, बरौरा, लकडमंडी, ई ब्लॉक राजाजीपुरम, धावा टेल्कोरोड, नौबस्ता कला का निरीक्षण किया। इसमें चार केंद्र से डॉक्टर गायब मिले। राजाजीपुरम व नौबस्त कला का केंद्र बंद पड़ा मिला। एडी कार्यालय से सीएमओ को पत्र भेजकर सभी डॉक्टरों को नोटिस देकर जवाब मांगा है। इसके साथ ही सभी का वेतन रोकने के निर्देश जारी किए हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश यादव के मुताबिक, सभी डॉक्टरों का वेतन रोकने का निर्देश एडी कार्यालय से मिला है। सभी डॉक्टरों को नोटिस भी जारी किया गया है।

### संकरी गली में महज छह सौ वर्ग फीट के मकान में खोल दिया सेंटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिम्मेदारों ने गऊघाट के शांतिनगर में एक छह सौ वर्ग फीट के मकान में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुलवाया दिया। यह मकान 10 फुट की संकरी गली में है। करीब एक साल पहले खुले सेंटर में अभी तक डॉक्टर की तैनाती नहीं हो सकी है। बंद सेंटर का किराया दिया जा रहा है।

## डीपीटी वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रॉयल शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में नई डिप्थीरिया-पर्टुसिस-टिटनेस (डीपीटी) वैक्सीन के तीसरे चरण का ट्रॉयल शुक्रवार से शुरू हो गया। इस दवा का नाम बूस्टा जेन है। निदेशक प्रो.सीएम सिंह ने बताया कि लोहिया संस्थान समेत देश के छह मेडिकल संस्थानों में डीपीटी की नई दवा का ट्रॉयल चल रहा है। बूस्टा जेन वैक्सीन का लक्ष्य एडासेल के साथ प्रतिस्पर्धा करना है। एडासेल वर्तमान में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया की वैक्सीन है। ट्रॉयल में 4-9 वर्ष के बच्चों को शामिल किया गया है। 10 से17 वर्ष के किशोर और 18-65 वर्ष के वयस्क पर भी ट्रॉयल किया जा रहा है। प्रत्येक आयु वर्ग में 89 प्रतिभागियों को या तो वास्तविक टीका या प्लेसिबो प्राप्त होगा। उन्हें 29 दिनों के अंतर पर टीके की दो खुराक दी जाएगी। फिर टीके की प्रभावशीलता तय करने के लिए एंटीबॉडी की जांच कराई जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर वैक्सीन के प्रभाव को मापा जाएगा।


**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक :– 572/ई0ई0–3/एल0जे0एस0 दिनांक 05/07/2024

**अल्प कालीन निविदा–सूचना**

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 12/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 12/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन–3 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Redevlopment of Tubewell by 300/600 PSI Compressor at Jankipuram Vistar Nalkoop, Lko | 7200.00 | Rs400.00 | 07 दिवस |
| 2. | Redevlopment of Tubewell by 300/600 PSI Compressor at Babuganj Nai Basti Nalkoop, Lko | 7200.00 | Rs400.00 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :– 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता जोन–3
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ


### राज्य परियोजना कार्यालय में विशेषज्ञ बने विजय

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ पीईएस अधिकारी विजय प्रताप सिंह को निशातगंज स्थित राज्य परियोजना कार्यालय में विशेषज्ञ के पर तैनाती दी गई है। इस संबंध में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (यूपीएससीईआरटी) ने आदेश जारी कर दिया है। अभी तक वह हरदोई में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी थे। वरिष्ठ शिक्षाधिकारी राजेंद्र प्रताप ने शुक्रवार को उप शिक्षा निदेशक सेवाएं -1 का पदभार शिक्षा निदेशालय में संभाल लिया है। वह इसके पूर्व उप शिक्षा निदेशक (अर्थ) बेसिक शिक्षा थे।

# आईटी व वेलनेस सिटी में जाएगी 1500 किसानों की जमीन

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

▶▶ किसान पथ से शहीद तक ग्रीन कॉरिडोर का रास्ता भी हो गया साफ

▶▶ आठ बिल्डरों की जमीन भी ली जाएगी, सहमति न बनी तो बिल्डर के साथ विकसित करेंगे योजना

अमृत विचार : सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी व वेलनेस सिटी बसाने के प्रस्ताव को बोर्ड ने सहमति दे दी है। एलडीए 16 गांवों के डेढ़ हजार किसानों अलावा आठ बिल्डरों की जमीन अधिग्रहित करेगा। दोनों आवासीय योजनाओं के पास टाउनशिप विकसित करने के लिए बिल्डरों ने किसानों से जमीन लेकर एलडीए ने लाइसेंस लिया था। अब यहां नया लाइसेंस जारी नहीं होगा। उसी योजना में 25 फीसद विकसित जमीन देने के लिए बिल्डरों से सहमति बनाई जाएगी।

अगर सहमति नहीं बनी तो प्राधिकरण बिल्डरों के साथ इस योजना को विकसित करेगा। किसानों से लैंड पूलिंग, समझौता व अधिग्रहण करके जमीन ली जाएगी। इसकी दरें तय करके शासन को प्रस्ताव जाएगा। किसान पथ से शहीद तक ग्रीन कॉरिडोर का रास्ता भी साफ हो गया है। यहां भू स्वामियों से लैंड पूलिंग, अधिग्रहण व समझौता के आधार पर जमीन ली जाएगी।

### ये हैं नौ बिल्डर

राज इंफ्रा हाउसिंग, बाबा इंफ्रा डेवलपर्स, जीसी कंसट्रक्शन एंड कौस्तुभ डेवलपर्स, दुर्गा ग्रीन इंफ्राटेक, एस मैप बिल्डर्स, शालीमार, एस मैप बिल्डर्स व शिव शक्ति इंफ्रा।

### 1 अगस्त से पेपरलेस होगा एलडीए

एलडीए 1 अगस्त से पेपरलेस हो जाएगा। हर तरह का पत्राचार, प्रस्ताव, फाइल सभी कार्य ई–ऑफिस साफ्टवेयर पर होंगे। एक से दूसरे पटल पर अधिकारी व कर्मचारी डिजिटल सिग्नेचर करके पत्राचार करेंगे। इसी तरह शासन को पत्रावलियां भेजेंगे। यह व्यवस्था 15 अगस्त से शुरू होगी। 303 अधिकारी व कर्मचारी की आईडी बनाई है। 15 दिन में प्रशिक्षण व परीक्षण करके पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा।

### कलियाखेड़ा के बराबर मिलेगा प्यारेपुर के किसानों को मुआवजा

मुआवजे को लेकर विवादों में फंसी मोहान रोड योजना को भी बोर्ड की स्वीकृति मिल गई है। इस योजना के लिए कलियाखेड़ और प्यारेपुर गांव की जमीन अधिग्रहित की गई है। कलियाखेड़ा के किसानों को अधिक और प्यारेपुर के किसानों को कम मुआवजा मिला है। प्यारेपुर के लोग बराबर मुआवजा चाहते हैं। एलडीए इस पर राजी हो गया है। इसमें 100–150 करोड़ रुपये एलडीए का खर्च होगा। प्रबंध नगर योजना का मुआवजा भी निर्धारित कर लिया है।

### मसूद से पारिजात किया गया सभागार का नाम

एलडीए में द्वितीय तल पर स्थित मसूद सभागार का नाम बदलकर परिजात कर दिया है। जिसे नये तरह से विकसित किया है। इसका उद्घाटन मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने किया और नवनिर्मित सभागार में पहली बोर्ड बैठक की।


**INDOGULF CROPSCIENCES LIMITED**

Registered Address: 501, Gopal Heights, Netaji Subhash Place, New Delhi-110034 (INDIA)
Telephone: +91-11-40040400. Email info@groupindogulf.com

**बिक्री एवं विपणन सूचना पानी में 100% घुलने योग्य उर्वरकों के मिश्रण के लिए**

सन्दर्भ: FCO 1985 की अधिसूचना 24 अक्टूबर 2015 दिनांकित आदेश संख्या 2900 (4) हम सहर्ष सर्व साधारण को मेसर्स इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड 24 अक्टूबर 2015 दिनांकित आदेश संख्या 2900 (ई) के तहत निम्नलिखित विवरण में 100% घुलने योग्य उर्वरको के मिश्रण की बिक्री और विपणन उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में आरंभ कर रही है, उत्पादों के

**Addition of product for sale permission (Uttar Pradesh)**

100% Water Soluble Mixture of Fertilizer NPK (19:19:19)
100% Water Soluble N:P:K:Ca:Mg:Zn: Fe:B (15:12:0:2.5:2.5:1:2:0.5)
100% Water Soluble N: P: K: S: Ca: Zn: Fe: B (10:0:25:3:2:2:1:1)
100% Water Soluble N:P:K:S:Mg:Zn:Fe: Mn:B:Mo (0:15:10:3:2:3:2:1:0.5:0.1)
Water Soluble mixture of Fertilizer 00:40:40
Water Soluble mixture of Fertilizer 13:40:13
Water Soluble mixture of Fertilizer 20:20:20
Water Soluble mixture of Fertilizer 21:21:21
Water Soluble mixture of Fertilizer 25:16:12

Works: Indogulf Cropsciences Limited. Khasra No. 29/16, 25/1, Barwasni, Distt. Sonepat-131001.
Email Address- info@groupindogulf.com, Tel. Number +91-11-40040400



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम DINESH KUMAR CHHAPARIA से बदल कर DINESH KUMAR रख लिया। अब इसी भाग से जाना व पहचाना जाये। S/O-CHEDI LAL Add: JUBLIGANJ PASHIMI TEH NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राम सहारे पुत्र स्व0 चुल्ली, निवासी ग्राम– बखतखेड़ा, पोस्ट गोधना, थाना– अटरिया, तहसील सिधौली, जिला– सीतापुर** मेरे चार पुत्र सूरज कुमार व चन्द्र प्रकाश व चन्दन व विजय पुत्रगण राम सहारे है ।मेरे छोटे पुत्र विजय कुमार अपनी मर्जी से लक्ष्मी पुत्री राम विलास से प्रेम विवाह किया था। मेरा पुत्र एवं बहू शादी के बाद से ही अनिवार्य पारिवारिक कर्तव्यों का पालन नहीं करते हैं, मेरा कहना नहीं मानतें है जिनका आचरण अच्छा नहीं है और गलत प्रवृत्तियों में लिप्त है पुत्र एवं बहू द्वारा किए जा रहे गलत कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र एवं बहू को अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है।

**WANTED TEACHERS**

1. Accountancy - M.Com., B.Ed.
2. Psychology - M.A. B.Ed. or M.A

**Contact-Founder:**
**S. Dhanabalan**
**Christ Convent School,**
**Rath Hamirpur,**
**Uttar Pradesh - 210431**
**Mob: 9415145638/9451691348**
**Email:**
**christconventschool@gmail.com**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्यामबिहारी पुत्र श्री आत्मज रामस्वरूप, निवासी– घूमसपुर, कमलपुर, महमूदिया, मैनपुरी, उ.प्र.,** मेरे पुत्र धर्मेन्द्र कुमार आर्मी नं.–776997ए, के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम श्यामबिहारी सिंह दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम श्यामबिहारी है। मेरे पुत्र के रिकार्ड में मेरा सही नाम श्यामबिहारी दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे पासपोर्ट संख्या M 4078628 मेरा नाम नूरुज्जमा दर्ज है, जबकि मेरा वास्तविक नाम नूरुज्जमा अंसारी है। इसी तरह पासपोर्ट में मेरी पत्नी का नाम गुलाम रसूल दर्ज हो गया है जो गलत है पत्नी का सही नाम सकीना बानो है यही दर्ज होना चाहिए। **–नूरुज्जमा अंसारी पुत्र कमरुज्जमा निवासी नाई टोला वार्ड नंबर 01 नगर पंचायत कटरा बाजार जिला गोंडा**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी संख्या 214097 655 में मेरा नाम विवेक गुप्ता पुत्र सोनू गुप्ता व जन्म तिथि 31.07.2003 दर्ज है जबकि अब हाईस्कूल अभिलेखानुसार मेरा नाम रिशभ गुप्ता पुत्र सोनू गुप्ता व जन्मतिथि 31–7–2005 हो गई है। **रिशभ गुप्ता यशपाल कपूर मार्ग लालगंज रायबरेली**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी– 313126848 में मेरा नाम रीशू पुत्र दिनेश चंद्र साहू व जन्मतिथि 17.01.2006 लिखी है जबकि अब स्कूल अभिलेखानुसार मेरा नाम आरुश साहू पुत्र दिनेश चंद्र साहू व जन्मतिथि 17 –1 –2007 हो गयी है। **–आरुष साहू निवासी बरदाही रोड लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी की पॉलिसी–215595715 में मेरा नाम सुयश जन्मतिथि 08.01.2006 दर्ज है। जबकि अब हाईस्कूल अभिलेख के अनुसार मेरा नाम यशू मौर्या हो गया है। **–यशू मौर्या पुत्र श्रीनाथ निवासी ए 79 /14 पार्क व्यू गोमती नगर विस्तार लखनऊ।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **कृष्ण मोहन श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय श्री अनंत प्रसाद श्रीवास्तव** का हाईस्कूल वर्ष 1974 रोल नंबर 287723 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 1976 रोल नंबर 147609 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र रास्ते में गिर गया है ।जिस किसी को भी मिले वह दूरभाष नंबर– 9451075399 पर सूचना देने की कृपा करें।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद शादमान पुत्र मोहम्मद अतीक, निवासी– 529ई/110, गुलाब रेजीडेंसी, इन्द्रप्रस्थ नगर, विकास नगर, जिला–लखनऊ, उ0 प्र0–226022** मेरी जन्मतिथि–28.03.1992 है मेरे पासपोर्ट नं0 F0887514 में मेरा नाम त्रुटिवश MOHAMMAD SHADMAN S/O MOHAMMAD ATIQUE है जब सही नाम MOHD SHADMAN ATIQUE S/O MOHAMMAD ATIQUE है। भविष्य में MOHD SHADMAN ATIQUE S/O MOHAMMA ATIQUE के नाम से जाना व पहचाना जायेगा और यही नाम सभी अभिलेखों में अंकित किया जाये।

**सूचना**

मेरी पुत्री Km Priyanka का सरनेम Rathour उसके शैक्षिक अभिलेखों में किन्हीं कारणों वश अंकित नहीं हो सका है। जबकि मेरी पुत्री का पूरा नाम Km. Priyanka Rathour है। मेरी पुत्री का पूरा नाम Km. Priyanka Rathour ही लिखा व पढ़ा माना जाये। **–राकेश कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री राजाराम –निवासी –नवीन बस्ती बिधूना औरैया।**

# एसिड अटैक

# पीड़िता के मौसेरे भाई की बाइक से तेजाब फेंकने पहुंचा था आरोपी

## संदेह के घेरे में हर्ष, निकलवाई जा रही आठ मोबाइल नंबरों के साथ मौसेरे भाई की कॉल डिटेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** तेजाब हमले में पीड़िता के साथ झुलसे उसके मौसेरे भाई हर्ष की ही भूमिका संदेह के घेरे में है। पुलिस उससे कई बार पूछताछ कर चुकी है। वह लगातार अपना बयान बदल रहा है। आरोपी अभिषेक ने जिस बाइक से वारदात को अंजाम दिया और मुठभेड़ के समय भी उसी से जा रहा था। पुलिस की जांच में बाइक का रजिस्ट्रेशन पीड़िता के मौसा के नाम से है।

वहीं आरोपी और अभिषेक दोनों में काफी दिनों की दोस्ती थी। शुक्रवार को पीड़िता के पिता ने भी आखिरकार मौसेरे भाई की भूमिका पर सवाल उठा दिया। उन्होंने पुलिस से पूरे मामले की जांच की मांग की है। स्पष्ट कहा कि अगर मौसेरे भाई की भूमिका संदिग्ध मिले तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई हो। उन्हें ऐसे रिश्तेदार नहीं चाहिए। पुलिस मौसेरे भाई की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस किसी भी बिंदु को नजरअंदाज नहीं कर रही है।


आरोपी से बरामद बाइक।

### दोनों लखीमपुर के रहने वाले और गहरे दोस्त

अभिषेक लखीमपुर नीमगांव का रहने वाला है। पीड़िता का मौसेरा भाई भी लखीमपुर का है। वह केजीएमयू से मेडिकल का छात्र है। दोनों गहरे दोस्त हैं। पुलिस उपायुक्त पश्चिम डा. दुर्गेश कुमार के मुताबिक, मौसेरे भाई से घटना के बाद प्राथमिक पूछताछ हुई थी। इंफेक्शन के डर से अधिक पूछताछ अभी नहीं हो सकी है। हालत में सुधार होने पर पूछताछ की जाएगी। विवेचना जारी है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मामले में किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं दूसरी ओर पूर्व परिचित होने के चलते मामले में नया मोड़ जल्द ही सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, पुलिस ने इस बारे में कोई खुलासा नहीं किया है।


आरोपी अभिषेक

### जीप में काफी दूर बैठा था हर्ष

**अमृत विचार, लखनऊः** पीड़िता के पिता ने बताया कि बुधवार सुबह बेटी मौसेरे भाई से फोन पर बात करके ई-रिक्शे से निकली थी। भाई ने लोहिया पार्क के पास उससे मिलने को कहा था। बेटी वहां पहुंची तो भाई की जगह अभिषेक उससे मिला। भाई करीब 50 मीटर दूर ढाल पर थार जीप में बैठा था। आरोपी को देखते ही बेटी ने उसे फटकारा तो अभद्रता करने लगा। बात बढ़ते देख भाई जीप से निकलकर वहां पहुंचा। उसने अभिषेक को डांट-फटकार का भगा दिया। थोड़ी दूर जाने के बाद आरोपी लौट आया और बाइक की डिक्की से बोतल निकाल लिया। यह देख भाई ने युवती को घेरकर छिपाने का प्रयास किया। इसी बीच आरोपी ने तेजाब फेंक दिया। सामने क्या हो रहा है यह देखने के लिए युवती ने भाई के बांह के बीच से चेहरा बाहर किया तो तेजाब उसके चेहरे पर पड़ गया।

### दूसरी बोतल में था हाइड्रोजन पराक्साइड

**अमृत विचार, लखनऊः** पुलिस को आरोपी की गाड़ी से हाइड्रोजन पराक्साइड और सल्फ्यूरिक एसिड की बोतलें मिली हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ज्यादा ज्वलनशीलता वाला सल्फ्यूरिक एसिड हाइड्रोजन पराक्साइड के साथ ही उपलब्ध हो पता है। साजिश के तहत आरोपी हाइड्रोजन पराक्साइड डालकर युवती को डराना चाहता था। लेकिन जल्दबाजी में डिक्की से सल्फ्यूरिक एसिड की बोतल हाथ में आ गई और वही फेंककर भाग निकला। पुलिस अंदेशा जता रही है कि साजिश में शामिल व्यक्ति ने ही आरोपी को कौन से एसिड का क्या प्रभाव होता है इसकी जानकारी दी थी। पुलिस इस बारे में अलग से पूछताछ करेगी। इस बारे में डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार का कहना है कि पीड़ितों का बयान के आधार पर ही पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

## बड़ा सवाल : पीड़िता के घर में कैसे पहुंचा आरोपी

**अमृत विचार, लखनऊः** चौक पर युवती पर तेजाब फेंकने के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद वारदात में कई कड़ियां जुड़ती जा रही हैं। पुलिस को जानकारी मिली कि दो महीने से युवती के घर का चक्कर काट रहा आरोपी दहलीज के भीतर तक दाखिल हो चुका था। आरोपी और वारदात का शिकार युवती का भाई गहरे दोस्त हैं इस जानकारी के बाद पुलिस और गहराई से पड़ताल करने में जुट गई।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी युवती के घर तक किसकी मदद से पहुंचा। घटना वाले दिन युवती की लोकेशन आरोपी को कैसे पता चली। युवती का मोबाइल नंबर बिना सहमति के उसके मौसेरे भाई के फोन से आरोपी को कैसे मिला।

### इकलौते बेटे को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं भेजा

पीड़िता के पिता ने बताया कि युवती के साथ घायल मौसेरा भाई उनके दूर के रिश्तेदार का बेटा है। उसके पिता बैंक में शाखा प्रबंधक थे। ये उनकी इकलौती संतान है। उसकी आरोपी अभिषेक से गहरी दोस्ती है। अभिषेक के साथ वह भी पढ़ाई के लिए बाहर जाना चाहता था। लेकिन घरवालों ने इजाजत नहीं दी। इसलिए वह परिवार के साथ मड़ियावं में रहकर केजीएमयू से एमबीबीएस कर रहा है। बेटी से फोन ही उसकी बातचीत होती है, कभी घर नहीं आता है। घटना वाले दिन भी उसने फोन करके बेटी को लोहिया पार्क के पास बुलाया था।

पीड़िता के पिता के मुताबिक आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में चौकाने वाली जानकारियां दी हैं। उसने बताया कि तेजाब हमले में घायल मौसेरा भाई उसके बचपन का दोस्त है। शुरुआती पढ़ाई दोनों ने लखीमपुर में एक साथ की थी। आगे की पढ़ाई करने देहरादून चला गया। वहां से बीएससी करने के बाद लौटा था। इस दौरान युवती के भाई का एमबीबीएस में दाखिला हो चुका था। गहरी दोस्ती की वजह से दोनों का अक्सर मिलना जुलाना होता है। उसने पुलिस को बताया कि दो महीने से युवती के घर के चक्कर काट रहा था। घरवालों की गैर मौजूदगी में दो बार पीछे के गेट से लॉन तक गया, लेकिन अंदर घुसने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

### पेट-पीठ में जख्म होने से बैठे-बैठे सो रहा हर्ष

**अमृत विचार, लखनऊः** पीड़िता का मौसेरा भाई व केजीएमयू में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र के पेट व पीठ में जख्म हैं। इसकी वजह से वह लेट नहीं पा रहा है। बैठे-बैठे सो रहा है। छात्र का कहना है कि गुनहगार को सजा मिलनी चाहिए। युवती भी रातभर परेशान रही आंख बंद करते ही उसे हादसा याद आता है और चौंक कर जग जाती है। उसे लगता है कि उसपर कोई अस्पताल में भी हमला कर सकता है। ऐसा कहते हुए रोने लगती है। उसके कक्ष के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

# पीड़िता बोली

# आरोपी पर एसिड डाला जाए उसे भी पता चले मेरा दर्द

## केजीएमयू में चल रहा इलाज, परिजन कर रहे हालत में सुधार का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** घटना के बाद से ही पीड़िता की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। वह बार-बार एक ही बात कह रही हैं कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है फिर भी हमारी बिटिया के साथ ऐसा हुआ है। वो कहती हैं कि बेटी को आरोपी के पकड़े जाने और उसके पैर में पुलिस की गोली लगने की जानकारी दी गई तो बेटी बोली, गोली लगने से ज्यादा दर्द एसिड से होता है। ये उसे तभी पता चलेगा जब आरोपी के शरीर पर भी वही एसिड जगह जगह डाला जाए। फिर कोई दरिंदा किसी की बेटी के साथ ऐसा नहीं कर पाएगा। वहीं, पीड़िता के पिता ने कहा कि पुलिस से हमारी यही मांग है कि उसने मेरी बेटी को जिंदगी भर न भूलने वाला दर्द दिया है। उसे भी आजीवन कारावास की सजा दिलाई जाए।

### 10 दिन बाद पता चलेगा कितना घातक था एसिड

युवती और युवक का इलाज कर रहे प्रो. रवि कुमार सिंह ने बताया कि युवती के चेहरे के बाएं तरफ में आंख और गाल के साथ मुंह तक एसिड की छीटें पड़ी है। जिस कारण उसे आंख खोलने में दिक्कत हो रही है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि उसकी पुतलियां चल रही हैं। रोशनी में कोई दिक्कत नहीं आएगी। करीब 10 दिन के इलाज में पता चलेगा कि एसिड कितना मारक था। त्वचा पर कितना निशान छोड़ेगा। हालांकि, बहन से ज्यादा भाई के जख्म गहरे हैं। आगे चलकर ऑपरेशन करने की भी जरूरत पड़ सकती है। ऑपरेशन होगा या नहीं इसकी स्थिति तीन से चार दिन में साफ हो पाएगी।

### पिता बोले- टूटने नहीं देंगे बेटी का सपना

**अमृत विचार, लखनऊ** : बेटी का सपना टूटने नहीं देंगे, जिस मुकाम पर पहुंचना चाहती है, परिवार उसके साथ खड़ा है, बेटी को अब और मजबूत बनाना है। एसिड अटैक पीड़िता के पिता ने शुक्रवार को अस्पताल में हालचाल लेने पहुंचे लोगों से रुंधे गले से यह बात कही। पीड़ित पिता ने बताया कि बेटी की हालत में पहले से सुधार है। कुछ जलन हो रही है। वह हादसे को सोंच कर एकाएक चौक जाती है। इस पर उसे समझाकर शांत करा दिया जाता है। शुक्रवार को शीरोज कैफे संचालित करने वाली छांव फाउंडेशन की कॉर्डिनेशन माधवी मिश्रा ने टीम के साथ पीड़ित युवती के परिजनों से मुलाकात कर मदद का भरोसा दिया तो परिजनों ने बेटी के इलाज और उसके सपने पूरे कराने में खुद को सक्षम बताया। परिजनों ने कहा कि हिम्मत नहीं हारेंगे। युवती बार-बार शीशा देखने की जिद कर रही है, लेकिन उसे शीशा नहीं दिखाया जा रहा। डॉक्टरों का मानना है कि घाव कम होने पर शीशा देखने से इतनी परेशानी नहीं होगी। शुक्रवार को भी कई व्यापारी संगठन व संस्था के लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की।


एसिड अटैक पीड़िता के मौसेरे भाई हर्ष का हालचाल लेते व्यापारी नेता। अमृत विचार

### मिलने पहुंचे व्यापारी नेता

व्यापारी नेता संदीप बंसल, सुरेश छबलानी समेत अन्य लोग छात्रा का हाल लेने मेडिकल कालेज पहुंचे और परिवार को ढाढस बंधाया। पीड़ित पिता के मुताबिक मोहल्ले वालों ने भी उन्हें बताया था कि कई बार अभिषेक उनके घर के पास घूमता और बाइक से जाता दिखा था।

## तीन वर्षों से एसिड का दर्द झेल रहे शेर सिंह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सोते समय पिता-पुत्र पर उड़ेल दिया गया था एसिड, बेटे कि आंखों की चली गई थी रोशनी**

**अमृत विचार :** एसिड सिर्फ पीड़ित की ही जिंदगी बर्बाद नहीं करता है, बल्कि पूरे परिवार को इसका दंश झेलना पड़ता है। केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में करीब तीन साल से भर्ती एसिड अटैक पीड़ित पीलीभीत निवासी शेर सिंह आज भी उस भयावह रात को याद कर सिसकने लगते हैं।

पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव ललपुरिया निवासी 38 वर्षीय शेर सिंह अपने 14 साल के बेटे धर्मेंद्र के साथ 27 सितंबर की रात घर के आंगन में सो रहे थे। घर मे दरवाजा न होने के कारण आरोपी अंदर आकर पिता-पुत्र पर एसिड उड़ेल दिया था। गंभीर रूप से झुलसे पिता-पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से दोनों को केजीएमयू रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद धर्मेंद्र को छुट्टी दे दी गई। एसिड की वजह से धर्मेंद्र के आंखों की रोशनी चली गई है। शेर सिंह अभी भी केजीएमयू के प्लास्टिक विभाग में भर्ती हैं। इस घटना से पूरा परिवार टूट चुका है। परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। शेर सिंह का कहना है कि अज्ञात हमलावरों ने एसिड उड़ेला था। हालांकि, इस मामले में पुलिस ने शेर सिंह के पिता को ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया था।

### एक नजर

#### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार गंभीर, ट्रॉमा रेफर

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार अधेड़ गंभीर घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार दोपहर काकोरी कस्बा निवासी रामरतन रावत (55) स्कूटी से जलौली स्थित बेटी आरती के घर जा रहे थे। माल-भरावन रोड पर जलौली मोड़ के पास पीछे आये वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दिया। हादसे में स्कूटी सहित बुजुर्ग उछल कर सड़क के दूसरे साइड में जा गिरा। वह गम्भीर घायल हो गये। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन समेत भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के बुजुर्ग हेलमेट नहीं पहने थे।

#### हरा पेड़ काटने से मना करने पर युवक को पीटा, रुपये छीने

**अमृत विचार, बीकेटी :** थाना अंतर्गत नशे में धुत आरोपियों ने हरा पेड़ काटने से मना करने पर युवक को पीटने का मामला सामने आया है। कैलाश चंद्र दुबे के मुताबिक, रामपुर देवरई निवासी अरविंद ने प्रार्थना-पत्र दिया। आरोप है कि गांव निवासी रामराज यादव साथियों के साथ शराब के नशे में गांव के बाहर खड़ा था। उधर अरविंद पहुंचा तो उसे रोक कर हरा पेड़ काटने का दबाव बनाने लगे। अरविंद ने बात मानने से मना किया तो डंडे से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। पीड़ित ने मोबाइल फोन समेत तीन हजार रुपये छीनने का भी आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर के मुताबिक, घायल का मेडिकल कराया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आलमबाग : रेलवे क्वार्टर में मिला टेक्नीशियन का शव

संवाददाता, लखनऊ/ आलमबाग

**अमृत विचारः** आलमबाग क्षेत्र स्थित कॉलोनी के क्वार्टर में राजस्थान निवासी रेलवे टेक्नीशियन का शव मिला। दुर्गंध आने पर पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में करंट से मौत होने की पुष्टि हुई है।

इंस्पेक्टर शिव शंकर महादेवन के मुताबिक, मूलतः राजस्थान के भरतपुर निवासी स्वरूप जाटव रेलवे विभाग में डीजल शेड में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत थे। वह क्षेत्र में रेलवे की बीजी कॉलोनी के क्वार्टर में अकेले रहते थे। गुरुवार देर शाम दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो उनका शव फर्श पर मिला। पास में ही हीटर व केबल मिला। पुलिस ने प्रथम दृष्टया करंट से मौत होने की आशंका जताई है। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंचे परिजन से पूछताछ के बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिवार में पत्नी सुनीता व दो बेटे गौरव और धनंजय हैं। पोस्टमार्टम हाउस सूत्रों के अनुसार करंट रिपोर्ट में करंट से मौत होने की बात सामने आई है।

### मनोरंजन कर विभाग से सेवानिवृत्त चालक का गोमती नदी में मिला शव

**अमृत विचार , लखनऊ :** हजरतगंज क्षेत्र स्थित गोमती नदी में मनोरंजन विभाग से सेवानिवृत्त चालक का शव मिला। परिजन ने बीमारी से तनाव में होने व बिना बताये घर से निकलने की बात कही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस आत्महत्या की बात कह रही है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के एकलव्य नगर बालू अड्डा निवासी गोपीचंद (67) मनोरंजन कर विभाग में चालक पद से सेवानिवृत्त थे। बेटे कपिल का कहना है कि शुक्रवार दोपहर लगभग 3 :00 बजे वह घर से बिना बताए कहीं चले गए। शाम तक जब वापस घर नहीं लौटे तो तलाश शुरू की। पता चला कि घर के पास भैसा कुंड के पास गोमती नदी में एक शव मिला है। तब तक मौजूद लोगों ने पुलिस के घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव गोताखोरों की मदद से निकलवाया। कपिल ने मौके पर पहुंचकर की शव शिनाख्त पिता के रूप में की। बताया कि कुछ समय से पिता बीमारी के चलते काफी तनाव में रहते थे। उसने आरोप से मना किया है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## सास-बहू में विवाद, पति ने पत्नी को घर से निकाला

**अमृत विचार, लखनऊः** महानगर क्षेत्र सास-बहू के बीच हुए विवाद के बाद पति द्वारा पत्नी को बेल्ट से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

पेपर मिल कॉलोनी निवासी सपना रावत ने बताया वह मायके जाना चाहती थी। सास ने बच्चों को ननिहाल भेजने से मना कर दिया। इसको लेकर बहस हो गई। सास ने मायके में जाकर चरित्र हीनता करने का आरोप लगा दिया। इस पर उसने नाराजगी जताई। तभी पति विकास पहुंचा और मम्मी से बहस करेगी बोल बेल्ट से पीटना शुरू कर दिया। महिला के पिता का आरोप है कि दामाद ड्राइवर है। बेटी को काफी चोटें लगी हैं। बेटी को घर सेभी निकाल दिया गया।

## फोरमैन की लापरवाही से लगी थी सिटी बस में आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**सिटी बस के एमडी आरके त्रिपाठी ने दुबग्गा डिपो के फोरमैन प्रवेश कुमार को निलंबित किया**

**अमृत विचार :** चौक में बीते तीन जुलाई को सीएनजी सिटी बस में आग फोरमैन की लापरवाही से लगी थी। इस मामले की जांच रिपोर्ट आने पर सिटी बस एमडी आरके त्रिपाठी ने दुबग्गा सिटी बस डिपो के फोरमैन प्रवेश कुमार को निलंबित कर दिया।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार बस के पीछे लगे इंजन में नीचे प्रोपेलर सॉफ्ट को समय रहते नहीं बदला गया। ऐसे में साफ्ट टूटकर सड़क पर गिर गया और रगड़ लगने से उठी चिंगारी से सीएनजी सिटी बस आग की चपेट में आ गई।


चलती सिटी बस में लगी आग
सवारियों ने कूद कर बचाई जान

बताते चले कि लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के दुबग्गा डिपो की सीएनजी बस संख्या यूपी 32 सीजेड 6689 माल से घंटाकर के बीच चलती थी। 3 जुलाई बुधवार को दोपहर बस बालागंज पहुंची तो इसके पिछले हिस्से से अचानक धुआं उठा और देखते ही देखते आग की लपटें दिखने लगी। ऐसे में चालक ने बस को सड़क किनारे रोक दिया। इस दौरान बस में सवार इक्का-दुक्का यात्री और परिचालक कूद कर भाग निकले। इस घटना में बस का पिछला हिस्सा जल गया था। इसमें किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई थी।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय– सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय– सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

अमृत विचार, लखनऊ : भिटौली रेलवे क्रासिंग पर शुक्रवार को ईयरफोन लगा कर जा रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की शिनाख्त का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। आसपास के इलाकों में पता लगाया जा रहा है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि देर शाम की घटना है। राहगीरों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के किनारे से ईयर फोन लगाकर युवक मड़ियांव की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आई ट्रेन की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कई बार हार्न देने के बाद भी युवक ट्रैक से नहीं हटा। इंस्पेक्टर ने बताया 72 घंटे के लिये शव मोर्च्युरी में रखवाया गया है।

### ट्रक के पहिये के नीचे आये ट्रांसपोर्टर की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर क्षेत्र में ट्रक बैक करते समय पहिया के नीचे आने से ट्रांसपोर्टर की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, तालकटोरा क्षेत्र के राजाजीपुरम निवासी सुरेश मिश्रा के बेटे अतुल मिश्रा (27) का सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदाम है। गुरुवार देर रात गोदाम पर एक ट्रक सामान लेकर आया था। अतुल ट्रक के पीछे खड़े थे। तभी चालक ने ट्रक बैक करने लगा। इससे अतुल पिछले पहिये के नीचे आकर गंभीर घायल हो गए। कर्मचारियों ने अतुल को आनन फानन लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### आशियाना क्षेत्र में छात्र को पीटा, लूटी चेन

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना क्षेत्र में गुरुवार रात नीट की तैयारी कर रहे छात्र को लोगों ने सड़क किनारे बाथरूम करने का विरोध कर पीट चेन लूट ली। आशियाना चौकी प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया सेक्टर आई में रहने वाला सूरज सिंह कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि गुरुवार रात घर का सामान लेने सेक्टर आई पेट्रोल पंप के पास गया था। इसी दौरान सड़क किनारे बाथरूम करने लगा। इस पर बगल में बने मकान में रहने वाले परिवारों ने उसे पीट दिया। इसके साथ ही युवकों ने चेन भी लूट ली। चौकी प्रभारी ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# कर्मचारियों से चोरी कराए आयकर विभाग के चेक गुजरात में लगाए, आठ गिरफ्तार

## 16.58 करोड़ उड़ाने की साजिश : गिरफ्तार आरोपियों में तीन मुंबई, एक गोवा और चार लखनऊ के

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू के 120 करोड़ उड़ाने वाले जालसाजों से जुड़े हैं गिरोह के तार

**अमृत विचार :** आयकर कार्यालय से चेक चुराकर भुनाने की कोशिश में हजरतगंज पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर चौंकाने वाला खुलासा किया है। दरअसल चेक दो कर्मचारियों (चपरासी) ने चुराए। उन्होंने यह चेक एकेटीयू के 120 करोड़ उड़ाने में गिरफ्तार राजेश को दिए। उसने अपने साथी के जरिए चेक मुंबई में हरेश को भेजा जिसके चार साथियों ने गुजरात में खाता खुलवाकर चेक भुनाने की कोशिश की। चूंकि इन चेक से भुगतान पर रोक लगाई जा चुकी थी, लिहाजा वे कामयाब नहीं हो पाए।

आयकर कार्यालय के डिप्टी डायरेक्टर सुधाकर पांडेय ने चार मई को हजरतगंज थाने में 16.58 करोड़ के दो चेक चोरी होने का मामला दर्ज कराया था। हजरतगंज पुलिस ने जांच के आधार पर 20 जून को मुंबई डोंबीवली दावड़ी से हरेश जोशी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि आयकर कार्यालय में संविदा पर चपरासी बने कैंट निवासी रंजीत और चारबाग निवासी अंशु ने वरिष्ठ अधिकारी की अलमारी से दो चेक चुराए। उस पर मारुति सोलर रिन्यूएबल एनर्जी का नाम और रकम लिखी। फर्जी हस्ताक्षर कर मोहर लगाई। दोनों ने चेक राजेश बाबू को दिए जो इस वक्त एकेटीयू के 120 करोड़ उड़ाने के मामले में जेल में है।

राजेश ने दोनों चेक कृष्णानगर निवासी संजय अग्रवाल को दिए। संजय ही चेक मुंबई में हरेश को भेजा। चेक मिलने के बाद हरेश के साथी गोवा निवासी कुश वर्मा, मुंबई वरली निवासी रणजीत, अंधेरी निवासी सत्य प्रकाश रामजी और गोमतीनगर निवासी विशाल कुमार के साथ मिलकर गुजरात की एक बैंक में चेक पर लिखी कंपनी के नाम से खाता खुलवाया। भुगतान के लिए चेक लगाने पर पता चला कि चेक पर रोक लगाई गई है। हरेश की निशानदेही पर पुलिस ने कई जगह दबिश देकर सभी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेजा।

**रिमांड पर लिया जाएगा राजेश बाबू :** डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने बताया कि जालसाज गिरोह के कुछ अन्य सदस्य की तलाश की जा रही है। पूछताछ के लिए पुलिस राजेश बाबू को रिमांड पर भी लेगी।

### राजेश सूत्रधार, गुजराज में है मास्टरमाइंड

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ रुपये उड़ाने के मामले में जेल में बंद उन्नाव निवासी प्रोड्यूसर राजेश बाबू आयकर कार्यालय से 16.58 करोड़ के चेक चोरी के मामले का सूत्रधार है। लीटेक्निक में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात रह चुके राजेश ने कोविड काल में फिल्म भी बनाई थी। एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ उड़ाने के लिए राजेश ने ही गिरोह बनाया था। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह का मास्टर माइंड गुजरात में है। राजेश उसका खास गुर्गा है। राजेश ने उसी के इशारे पर नोएडा विकास प्राधिकरण के खाते से एफडी बनाने के नाम पर 200 करोड़ रुपये उड़ाए थे। इस मामले में वह जेल भी गया था। जमानत पर रिहा होने पर वह फिर से ठगी करने लगा था। इस गिरोह ने कई सरकारी व गैर सरकारी बड़ी संस्थाओं को निशाना बनाया है। यह गिरोह संस्थाओं के कर्मचारी की मदद से चेक व एफडी हासिल कर रकम की हेराफेरी करता है।

# पीजीआई कर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 4.10 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पार्सल में आपत्तिजनक सामान व गैर कानूनी लेनदेन की बात कहकर साइबर ठगों ने एसजीपीजीआई की महिलाकर्मी को डिजिटल अरेस्ट कर 4.10 लाख रुपये ठग लिए। पीड़िता ने पीजीआई थाने में मामला दर्ज कराया है।

एसजीपीजीआई के सीनियर रेसिडेंट अनेथिसिओलॉजी विभाग में काम करने वाली शिप्रा सिंह ने बताया कि तीन दिन पहले एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली कस्टम विभाग का अधिकारी बताया। कहा कि आपके नाम से एक पार्सल आया है जिसमें गैर कानूनी सामान है। कस्टम अधिकारी ने कॉल दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर कर दी। वहां से मनी लांड्रिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के अरेस्ट वारंट जारी होने की सूचना दी गई। डिजिटल अरेस्ट कर बोला कि खाते में जो भी रुपए हैं, उन्हें ट्रांसफर कीजिए। ताकि मनी लांड्रिंग की जांच हो सके। जालसाज ने 4.10 लाख रुपए ट्रांसफर कराए। संदेह होने पर शिप्रा ने पुलिस से शिकायत की।

# दो पुलिसकर्मियों समेत चार के खाते से 87 हजार उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीजीआई, पारा, जानकीपुरम और सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज

**अमृत विचार :** जालसाजों ने दो पुलिसकर्मियों समेत चार लोगों के खाते से 87 हजार रुपये साफ कर दिए। पीजीआई, पारा, जानकीपुरम और सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

अभियोजन शाखा में तैनात सिपाही पूनम यादव का मोबाइल अचानक बंद हो गया। काफी प्रयास के बाद ऑन हुआ। इस बीच मोबाइल हैक कर कई परिचितों को कॉल कर रुपए मांगे। महिला सिपाही सीमा ने 10 हजार भेज भी दिए। पीड़ित सिपाही पूनम ने पारा थाने में मामला दर्ज कराया है।

वहीं दूसरी ओर जानकीपुरम सेक्टर- 6 निवासी हेड कांस्टेबल राहुल सिंह डीसीपी उत्तरी कार्यालय में तैनात हैं। उनके पास एक कॉल आई। जालसाज ने ग्रीन गैस कर्मी बन पेमेंट न होने की बात कहीं। एप डाउनलोड कराया। मैसेज चेक किया तो खाते से 18,083 रुपए गायब थे।

इसके अलावा तेलीबाग के चंद्र विहार इलाके में ज्योति कुमारी के फोन पर दो दिन पहले एक मैसेज आया जिसमें एक्सिस बैंक में नौकरी लगने की बात कही। कॉल की तो गूगल पर 30 रुपए शुल्क देकर फार्म भरने के लिए कहा। ज्योति ने लिंक ओपन किया तो मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद जालसाज ने उनके खाते से 49 हजार रुपए पार कर दिए। पीड़िता ने पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उधर, अमौसी के नवविहार कालोनी निवासी अरुणेश कुमार सिंह ने बताया कि साइबर जालसाज ने उनके एचडीएफसी खाते से 9992 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# पशु पकड़ने पर टीम से भिड़े डेयरी संचालक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोबर से नालियां चोक होने पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने अवैध डेयरी के खिलाफ अभियान चलाया तो गीता पल्ली में पशुओं को पकड़ने पर टीम से संचालक भिड़ गए। अभद्रता करते हुए नोकझोंक की। जिन्हें पुलिस बल ने शांत कराया। इस विरोध के बीच 23 पशु पकड़े गए।

शुक्रवार सुबह वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ कृष्णा नगर जोन-5 अंतर्गत गीता पल्ली व आसपास जलभराव व सफाई का निरीक्षण किया था। इस दौरान कुछ जगह नालियां चोक मिलीं। लोगों ने शिकायत की। कहा आसपास अवैध डेयरी से नालियों में गोबर बहाया जाता है इससे नालियां चोक हैं। इस पर वित्त मंत्री ने नगर निगम को कार्रवाई के निर्देश दिए। कुछ देर बाद कैटल कैचिंग पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव के साथ पहुंची। और अवैध डेयरी हटाने के साथ पशुओं को पकड़ना शुरू किया। इस बीच संचालकों ने आसपास के लोगों को इकट्ठा कर टीम से अभद्रता की और भिड़ गए। विरोध के बीच टीम ने 15 गाय, सात भैंस व एक बछिया पकड़ और आलमबाग स्थिति कांजी हाउस में निरुद्ध की। अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार कार्रवाई करके छोड़ेंगे।



गीता पल्ली में नगर निगम की टीम व पुलिस से बहस करती महिला। अमृत विचार

- मंत्री के निर्देश पर नगर निगम ने भेजी थी टीम
- पुलिस ने कराया शांत, विरोध के बीच 23 पशु पकड़े

# सोलर वॉटर हीटर लगाने का झांसा देकर ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोज शिक्षण संस्थान में सोलर वॉटर हीटर लगाने के नाम पर फर्म मालिक से एक लाख रुपये की ठगी हुई। संस्थान के प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि मेसा इंटरप्राइजेज के विजय अवस्थी निवासी सेक्टर -4 विकासनगर ने सोलर वॉटर हीटर लगाने के साथ ही 500 लीटर एलपीडी सोलर वॉटर हीटर सिस्टम का कोटेशन दिया। माल खरीदने के लिए 1 लाख रुपए एडवांस मांगा। प्रवीण ने संस्थान के खाते से 1 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। दो दिन में कोई काम न होने पर पीड़ित प्रवीण ने कॉल की तो नंबर लगातार बंद मिला। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की। इसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने विजय अवस्थी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# जज की पत्नी को बेच रहे थे सरकारी जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रीती नगर हाउसिंग सोसायटी के सचिव समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** जालसाजों ने ग्वालियर हाईकोर्ट के जज की पत्नी को सरकारी जमीन बेचने की कोशिश की। बैनामा तक करा दिया। राजस्व विभाग ने जब उसे सरकारी संपत्ति घोषित की तो पीड़िता को धोखाधड़ी का पता चला। हजरतगंज कोतवाली में सोसायटी के सचिव समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, गोमतीनगर निवासी जज राजेंद्र कुमार की पत्नी सरला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वर्ष 2009 में आलमबाग निवासी प्रीती नगर कार्पोरेटिव हाउसिंग सोसायटी के सचिव सूर्यपाल ने बिजनौर में एक भूखंड बिक्री के संबंध में उनसे संपर्क किया। भूखंड का बैनामा कराने से पहले सोसायटी के सचिव के अलावा अन्य पदाधिकारी नईम अंसारी, राकेश श्रीवास्तव एडवोकेट, देवेन्द्र कुमार गुप्ता निवासी थाना, हुसैनगंज और निबंधन कार्यालय के लेखक इफ्तिखार अली उनके तत्कालीन आवास सी-60 बटलर पैलेसपहुंचे थे। आरोपियों ने जमीन सोसायटी के नाम दर्ज बताई थी। यह भी कहा था कि जमीन को लेकर कोई विवाद नहीं है। यदि कोई विवाद होगा तो वह लोग जिम्मेदार होंगे।

बातों पर भरोसा कर उन्होंने भूखंड का बैनामा करा लिया। कुछ दिन बाद पता चला कि राजस्व अफसरों ने उस जमीन को सरकारी संपत्ति घोषित कर दी है। सरला का आरोप है कि मांगने पर आरोपियों रुपये वापस करने में टाल मटोल करने लगे। अब रुपये लौटाने से इनकार कर रहे हैं। दबाव बनाने पर जान माल की धमकी दे रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया सोसायटी के सचिव समेत पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्वालियर से मामला लखनऊ ट्रांसफर

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया जज राजेंद्र कुमार वर्तमान में मध्यप्रदेश के ग्वालियर हाईकोर्ट में न्यायाधीश हैं। वहीं पर रहते हैं। उन्होंने ग्वालियर स्थित विश्वविद्यालय थाने में मामला दर्ज कराया था। चूंकि मामला लखनऊ से जुड़ा है। इसलिये ग्वालियर पुलिस ने मामला लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली को ट्रांसफर किया है।

# प्रमोशन के लिए मांगी रिश्वत, मंत्री ने दिया एफआईआर का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में प्रवक्ता हैं शिकायतकर्ता और आरोपी
- निदेशालय का एक कर्मचारी भी जांच के दायरे में
- लखनऊ में तैनात प्रवक्ता द्वारा 1.50 लाख रुपये लेने की शिकायत हुई
- रुपये वापस मांगने पर शिकायतकर्ता को धमकाया

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण बालिका विद्यालय रैन, रायबरेली में अर्थशास्त्र की प्रवक्ता शालू कमल ने प्रमोशन के लिए डेढ़ लाख रुपये रिश्वत मांगने की शिकायत की। विभागीय मंत्री असीम अरुण से मिलकर शिकायत की। जिस मंत्री ने तत्काल एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है।

प्रवक्ता शालू ने मंत्री असीम अरुण को बताया कि दो प्रवक्ताओं से प्रमोशन के लिए 1.50 लाख रुपये रिश्वत लेने की शिकायत की है। उन्होंने जय प्रकाश नारायण बालिका विद्यालय लखनऊ की प्रवक्ता शिक्षिका पूनम वर्मा पर आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर विभागीय मंत्री ने पुलिस आयुक्त, लखनऊ को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर निष्पक्ष विवेचना कराने के लिए पत्र लिखा है। शिकायतकर्ता शिक्षिका शालू ने बाजार खाला पुलिस को प्रार्थना पत्र के साथ कुछ साक्ष्य भी सौंपा है।

**निदेशालय के कुछ लोगों की संलिप्तता आई सामने :** प्रवक्ता शालू ने बताया कि काम नहीं होने पर जब रुपये वापस मांगे तो पूनम ने कहा कि 'पैसा हमने नागेन्द्र सर की जिम्मेदारी पर लिया था, बहस करोगी तो नौकरी के लाले पड़ जायेंगे'। शालू के अनुसार, रुपये लेते समय पूनम ने कहा था कि 'निदेशालय के सारे अधिकारी उसका कहना मानते हैं और सारा काम ले-देकर करवा दूंगी'।

लम्बे समय के बाद प्रधानाध्यापकों के प्रमोशन हुए हैं। इसके लिए पूर्ण पारदर्शिता अपनाने की कोशिश की गई है। जिस भी कर्मचारी ने पैसा लिया है उसके खिलाफ आपराधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि और किसी के पास ऐसी शिकायत हो तो तत्काल मिलें।

-असीम अरुण, मंत्री, समाज कल्याण

### फरवरी में होना था प्रमोशन

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में शालू ने बताया है कि फरवरी 2024 में उनके साथ कई अन्य शिक्षिकाओं का भी प्रमोशन होना था। फरवरी में ही शिकायतकर्ता शालू की मुलाकात आरोपी शिक्षिका पूनम वर्मा से हुई। शालू का आरोप है कि इस दौरान पूनम ने प्रमोशन करवाने के लिए लखनऊ स्थित आवास पर आकर मिलने के लिए कहा। 14 फरवरी को लखनऊ में मुलाकात के बाद पूनम को 75 हजार रुपये नकद और 25 हजार रुपए ऑनलाइन देने की बात प्रार्थना पत्र में लिखी है। पूनम द्वारा वाराणसी में नियुक्त एक अन्य प्रवक्ता रागिनी सिंह से भी 50 हजार रुपए लेने का जिक्र शिकायती पत्र में है।

# एमआर के घर से चोरों ने गहने व नकदी समेत 6.50 लाख चुराये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज में चोरी का सामान बैग में भर भागते दिखे दो आरोपी
- इंदिरानगर क्षेत्र की घटना रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** इंदिरानगर क्षेत्र में बीमार सास को देखने परिवार के साथ गये एमआर के घर से चोरों ने गहने व नकदी समेत करीब 6.50 लाख रुपये का सामान पार कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसमें दो आरोपी दीवार फांद कर घर में घुसकर बैग में सामान चुराकर निकलते दिख रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, सूर्या सिटी निवासी राजा राय ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह मल्टीनेशनल कंपनी में एमआर हैं। गुरुवार रात उनकी सास की तबीयत खराब होने पर घर में ताला डालकर परिवार के साथ सेक्टर-12 स्थित ससुराल चले गए। शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे घर पहुंचे तो घर का दरवाजा और आलमारी का लॉक टूटा मिला। राजा ने बताया कि चोर मुख्य दरवाजे को तोड़ने के बजाए बगल के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे। बताया कि करीब 5 लाख के गहने और डेढ़ लाख रुपये नकदी चुरा ले गये। पुलिस का कहना है मामला दर्ज किया है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास है।



### नकाबपोश चोर बाउंड्री फांदकर घर में घुसे

राजा ने बताया कि दो आरोपी घर में घुसे। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। राजा राय ने बताया कि रात करीब 1.56 बजे चोर बाउंड्री वाल फांदकर घर में घुसते दिखे हैं। आरोपी मुंह पर कपड़ा बांधकर चोरी करने पहुंचे थे। एक बैग में सामान रखकर भागते दिख रहे हैं। चोरों ने चेन, नथ, बच्चे की नथ, अंगूठी और कान के झुमके पार कर दिये।

# प्रिंसिपल पर अभद्रता का आरोप, राज्यपाल से शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज इलाके में स्थित एक महाविद्यालय के प्रिंसिपल के खिलाफ छात्रा ने राज्यपाल को पत्र भेजकर शिकायत की। आरोप है कि परीक्षा के दौरान प्रिंसिपल ने उसके साथ अभद्रता की। विरोध करने भविष्य खराब करने की धमकी दी। छात्रा का आरोप है कि पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने के बाद भी इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। त्रिवेणीनगर इलाके में रहने वाली युवती ठाकुरगंज स्थित एक महाविद्यालय में बीजेएमसी की छात्रा है। छात्रा का आरोप है कि 3 जून को अंतिम पेपर था। पेपर अंग्रेजी में आया था। इस पर आपत्ति की तो प्रिंसिपल और अन्य शिक्षकों ने उसके साथ अभद्रता की। आरोप है कि प्रिंसिपल ने गलत नियत से उसके कंधे पर हाथ रखते हुए कमरे से बाहर करने के लिए धक्का दिया। धमकी दी और गालियां देते हुए कहा कि सारी पत्रकारिता निकाल दूंगा। वहां मौजूद शिक्षकों ने उसे घसीटते हुए कमरे से बाहर कर दिया। पीड़िता ने इसकी शिकायत राज्यपाल से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### डॉक्टर पर युवती का फोटो वायरल करने की एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर इलाके के एक निजी अस्पताल में तैनात डॉक्टर पर युवती ने पीछा करने और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। गोमतीनगर विस्तार निवासी पिता के मुताबिक प्रतिष्ठित हॉस्पिटल में तैनात डॉ. जिया खान काफी दिनों से बेटी का पीछा कर रहा है। सोशल मीडिया पर युवती के लिए गलत पोस्ट किए, जिसके बाद फोटो वायरल कर दी। विरोध पर युवती का चेहरा खराब करने की धमकी देने लगा। आरोपी ने इंस्टाग्राम और फेसबुक पर युवती के नाम से फर्जी आईडी भी बनाई है। पीड़िता के पिता ने डीसीपी पूर्वी से मामले में शिकायत की। उनके आदेश पर गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### युवती की फोटो व वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती की अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक क्षेत्र निवासी युवती ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उसकी बहन की फेक आईडी बनाई है। बहन की फोटो और वीडियो एडिट कर वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया मामला दर्ज किया है। सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### ट्रेवल एजेंसी संचालक पर रुपये हड़पने का आरोप

**अमृत विचार, आलमबाग :** मानकनगर क्षेत्र निवासी सपा नेता ने ट्रेवल एजेंसी संचालक पर एक लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर अजीत सिंह के मुताबिक, समाजवादी पार्टी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजलाल जाटव ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया पार्टी की पीडीए यात्रा के लिए उन्होंने जनवरी माह में बाराबिरवा नहर चौराहा स्थित अंशी राजश्री जिया ट्रेवेल्स में एक लाख रुपये का भुगतान कर बस बुक कराई थी। संचालक शिवम एवं विनोद को एक लाख रुपये भुगतान किया था। आरोप है कि संचालक ने न बस भेजी और न ही रुपये वापस कर रहे हैं। पैसे मांगने पहुंचे तो एजेंट ने जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सूबेदार की भांजी का एसी बस से ट्रॉली बैग चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग :** आलमबाग बस अड्डा से मथुरा जाने वाली एसी बस से सूबेदार की भांजी का ट्रॉली बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर शिव शंकर महादेवन के मुताबिक सूबेदार अनिल कुमार सिंह ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया गुरुवार सुबह करीब 8 :30 बजे आलमबाग बस अड्डा की बस में भांजी को मथुरा जाने वाली एसी बस पर बैठाने आए थे। उसे यूपी-78 एफटी 8313 में बैठाया था। परिचालक से पूछने के बाद भांजी का ट्रॉली बैग केबिन के अन्दर रखा। इसके बाद परिचालक से अनुमति लेकर टायलेट चले गये। जहां से करीब पांच मिनट में लौटे तो ट्रॉली बैग गायब मिला। बताया बैग में भांजी की किताबें, कपड़े व अन्य कीमती सामान था।

### चोरी के कई मोबाइल समेत लैपटॉप संग धरा गया चोर

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई पुलिस ने मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने वाले आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में चोरी कर आसानी से निकल जाता था। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी की पहचान प्रताप यादव निवासी उठरटिया, पीजीआई के रूप में हुई। उसके कब्जे से चोरी के 27 मोबाइल फोन, जिनकी कीमत लगभग 6 लाख और 2 टैबलेट बरामद किये गये। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के खेड़ा निवासी गोलू सोनवानी का आरोप है कि गुरुवार रात घर के पास खड़े थे। तभी राजू, राज, अमरजीत और राजू की पत्नी ने गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने पीट दिया। भाई औशिवचरण और भाभी राम रानी बचाने आये तो उन्हें भी पीटा। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले। पुलिस ने जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

### मारपीट करने के साथ दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनी नगर :** क्षेत्र निवासी युवक ने युवक और दुबई में रहने वाले उसके भाई पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, अमौसी निवासी अरशद ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 21 जून की रात अवध विहार कॉलोनी स्थित होटल पर गए थे। जहां अब्दुल ने उसके प्रोफेशन पर टिप्पणी की। उसने विरोध किया तो आरोपी ने दुबई में रहने वाले अपने भाई एनुल से बात कराई। तो उसने पीड़ित को गाली गलौज करते हुये जान से मरवाने की धमकी दी। अरशद ने आरोपियों से जान का खतरा बताया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

## अदलत

### अपंजीकृत रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स पर कार्रवाई का ब्योरा तलब, हाईकोर्ट ने कहा–

# 10 दिनों में जवाब दें या हाजिर हों एलडीए के वीसी और सचिव

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रेरा में पंजीकरण कराए बिना राजधानी में चल रहे रियल इस्टेट प्रोजेक्ट्स पर की गई कार्रवाई का ब्योरा तलब किया है। याचिका दायर होने के एक माह बाद भी कोई जवाब न देने पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि दस दिनों में जवाब दे या फिर एलडीए के वीसी व सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अगली सुनवाई पर हाजिर होकर बताएं कि वे सुनवाई में सहयोग क्यों नहीं कर रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने कैलाश चंद्र पांडेय की जनहित याचिका पर पारित किया। याची की ओर से अधिवक्ता अपूर्व तिवारी ने दलील दी कि रेरा व एलडीए में शिकायतें की गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं रेरा की ओर से जवाब दिया गया कि ऐसे 500 प्रोजेक्ट्स को नोटिस जारी किया गया है। हालांकि इस जवाब से न्यायालय संतुष्ट नहीं हुआ। न्यायालय ने रेरा को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि याची की शिकायत पर क्या कार्रवाई की गई। वहीं एलडीए की ओर से अब तक कोई जवाब न आने पर नाराजगी प्रकट की।

### आठ हफ्ते में पूरी करें चोरी के फर्जी मामले में फंसाने की जांच

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एसपी रायबरेली अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार करने पर चोरी के फर्जी मामले में फंसाने के मामले में जांच के लिए गठित एसआईटी को आठ सप्ताह में जांच पूरी करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि जांच रिपोर्ट सील कवर में दाखिल की जाए। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने गोमती मिश्रा की याचिका पर दिया। याची का कहना है कि उसके बेटे अलख मिश्राको चोरी के फर्जी केस में सिर्फ इसलिए गिरफ्तारी दिखा दी गई क्योंकि उसने रायबरेली के एसपी अभिषेक अग्रवाल को टैक्सी देने से इंकार कर दिया था। याची का आरोप है कि उसके बेटे को 30–31 मार्च की रात को पुलिस ने पकड़कर थाना खीरो में मारा–पीटा। अगले दिन 31–1 की रात हिंदूपुर गांव में चोरी के दौरान गिरफ्तारी दिखाई।

न्यायालय ने पिछली सुनवाई पर ही पुलिस महानिदेशक मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराने का आदेश दिया था। यह भी कहा था कि एसआईटी में ऐसे अधिकारी रखे जाएं जो एसपी अभिषेक अग्रवाल व मामले में शामिल अन्य पुलिस अधिकारियों से वरिष्ठ हों।

- एसपी को टैक्सी देने से इंकार करने पर दर्ज कराई गई थी एफआईआर



# हाईकोर्ट को नीतिगत मामलों में दखल का अधिकार नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- जाति-धर्म के बजाय आर्थिक आधार पर लाभकारी योजनाओं का लाभ देने की मांग की थी

**अमृत विचार :**हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा है कि वह ऐसा आदेश नहीं दे सकती कि केंद्र व राज्य सरकार एससी, एसटी, ओबीसी या अल्पसंख्यक होने के आधार पर नहीं बल्कि आर्थिक आधार पर लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दें। न्यायालय ने कहा कि यह नीतिगत मामला है और अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने सत्य नारायण शुक्ला व अन्य की ओर से वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को दिए निर्णय में स्पष्ट किया कि कोर्ट के हाथ नीतिगत मामलों में बंधे होते हैं और यह क्षेत्राधिकार विधायिका अथवा कार्यपालिका का है। कहा कि यदि याची चाहें तो समस्त दस्तावेजों के साथ वे अपनी बात सरकार या फिर सांसद-विधायकों के समक्ष रख सकते हैं।

याचिका में मांग की गई थी कि जाति या धर्म के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाना संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत प्रदत्त समानता के अधिकार का उल्लंघन है। लिहाजा संबंधित सरकारों को आदेश दिया जाए कि मात्र आर्थिक आधार पर ही लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

## एक नजर

### 20 जुलाई को होगी कंपार्टमेंट परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड की कंपार्टमेंट परीक्षा की तिथि जारी हो गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने पत्र जारी करते हुए बताया कि 20 जुलाई को 10वीं और 12वीं की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर करा लें। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश बोर्ड की ओर से जारी करते हुए कहा गया है कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही का सामना न करना पड़े।

### लविवि : 29 कोर्स का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 29 कोर्स के परीक्षाफल घोषित किए गए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि कोर्स में बीकॉम, बीवीए, एमपीए, बीएससी एग्रीकल्चर, बीए योगा, बीएससी योगा, एमए, एमएससी, पीजी डिप्लोमा, एलएलबी, बीए (नैप), एमएससी कंप्यूटर कोर्स शामिल हैं। परीक्षाफल का संपूर्ण विवरण विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### विधि विवि : मेधावी देंगे सफलताओं के टिप्स

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में मेधावी नए सत्र के छात्रों को सफलताओं के टिप्स देंगे। इसको लेकर विधि विवि अतिरिक्त व्यवस्थाएं देने की योजना बना रहा है। विवि के प्रवक्ता प्रो. शशांक शेखर का कहना है कि वैसे तो हर वर्ष सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को क्लास व अन्य माध्यमों से सफलता की जानकारी देते रहे हैं, लेकिन इस बार व्यवस्था को विस्तार दिये जाने का विचार है। मेडल और प्रमाण पत्र पाने वाले छात्रों के माध्यम से नए सत्र में शामिल छात्रों को विशेष जानकारियां दी जाएंगी।

### लखनऊ विवि: शिवम बने प्रशासनिक अधिकारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग, 2021 बैच के छात्र शिवम सक्सेना का द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर 15 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने शिवम को उनकी इस उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी।

### पहली मोहर्रम 8 को

अमृत विचार, लखनऊ : पुराने शहर में मोहर्रम की तैयारी तेजी से चल रही है। 8 जुलाई को पहली मोहर्रम है। पहली से 9वीं मोहर्रम तक विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित इमामबाड़ा नाजिम साहब में सुबह 9 बजे से मजलिसों का सिलसिला शुरू होगा। अंजुमन अब्बासिया कदीम व एनुल हयात ट्रस्ट की देख-रेख में मजलिसों का आयोजन होगा।

# रोजगार के साथ नवाचार देगा कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स

## पुनर्वास विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू हुआ एक वर्षीय कोर्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय दिव्यांग और आमजन के लिए कम्युनिकेटिव इंग्लिश कोर्स आरंभ करने जा रहा है। इसकी मदद से रोजगार और नवाचार मिलेगा। नए सत्र से शुरू होने वाले इस कोर्स की मदद से पठन, लेखन और वाचन कौशल और शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

विवि प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि जो पाठ्यक्रम पुनर्वास आरंभ करने जा रहा है, वो देश के किसी भी दिव्यांग विश्वविद्यालय में नहीं है। नए सत्र में छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं में सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिकेटिव इंग्लिश को सम्मिलित किया है। एक वर्षीय वर्किंग प्रोफेशनल कोर्स में दो सेमेस्टर शामिल हैं। ये 4 क्रेडिट लिये हुए है। आवेदन की सुविधा शुक्रवार से आरंभ हो गई है। प्रथम सेमेस्टर में दो मॉड्यूल तथा द्वितीय सेमेस्टर में तीन मॉड्यूल शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.dsmnru.ac.in पर आवेदन कर सकते हैं।

▸▸ लेखन, पठन और वाचन कौशल बढ़ाने पर दिया जाएगा जोर


विभागाध्यक्ष डॉ. कविता त्यागी।

**ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यमों से होगा कक्षाओं का संचालन :** डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश एंड अदर फॉरेन लैंग्वेजेज विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कविता त्यागी का कहना है कि नए सत्र से आरंभ होने वाली कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जायेगा। कक्षाएं तीन बजे से आरंभ होकर विषयवार संचालित होंगी।

**काम करने वाले लोगों को भी मिलेगा मौका :** डॉ. कविता त्यागी ने बताया कि अमूमन लोग डिग्री हासिल करने के बाद बाजार में खुद को स्थापित नहीं कर पाते, क्योंकि उनमें अंग्रेजी बोलने और समझने की क्षमता अधिक नहीं होती। कमतर व्यवस्था को दूर करने के लिए पाठ्यक्रमों में समय-समय पर प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित कराई जाएंगी, ताकि स्किल्स बढ़ सके। कोर्स में प्रोजेक्ट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

**इस तरह से तैयार हुआ नया कोर्स :** विभागाध्यक्ष ने बताया कि एक वर्ष में 5 मॉड्यूल के सहारे एसाइनमेंट तैयार किया जाना है। इसमें टर्म पेपर और प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी शामिल की जानी होगी। इंग्लिश ग्रामर को मजबूत करने के लिए समय-समय पर विशेषज्ञों का प्रशिक्षण भी पाठ्यक्रमों में शामिल अभ्यर्थियों को सहूलियत देगा।

### दिव्यांग छात्रों को आवेदन शुल्क में सहूलियत

दिव्यांग छात्रों को नए कोर्स में आवेदन के साथ 2700 रुपये जमा करने होंगे। इसमें प्रवेश, आवेदन, परीक्षा और लाइब्रेरी की फीस शामिल है। अन्य आवेदकों को 4700 फीस जमा करनी होगी। इस कोर्स की फीस कम है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग आसानी से आवेदन कर सकते हैं।

# चैंपियन पुरस्कार योजना से सुधरेगी शैक्षिक गुणवत्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता बेहतर करने लिए प्रदेश सरकार ने चैंपियन पुरस्कार योजना की नई पहल की है। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसलिए सरकार ने इस योजना को शैक्षिक सत्र 2024-25 से ही लागू कर दिया है।

इस योजना के तहत जो विद्यालय 100 प्रतिशत निपुण हो जायेगा उसके प्रधानाध्यापक को पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव बेसिक डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया और शिक्षा महानिदेश को निर्देशित किया इसे तत्काल प्रभाव से लागू किया जाये। शैक्षिक सत्र 2024-25, 2025-26 व 2026-27 में निपुण भारत मिशन के तहत तय मानकों के आधार पर निपुण चैंपियन पुरस्कार दिए जाएंगे।

निपुण लक्ष्य हासिल करने वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालय (कक्षा एक से पांच) को निपुण विद्यालय, प्रधानाध्यापक को निपुण चैंपियन हेड मास्टर ऑफ द डिस्ट्रक्ट घोषित किया जाएगा। निर्धारित मानकों के क्रम में सर्वश्रेष्ठ 400 चयनित प्रधानाध्यापकों को निपुण चैंपियन पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। निपुण विद्यालय को पुरस्कार में मिलने वाली धनराशि का उपयोग प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय स्तर पर खेलकूद सामग्री अथवा शैक्षणिक गतिविधियों में होगा।

प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों को विभिन्न अवसरों जैसे राज्य, जिला व ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### ये है उद्देश्य

- ▸▸ अध्यापकों का मनोबल बढ़ेगा शिक्षा बेहतर होगी
- ▸▸ शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय संबंध के उत्कृष्ट रूप का प्रदर्शन दिखेगा
- ▸▸ शैक्षणिक गतिविधियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं गुणवत्ता आयेगी।
- ▸▸ विद्यालयों के विकास को रफ्तार मिलेगी।
- ▸▸ पियर लर्निंग के लिए सकारात्मक वातावरण का सृजन होगा।
- ▸▸ नवाचारी टीचिंग लर्निंग मैटिरियल एवं उत्कृष्ट शैक्षिक प्रथाओं का बेहतर प्रयोग होगा।

विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नवाचार भी किए जा रहे हैं। इस योजना से विद्यालयों निश्चित तौर पर बदलाव देखने को मिलेंगे। इस योजना से शिक्षक छात्रों पर विशेष ध्यान देंगे।
-डॉ. एमके शनमुगा सुंदरम
प्रमुख सचिव बेसिक

## 12वीं के छात्रों की करियर कांउसिलिंग इसी सत्र से

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजकीय इंटर कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए करियर काउंसिलिंग इसी सत्र 2024-25 से शुरू होगी। इस संबंध में सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश माध्यामिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि करियर काउंसिलिंग शुरू कराये जाने का उद्देश्य है कि बच्चे इंटरमीडिएट से ही बेहतर करियर का चयन कर सकें। साथ ही तैयारी करने में कोई समस्या न आने पाये।

# प्रवेश न देने वाले स्कूलों की सूची तलब

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश न देने वाले निजी स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है। बच्चों को जो स्कूल प्रवेश नहीं दे रहे हैं बेसिक शिक्षा निदेशालय ने ऐसे विद्यालय के प्रबंधकों से सख्ती से निपटने के आदेश दिए हैं।

31 जुलाई तक इस तरह के विद्यालयों की सूची भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से मांगी गई है। इस बारे में अधिकरियों ने बताया कि जो भी विद्यालय प्रवेश नहीं ले रहे हैं उनके खिलाफ मान्यता प्रत्याहरण की कार्रवाई शुरू हो सकती है। विद्यालय का संचालन भी बंद कराया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने कहा कि आरटीई के तहत चयनित बच्चे को समय से प्रवेश मिले ये उसका अधिकार है। अधिनियम का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा इस संबंध में जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गये हैं जो विद्यालय आरटीई के तहत चयनित बच्चे को प्रवेश नहीं दे रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

### 1 जुलाई से नए सत्र की जारी है पढ़ाई

बेसिक शिक्षा निदेशालय का भी मानना है कि 1 जुलाई से स्कूलों में पढ़ाई शुरू हो गई है ऐसे में चयनित बच्चों का प्रवेश नहीं मिला तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी। इस बार आरटीई के तहत 4 चरणों में आवेदन लिए गये थे।

# छात्रों ने सीखीं वीडियो संपादन की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय संस्कृत विवि लखनऊ परिसर में कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार :** छात्रों ने आउट डोर शूटिंग करके छोटे-छोटे वीडियो क्लिप को बनाया तथा उन सभी वीडियो को एडिट करना भी सीखा। यह मौका था केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में कार्यशाला के समापन समारोह का। पांचवें दिन विशेषज्ञों ने छात्रों को वीडियो एडिटिंग की बारीकियों को सिखाया। इस दौरान परिसर के निदेशक द्वारा दशहरी आम के पौधे का भी रोपड़ किया।

कार्यशाला के अंतिम दिन छात्रों की ओर से शैक्षिक अनुभव साझा किए गए। छात्रों ने ओलम्पियाड के लिए प्रोफेशल वीडियो बनाए। समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे लखनऊ परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने सभी छात्रों को संस्कृत ब्लाग निर्माण के लिए प्रेरित किया। 9 छात्रों को किट एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। बाद में निदेशक द्वारा पौधरोपण भी किया गया। कार्यशाला के समापन समारोह में प्रशिक्षक के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कृत फिल्म टर्टल वाह जिन्दगी के निर्देशक दिनेश एस यादव, संचालक डॉ. नारायण दत्त मिश्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आशाओं ने मांगे गोल्डन कार्ड बनाने के रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य स्तरीय बैठक शुक्रवार को बी ब्लॉक कॉमन हाल दारुल सफा में हुई। इस दौरान आशाओं ने गोल्डन कार्ड बनाने के लिए रुपये की मांग की है। इसमें आशा की समस्याओं पर चर्चा की गई।

लंबित मांगों को लेकर 26 सितम्बर को राजधानी मार्च करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी देवी ने कहा दर्जनों कार्यों के एवज में कोई भी प्रोत्साहन राशि नहीं दी जाती। आरोप लगाया कि अधिकारी सेवा से वंचित करने की धमकी देने के साथ गाली गलौज भी करते हैं। भुगतान रोक दिया जाता है, कार्यों के बाउचर न जमा करने सहित तरह-तरह से उत्पीड़न किया जाता है। आयुष्मान कार्ड, गोल्डन आयुष्मान कार्ड बनाने का कभी भी रुपये नहीं दिए गए। 2019 से दिसंबर 2021 तक राज्य प्रतिपूर्ति राशि के 21 हजार रुपये, कोविड केंद्रीय प्रोत्साहन राशि के 19 हजार रुपये समेत कई तरह के बकाया का भुगतान कराने के लिए 2 फरवरी 2024 को वार्ता के दौरान भरोसा दिया था, लेकिन अभी तक भुगतान नहीं किया गया।



आशा वर्कर्स यूनियन की बैठक को संबोधित करतीं प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मी देवी व अन्य।

अर्चना ने कहा कि लंबित मांगों के लिए हमें पूरी ताकत से लड़ाई में उतरना होगा। रेखा मौर्या, अर्चना दीक्षित, मीरा प्रजापति, अनिल वर्मा, रमेश सेंगर, मधुसूदन मगन, कमला गौतम ने भी विचार रखे।

# बाढ़ को लेकर सतर्क हो जाएं गोताखोरों से समन्वय बनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा बरसात का मौसम है। ऐसे में कभी और कहीं भी बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। संभावित बाढ़ को ध्यान में रखते हुए सभी तहसीलों में तैयारियां पुख्ता कर ली जाएं। तहसील क्षेत्र में अधिकारी अपनी सतर्कता बढ़ाएं।

नावों की संख्या की जानकारी लें, नाविकों और गोताखोरों से समन्वय बनाएं जिससे आपात स्थिति में न केवल उनका तत्काल सहयोग लिया जा सके बल्कि लोगों की मदद भी की जा सके। नाविकों, गोताखोरों की फोन नंबर के साथ सूची बना ली जाए जिससे जरूरत पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्य कराए जाने में आसानी हो। इस दौरान जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बैराजों का करें निरीक्षण गेट कराएं दुरुस्त

सिंचाई विभाग के अफसरों से उन्होंने कहा कि वह जनपद के सभी बैराजों के गेटों का निरीक्षण करा लें। उनका रखरखाव और ग्रीसिंग करा दें। बैराज पर लगातार निगरानी रखी जाए। जैसे ही क्षेत्र में वर्षा होती है तो वर्षा की गणना हो और उसी हिसाब से बैराज के गेटों को खोला जाये जिससे शहरी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। नदी के अपस्ट्रीम में होने वाली वर्षा को ध्यान में रखते हुए बैराज के गेटों के संचालन के लिए एक योजना तैयार कर ली जाये जिससे समय से पानी की निकासी की जा सके।

## सार-संक्षेप


लोगों को माइग्रेन की जानकारी देते हुए डॉ. असद। अमृत विचार

### सिर के आधे हिस्से में दर्द तो हो सकता है माइग्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : आधे सिर में दर्द को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है, ये माइग्रेन हो सकता है। ये जानकारी सुशांत गोल्फ सिटी के न्यू केयर सेंटर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. असद अब्बास ने दी। उन्होंने बताया बहुत सारे ऐसे अनुसंधान और रिसर्च हैं, जिनमें या देखा जा रहा है कि जो क्रॉनिक माइग्रेन के पेशेंट होते हैं, उनमें आगे चलकर डिमेंशिया या स्ट्रोक जैसे रोग बढ़ जाते हैं। डॉ. अब्बास बताते हैं कि कई शोध में यह सामने आया है कि ऐसी डिवाइसेस हैं, जो बिना दवा के भी माइग्रेन के इलाज में कारगर हैं। लेकिन वह दर्द के समय राहत नहीं दिला पाती। इसमें रिमोट इलेक्ट्रिकल न्यूरोडयूलेशन (आरईएन) डिवाइस काफी कारगर है।

### अब एयरपोर्ट पर सफाई करेगा रोबोट

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सफाई व्यवस्था के लिए दो रोबोट तैनात किए गए हैं। नए टर्मिनल-3 को साफ सुथरा रखने में ये रोबोट मददगार होंगे। सफाई के लिए रखे गए ये नीले रंग के रोबोट स्वदेशी हैं। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार इन रोबोट में उन्नत सेंसर लगे हैं। गंदगी दिखने पर ये खुद को निर्देश दे सकते हैं। ये रोबोट 20 फीसदी से ज्यादा पानी की बचत करेंगे। एक बार चार्ज होने पर एक रोबोट 70 हजार वर्ग फीट की सफाई की क्षमता रखता है। एक चार्जिंग में आठ घंटे तक लगातार कार्य कर सकता है। इस रोबोट से स्क्रबिंग, सुखाना, पोंछा लगाने के कार्य किये जा सकते हैं। सफाई कर्मी इसे ब्लूटूथ या वाईफाई के जरिए अपने स्मार्ट फोन से संचालित करेंगे।

### लड्डू से तौलकर मनाया ओपी श्रीवास्तव का जन्मदिन

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने के बाद शुक्रवार को ओपी श्रीवास्तव का जन्मदिन उनके आवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके वजन के बराबर बूंदी के लड्डू से तौलकर मनाया। भाजपा मंडल महामंत्री संदीप पाठक, शेखर श्रीवास्तव, शशांक शेखर, मणिकांत शुक्ला, देवेश उपाध्याय, शेखर तिवारी ने ओपी श्रीवास्तव को पटका पहनाकर पुष्पगुच्छ भेंट किया। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने विधायकों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बधाई दी। आवास पर इंदिरा नगर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्री कामेश्वर पूर्वी और भूतनाथ मंदिर के महंत रुद्र नाथ ने आकर आशीर्वाद दिया। इधर, मैथली शरण गुप्त वार्ड में संदीप पाठक और बूथ अध्यक्ष जेके श्रीवास्तव ने लंबी आयु के लिए सुंदरकांड पाठ किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, कृष्ण प्रताप सिंह, अभिषेक राय, समित खन्ना आदि लोग रहे।

### बीटेक-एमबीए छात्रों को नौकरी का अवसर

अमृत विचार, लखनऊ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक और एमबीए के छात्र हाउसिंग फाइनेंस कंपनी में नौकरी पा सकते हैं। कंपनी विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट कराने जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए छात्र 6 जुलाई तक पंजीकरण करा सकते हैं। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि साक्षात्कार का आयोजन सात जुलाई को किया जाएगा। इसमें 2023 और 2024 बैच के पासआउट छात्र हिस्सा ले सकते हैं। कंपनी की ओर से साक्षात्कार लिया जाएगा। चयनित छात्र को कंपनी की ओर से प्रशिक्षण के दौरान 12 हजार रुपये से 16 हजार रुपये प्रति माह दिए जाएंगे। प्रशिक्षण पूरा होने पर कंपनी में ऑनरोल के लिए चयनित छात्रों को तीन लाख रुपये से अधिक का वार्षिक पैकेज मिलेगा।

# कुलपति की ओर से दर्ज हुई रिपोर्ट को लेकर उठ रहे सवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि के कुलपति की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। दावों के बीच, गृह विभाग का एक पत्र वायरल हो रहा है, जिसमें फोन पर अज्ञात कॉल न आने का हवाला दिया गया है। वायरल पत्र को लेकर कुलपति का कहना है कि उन्होंने मिस्ड कॉल किए जाने की बात कही थी, न कि धमकी भरा फोन आने की। उनकी ओर से धमकी भरी आशंकाओं के आधार पर ही मामला दर्ज कराया गया था।

शुक्रवार को भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह से जुड़े मामले ने उस समय तूल पकड़ा, जब गृह विभाग द्वारा राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव को भेजा गया पत्र वायरल हुआ। पत्र के आधार पर उल्लेख किया गया कि बीती 13 मार्च को कुलपति की पत्नी किशोरी सिंह के मोबाइल पर दो नंबरों से फोन काल आई, जिसकी सूचना कुलपति ने सैरपुर थाने पर दी। इसी के आधार पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की गई। चूंकि मामला विश्वविद्यालय के कुलपति से जुड़ा हुआ था, इसलिए कुलपति कार्यालय की ओर से राज्यपाल कार्यालय को पूरे प्रकरण की सूचना दी गई। इसी के बाद गृह विभाग की ओर से जांच शुरू हुई। गृह विभाग के वायरल पत्र में 14 अप्रैल को तैयार की गई जांच रिपोर्ट का हवाला है। साथ ही इस बात का उल्लेख है कि उक्त दोनों नंबरों के माध्यम से पीड़िता को धमकाया जाना अथवा कोई अपराध होने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। मामले में कुलपति प्रो. एनबी सिंह का पक्ष है कि गोपनीय पत्र वायरल होना गंभीर विषय है।

शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले में कॉल डिटेल के आधार पर कुछ लोगों से बयान दर्ज किये। कुलपति की तहरीर पर सैरपुर थाने में धमकी देने का मुकदमा अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। तहरीर में लिखा था कि 20 नम्बरों से उनकी पत्नी को धमकी दी गई थी। विवेचक ने कॉल का ब्योरा निकलवाया था। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि कुछ लोगों ने विवेचना खत्म होने की बात फैला दी है। पर, ऐसा नहीं है इस मामले में जांच की जा रही है। कई लोगों के बयान लिये गये हैं।

▸▸ गृह विभाग का पत्र हुआ वायरल फोन पर अज्ञात कॉल न आने का दिया गया हवाला


कुलपति एनबी सिंह।

### इस तरह दर्ज हुई थी रिपोर्ट

कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने इसी वर्ष मार्च माह में सैरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी और हवाला दिया था कि उनकी पत्नी किशोरी सिंह के फोन नंबर पर बीती 13 मार्च की रात दो अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल आई, आशंका जताई गई कि ये कॉल धमकी भरी थी। पुलिस ने आरोपों के आधार पर अपराध संख्या 30/2024 धारा 504 और 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

# सीएमए के अध्यक्ष बने अमित रंजीत को चुना गया उपाध्यक्ष


सीएमए की नई कार्यकारिणी के सदस्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शुक्रवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट अकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया, लखनऊ चैप्टर की 2024-25 की नई कार्यकारणी का गठन हुआ। गोमतीनगर स्थित कार्यालय में हुए एक कार्यक्रम में नतीजों की घोषणा की गई। यह जानकारी मीडिया समन्वयक रंजीत सिंह ने दी। अमित यादव को सीएमए का अध्यक्ष और रंजीत सिंह को संस्था का उपाध्यक्ष बनाया गया। नई कार्यकारणी सदस्यों में नरेन्द्र कुमार को सचिव और अभिषेक मिश्रा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# टीबी अस्पताल की इमरजेंसी का तिमंजिला भवन बनेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय (टीबी अस्पताल) की इमरजेंसी का तीन मंजिला भवन बनेगा। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से करीब दो करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव तैयार कर डीजी कार्यालय को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद शासन की अंतिम मुहर लगने का इंतजार है।

ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की करीब 25 बेड की इमरजेंसी टीन शेड के नीचे संचालित हो रही है। बारिश के समय पानी टपकने से मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। साथ ही सड़क पर बारिश का पानी भरने से भी इमरजेंसी के अंदर पानी घुस जाता है। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि यहां तीन मंजिल की इमरजेंसी का निर्माण कराने के लिए करीब दो करोड़ रुपये का बजट मांगा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय से इसकी संस्तुति भी मिल गई है।

**बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही :** ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में बायोमेडिक वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही की जा रही है। मेडिकल वेस्ट को टीबी वार्ड के पास खुले में इकट्ठा किया जाता है। इसे कुत्ते नोच-नोच कर पूरे परिसर में बिखरा रहे हैं। इससे लोगों में संक्रमण का खतरा है। इस मामले का शुक्रवार को वीडियो भी वायरल हुआ। सीएमएस डॉ. एसपी सिंह का कहना है कि सम्बंधित एजेंसी को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। दरअसल अस्पताल में बायोमेडिक वेस्ट को रखने का एक अलग स्थान निर्धारित होता है। यह एरिया पूरी तरह से बंद होना चाहिए। इसके निस्तारण का जिम्मा निजी एजेंसी का है।

## 5 हजार आउटसोर्सिंग कर्मियों की सेवा समाप्त

**अमृत विचार,लखनऊ :** कोविड के समय सरकारी अस्पतालों में तैनात किए गए 5000 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की 30 जून से सेवा समाप्त हो गई है। कर्मचारियों ने दोबारा तैनाती की गुहार लगाई है। इस संबंध में संघ ने दूसरे योजनाओं में समायोजित कराए जाने की शासन से मांग की है। इसमें नर्स, लैब टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, वार्ड ब्वॉय समेत अन्य पद शामिल हैं। संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सच्चिता नन्द मिश्रा का कहना है कि संघ ने कई बार कर्मचारियों को एनएचएम की दूसरी योजनाओं में समायोजित करने की मांग की है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। महामंत्री ने बताया कि सेवा विस्तार नहीं हुआ तो लखनऊ में प्रदर्शन करेंगे।

## महिला नर्सिंग अफसर ने दूसरे दिन भी जारी रखा धरना

**अमृत विचार,लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान की सीनियर नर्सिंग अफसर व नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष सीमा शुक्ला ने संस्थान प्रशासन पर नियमों की अनदेखी के विरोध में दूसरे दिन भी धरना सीएमएस कार्यालय के बाहर जारी रहा। इस मामले में संस्थान के निदेशक प्रो.आरके धीमन के कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-2, ऐशबाग, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांकः 675/ई0ई0-2/एल0जे0एस0 दिनांकः 05/07/2024

अल्प कालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि0 12/07/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 12/07/2024 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0/सी0डी0 आर0/एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Redevlopment of Tubewell by 300/600 PSI Compressor, at Mohan Road Nalkoop, Sec-12, Rajaji Puram, Lko | 5400.00 | Rs. 300 | 07 दिवस |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

# 35वीं वाहिनी पीएसी ने जीते चार स्वर्ण

## योगासन में छाए 25वीं वाहिनी पीएसी के जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रथम अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, पावर लिफ्टिंग, योग) प्रतियोगिता के दूसरे दिन 35वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ियों ने अपना जलवा बिखेरा। सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता में 35वीं वाहिनी पीएसी के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को भारोत्तोलन में चार स्वर्ण पदक जीते।

वहीं, योगासन में विभिन्न स्पर्धाओं में 25वीं पीएसी के जवानों का प्रदर्शन शानदार रहा। भारोत्तोलन में 35वीं वाहिनी पीएसी के सनी कुमार ने 61 किग्रा भार वर्ग में, मनोज कुमार ने 73 किग्रा भार वर्ग में, मोहित वीरवाल ने 81 किग्रा भार वर्ग में और राकेश कुमार ने 96 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

### आज के परिणाम

55 किग्रा भार वर्ग में अवनीश कुमार- 11वीं वाहिनी स्वर्ण, 61 किग्रा में सनी कुमार- 35वीं वाहिनी स्वर्ण, रमेश कुमार यादव 26वीं वाहिनी रजत, आदित्य विक्रम सिंह- 25वीं वाहिनी कांस्य, 67 किग्रा में सुनील कुमार 10वीं वाहिनी स्वर्ण, लक्ष्मी प्रसाद 27वीं वाहिनी रजत, बृजेश तिवारी 25वीं वाहिनी कांस्य, 73 किग्रा में मनोज कुमार 35वीं वाहिनी स्वर्ण, सचिन कुमार 32वीं वाहिनी रजत, नवीन कुमार रावत 11वीं वाहिनी कांस्य, 81 किग्रा में मोहित वीरवाल 35वीं वाहिनी स्वर्ण, मुकुल रावत 10वीं वाहिनी रजत, राम कृष्ण सिंह 26वीं वाहिनी कांस्य, 89 किग्रा में अमित तोमर- एसडीआरएफ स्वर्ण, कंज बिहारी यादव 26वीं वाहिनी रजत, चरन सिंह 27वीं वाहिनी कांस्य, 96 किग्रा में राकेश कुमार 35वीं वाहिनी स्वर्ण, महेश कुमार 26वीं वाहिनी रजत, शशि शंकर यादव 10वीं वाहिनी कांस्य जीता।


भारतोलन में भार उठाता खिलाड़ी।

### पारम्परिक योगासन

ग्रुप 18 से 28 वर्ष : शुभम 25वीं वाहिनी स्वर्ण, दीपक 35वीं वाहिनी रजत, सीटू चौधरी 30वीं वाहिनी कांस्य।

ग्रुप 28 से 35 वर्ष : किशन मिश्रा 25वीं वाहिनी स्वर्ण, छोटे लाल यादव 26वीं वाहिनी रजत, राजेंद्र यादव 30वीं वाहिनी कांस्य।

ग्रुप 44 से 45 वर्ष : दिनेश राय 30वीं वाहिनी स्वर्ण, अनवर 30वीं वाहिनी रजत, उमेश 30वीं वाहिनी कांस्य।

## एक नजर


मैन ऑफ द मैच करन सिंह

### करन ने दिलाई सीएसडी सहारा को जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच करन सिंह की शानदार गेंदबाजी की बदौलत सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने 3 विकेट से जीत दर्ज की। सूर्या मैदान पर हो रहे प्रथम सूरज प्रसाद सवान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में अशर्फी क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और 31.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए। आरिफ रजा ने 52, अभिषेक यादव ने 48 और निहाल ओझा ने 10 रनों की पारी खेली। कोई अन्य बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। सीएसडी सहारा की ओर से करन सिंह ने 4, आशुतोष वर्मा और सौरभ वर्मा ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सीएसडी सहारा ने 27.2 ओवर में 7 विकेट खोकर 148 रन बना कर जीत दर्ज की। मो. अरमान ने 56 और अजीत वर्मा ने 23 रनों की पारी खेली। अशर्फी क्लब की ओर से जुनैद अली ने 3, शुभांशु और अभिषेक यादव ने 2-2 विकेट चटकाये।

### फुटबॉल के लिए ट्रायल कल

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल सब जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली उत्तर प्रदेश टीम का सेलेक्शन ट्रायल 9 और 10 जुलाई को वाराणसी स्थित बीएचयू के एंफी थियेटर में आयोजित किया जायेगा। इस ट्रायल में हिस्सा लेने वाली लखनऊ के खिलाड़ियों का ट्रायल 7 जुलाई को चौक स्टेडियम पर दो बजे किया जायेगा। यह जानकारी लखनऊ फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ियों का जन्म एक जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 के बीच होना चाहिए।


एश्ना अग्रवाल मुकाबले के दौरान एक्शन में। अमृत विचार

## लखनऊ की एश्ना और साक्षी सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पहली राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता शुक्रवार से इंट्रीग्रल यूनिवर्सिटी में शुरू हुई। प्रतियोगिता में पहले दिन लखनऊ की एश्ना अग्रवाल और साक्षी तिवारी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सब जूनियर बालकों में शीर्ष वरीय लखनऊ के वीर वाल्मीकि क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। प्रयागराज की शालिनी देवी, गौतमबुद्धनगर की समृद्धि शर्मा भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।

### सब जूनियर बालिका वर्ग क्वार्टर फाइनल के परिणाम

एश्ना अग्रवाल ने प्रयागराज की आशिका गुप्ता को 11-8, 6-11, 11-7, 10-12, 11-6 से हराया। प्रयागराज की शालिनी देवी ने लखनऊ की स्वस्ति चंद्रा को 14-12, 11-3, 1-11, 10-12, 11-4 से हराया। गौतमबुद्धनगर की समृद्धि शर्मा ने आगरा की अंशिका मिश्रा को 11-5, 11-4, 11-8 से हराया। लखनऊ की साक्षी तिवारी ने गौतमबुद्धनगर की अवनि गोयल को 12-10, 10-12, 8-11, 11-6, 11-2 से हराया


नव निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ राजकुमार सिंह। अमृत विचार

## राजकुमार सिंह लगातार 12वीं बार बने अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चकबंदी निदेशालय मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के हुए चुनाव में राजकुमार सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष व अरशद अब्बासी से महामंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी धीरेंद्र प्रताप पांडे ने बताया कार्यालय में हुए निर्वाचन में पंकज यादव उपाध्यक्ष, हरीश सिंह मेहता कोषाध्यक्ष, सूरज कुमार संगठन मंत्री, सुनंदा ऑडिटर व आकर्षित सक्सेना मीडिया प्रभारी नियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल दो वर्ष के लिए होगा।

## आय से अधिक संपत्ति को लेकर एफआईआर दर्ज करेगी सीबीआई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने के बदले 1.50 लाख घूस मांगने के आरोपी एनएचएआई के दोनों अधिकारियों के खिलाफ सीबीआई जल्द आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का केस दर्ज करेगी। सीबीआई ने एनएचएआई, गोरखपुर के प्रबंधक बिजेंद्र सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार करने के बाद उनके आवास से 3.50 लाख रु और तमाम संदिग्ध दस्तावेज बरामद किया था।

प्रबंधक जय प्रताप सिंह चौहान के ठिकानों से भी तमाम संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं, जिनकी पड़ताल की जा रही है। जांच में सामने आया है कि बिजेंद्र सिंह, जय प्रताप और संविदा पर तैनात निजी कार्यालय सहायक मुकेश कुमार सिंडिकेट बनाकर पेट्रोल पंप कारोबारियों से वसूली कर रहे थे। दोनों के आवास से तमाम ऐसी पुरानी फाइलें भी मिली हैं, जो राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी करने से संबंधित हैं।

## आशी को दोहरा स्वर्ण, रोहिन बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंडर-14 आईटा टेनिस चैंपियनशिप के बालक वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त रोहिन राज ने चैंपियन बने। बालिका वर्ग में शीर्ष वरीय आशी शमशेरी ने दोहरे स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। ला मार्टीनियर स्थित एसडीएस अकादमी में खेली गई प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले गए। बालक वर्ग के फाइनल में रोहिन राज ने गैर वरीय अविनाश राय को आसान मुकाबले में 6-0, 6-2 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।


पदक और प्रमाण पत्र के साथ विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

बालक युगल वर्ग के फाइनल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। शीर्ष वरीय जोड़ी रोहिन राज और अर्जुन को गैर वरीय जोड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। शुभ श्रीवास्तव और संध्या द्विवेदी की जोड़ी ने रोहिन और अर्जुन की जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-1, 10-5 से शिकस्त देकर खिताबी जीत हासिल की।

## सार-संक्षेप

### रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी से हुए 140 घुटना प्रत्यारोपण

**अमृत विचार, लखनऊ :** घुटना प्रत्यारोपण मामले में अपोलो हॉस्पिटल्स ने 140 रोबोटिक ट्रांसप्लांट सर्जरी पूरी की हैं। ट्रांसप्लांट कराने वालों में शहरी मरीजों के बराबर ग्रामीणों की भी संख्या है। सभी सर्जरी पूर्णतया सफल रहीं। नी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. संजय श्रीवास्तव ने शुक्रवार को बताया कि रोबोटिक नी रिप्लेसमेंट सर्जरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाला रोबोटिक आर्म इस्तेमाल किया जाता है, जिससे घुटने को मरीज के शरीर के हिसाब से बेहतर बनाया जा सकता है। सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग लगातार बढ़ रही है।


अपोलो अस्पताल में ट्रांसप्लांट सर्जरी करने वाली डॉक्टरों की टीम। अमृत विचार

### मनुष्य माया में भटककर ईश्वर को प्राप्त नहीं कर पाता : स्वामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनुष्य माया में खोया हुआ है, इसलिए वह ईश्वर को प्राप्त नहीं कर पा रहा। वह सिर्फ अंतरध्यान प्रार्थना करके ही ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। यह बात निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने प्रवचन देते हुए कही। तमोगुण के बारे में कृष्ण ने अर्जुन से श्रीमद्भागवत गीता में कहा कि हे अर्जुन, सब देहाभिमानियों को मोहित करने वाले तमोगुण को तुम अज्ञान से उत्पन्न जानो। वह इस जीवात्मा को प्रमाद, आलस्य और निद्रा के जरिये बांध देता है। स्वामी मुक्तिनाथानन्द ने कहा कि प्रमाद दो तरह का होता है। एक करने लायक काम को न करना और दूसरा न करने लायक काम को कर देना। न करने लायक काम दो तरह के होते हैं। एक व्यर्थ का खर्च और दूसरा बगैर प्रयोजन व बगैर किसी चिन्तन के खर्च।

### महंगाई ने तोड़ी जनता की कमर : नरेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेंद्र त्रिपाठी ने एक बैठक में कहा कि हर वस्तु के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में जनता कैसे अपना घर का पालन पोषण करे। भाजपा सरकार जब से आई है तब से महंगाई में वृद्धि हुई है। सामान्य वस्तुएं आम जनता की पहुंच से दूर होती जा रहीं है, लेकिन यह सरकार अपनी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे तो जनता की कमर टूट जाएगी। एक आम आदमी अपने बच्चे को पढ़ाए या फिर घर खर्च चलाए। आने वाले दिनों में कांग्रेस कार्यकर्ता महंगाई के विरोध में सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगी।

### कल पारख महासंघ का सम्मेलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व सांसद कौशल किशोर ने शुक्रवार को दुबग्गा आवास पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। संविधान है और रहेगा इस विषय पर आगामी 7 जुलाई को गांधी भवन सभागार में होने वाले पारख महासंघ सम्मेलन पर चर्चा की। कार्यक्रम की तैयारी करने को कहा। यह आयोजन कौशल किशोर के नेतृत्व में किया जा रहा है। सभी समाज व वर्ग के लोग शामिल होंगे। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करने वाली समाजवादी पार्टी की तत्कालीन सरकार का, कांग्रेस की आरक्षण विरोधी और संविधान विरोधी नीतियों का पर्दाफाश करेंगे।


जेनसेट के साथ महिंद्रा कंपनी के रीजनल हेड प्रवीण श्रीवास्तव व अन्य

### 90 प्रतिशत धुएं को कम करेगा महेंद्रा का जेनरेटर

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिंद्रा कंपनी ने अपना नया जेनसेट लॉन्च किया है। जेनसेट यूपी में महिंद्रा पावरोल के अधिकृत जीओईएम परफेक्ट जेनरेटर के द्वारा विक्रय के लिए उपलब्ध है। रीजनल हेड प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया की केंद्र सरकार के पर्यावरण की मुहिम के तहत ही इस तरह के जनरेटर का निर्माण शुरू किया गया है। जिसमें 90 प्रतिशत तक धुएं की कमी आएगी और इस तरह के जेनसेट प्रदूषण मुक्त बिजली पैदा करेंगे। महिंद्रा के सभी जनरेटर सीआरडीआई टेक्नोलॉजी से संचालित होते हैं।

## इंग्लैंड में लेबर पार्टी की जीत समाजवाद की विजय है : दीपक मिश्र

**राज्य ब्यूरो, लखनऊः** समाजवादी चिंतक और इंटरनेशनल सोशलिस्ट काउंसिल के सचिव दीपक मिश्र ने इंग्लैंड में लेबर पार्टी की जीत को सुखद और भारत के लिए बेहतर बताया है। उन्होंने लेबर पार्टी के नेता कीर रॉडनी स्टारमर को बधाई देते हुए इस जीत को लोकतांत्रिक समाजवाद की विजय बताया। साथ ही उम्मीद व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और इंग्लैंड के संबंध तो मजबूत होंगे ही, साथ ही साथ वैश्विक समाजवादी विचारधारा को भी मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि भारत के समाजवादियो का इंग्लैंड की लेबर पार्टी से पुराना और प्रगाढ़ संबंध रहा है। 1942 की क्रांति के दौरान गिरफ्तार लोहिया ने तत्कालीन लेबर पार्टी के नेता हेराल्ड लास्की को पत्र लिखकर यातनाओं से अवगत कराया था तो लास्की ने सोरेनसन की अगुवाई में सीनेटरों का शिष्टमंडल भेजा था और भारतीय क्रांतिकारियों पर हो रहे अत्याचार को रोकने की खुली पैरवी की थी।



कृष्ण की लीलाओ पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

## नृत्य नाटिका में कान्हा की शरारतों पर मोहित हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** कृष्ण लीलाएं और रुक्मणी के साथ इनका विवाह देख दर्शक मंत्रमुग्ध तो हुए ही साथ ही कृष्ण की लीलाओं पर आधारित नृत्य कर सभी दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मौका था डालीगंज स्थित माधव मंदिर के पांच दिवसीय वार्षिक उत्सव का। उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को उमराव सिंह धर्मशाला में कार्यक्रम की शुरुआत विधायक डॉ. नीरज बोरा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, अध्यक्ष बिहारी लाल साहू, उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता और ओमकार जायसवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की।

कथक गुरु पं. अनुज मिश्र और उनकी शिष्याओं ने कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, कृष्ण का गऊ प्रेम, माखन चोरी के लिए कान्हा की जद्दोजहद, गोकुल में नंदलाल उत्सव समेत कई प्रसंगों का वर्णन देखकर लोग भावविभोर हो गए। कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का प्रसंग दर्शकों को खूब पसंद आया। कृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण कर बाल कलाकारों ने अभिनय किया तो श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विवाह के मंगल गीत के साथ नृत्य भी प्रस्तुत किये गए।

## सिग्नल सिस्टम को अपग्रेड करेगा आरडीएसओ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** बेहतर सिग्नलिंग के माध्यम से ट्रेनों के सुरक्षित व तेज रफ्तार में संचालन को लेकर आरडीएसओ में आयोजित की गई दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को सम्पन्न हुई। कार्यशाला में सिग्नलिंग उपकरणों की गुणवत्ता और उनकी क्षमता को बढ़ाने पर अधिकारियों ने अपने विचार रखे। साथ ही सिस्टम को अपग्रेड करने पर फोकस किया गया।

अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के कार्यकारी निदेशक के अनुसार चार जुलाई को सिग्नलिंग उपकरणों की परिसंपत्ति विश्वसनीयता पर कार्यशाला आयोजित की गई थी। कार्यशाला में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम, डिजिटल एक्सल काउंटर, इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई, यूनिवर्सल फेल सेफ ब्लॉक इंटरफेस, अर्थिंग सिस्टम और सिग्नलिंग रिले पर लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशालाओं के दौरान, सिग्नलिंग उपकरणों की विश्वसनीयता के लिए उत्तरदायी विभिन्न कारकों पर उपकरण बनाने वाले निर्माताओं के साथ बातचीत की गई। आरडीएसओ के महानिदेशक अजय कुमार राणा, उत्तर रेलवे महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्र, अपर सदस्य दूरसंचालन रेलवे बोर्ड समीर दीक्षित प्रमुख रूप से कार्यशाला में मौजूद रहे।

### परमानंद हरिहर मंदिर की वर्षगांठ पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** देवा रोड स्थित परमानंद हरिहर मंदिर की तीसरी वर्षगांठ पर देश के उत्थान व विश्व के कल्याण की भावना के साथ हवन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सुंदरकांड का पाठ और कीर्तन किया। मंदिर के बारे में आस्था है कि बाबा हर भक्त की फ़रियाद सुनते हैं और उसे पूरा भी करते हैं, इसलिए मंदिर में महादेव वरदानी बाबा के रूप में स्थापित हैं। मंदिर में राम दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा, दक्षिणमुखी हनुमान जी और शनि देव की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। मंदिर में हुए हवन में कमलगट्टे की आहुतियां दी गईं। इस मौके पर सपना गोयल ने आह्वान किया कि देश की विश्व में खोई प्रतिष्ठा को वापस दिलाने के लिए यह जरूरी है कि महिलाएं आगे आएं और हर मंगल को अपने घर के नजदीकी मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करें।

## डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को दिए सख्त दिशा निर्देश

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** डीजीपी प्रशान्त कुमार ने शुक्रवार को प्रदेश के समस्त वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों को अपराध नियन्त्रण को लेकर निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात करते हुए डीजीपी ने कहा कि आगामी त्यौहारों यथा मोहर्रम, कावड़ यात्रा आदि के दृष्टिगत पीस कमेटी, शान्ति समितियों की गोष्ठी कर ली जाये, डिजिटल वालेन्टियर्स एवं सिविल डिफेन्स का सहयोग लिया जाए। डीजे की अनुमति के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत नियमो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस पिकेट, पुलिस गश्त, मोबाइल पेट्रोलिंग करायी जाए।

गोवध और गो-तस्करी की रोकथाम के लिए कार्य योजना बनाकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा उक्त घटना में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जाये। कहा कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रत्येक जनपद में गम्भीर प्रवृत्ति के 20-20 अभियोगो को चिन्हित कर न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक अभियोगो में अभियुक्तों को सजा दिलाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। माफियाओं एवं संगठित अपराधियों द्वारा अवैध रूप से अर्जित सम्पत्ति को गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14 (1) के अन्तर्गत जब्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांकः– 571/EE-3/GL-7/24-25 दिनांक 05/07/2024

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन–3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक. 12/07/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12/07/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके प्राप्त की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है बिना धरोहर राशि की निविदा स्वीकार नहीं होगी। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्त तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Boring work of Mini Tubewell size 200x200 mm dia at Banarsitola, Aliganj. Lucknow | Rs 450/- | Rs 8400/- | 7Days |
| 2. | Development. Supply of P-Gravel & Other mechanical works for Mini Tubewell bored at Boring work of Mini Tubewell size 200x200 mm dia at Banarsitola, Aliganj, Lucknow | Rs 450/- | Rs 8400/- | 7Days |
| 3. | Supply & Fixing of by pass system & other electrical/Civil works for newly bore mini tubewell at Banarsitola, Aliganj, Lucknow | Rs 300/- | Rs 8400/- | 7Days |

अधिशासी अभियन्ता जोन–3
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

## एक नजर

### इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाने के लिए होगी अपील

**कानपुर, अमृत विचार :** आगजनी कांड में सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाने के लिए सरकार हाईकोर्ट में अपील करेगी। शुक्रवार को अभियोजन पक्ष की ओर से डीएम को प्रतिवेदन सौंपा गया। इसके साथ ही एमपीएमएलए सेशन कोर्ट से रंगदारी व षड़यंत्र रचने की धारा में बरी हुए पांचों दोषी के खिलाफ अपील की जाएगी।

### सीएम का फर्जी प्रोटोकॉल अधिकारी भेजा गया जेल

**कानपुर, अमृत विचार :** चकेरी थानाक्षेत्र में मुख्यमंत्री का प्रोटोकाल अधिकारी बताकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को चकेरी पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है। चकेरी के सनिगवां में शुभम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, विजय सिंह भदौरिया, दीपक, सिमरन, आशीष समेत अन्य लोगों ने नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाकर शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने सनिगवां निवासी योगेंद्र शिवहरे को हिरासत में लिया था।

### गृह मंत्रालय की टीम आई शत्रु संपत्तियों की हुई जांच

**कानपुर, अमृत विचार :** शत्रु संपत्तियों की जांच करने के लिए शुक्रवार को गृह मंत्रालय की चार सदस्यीय टीम शहर आई। सर्किट हाउस में शत्रु संपत्ति अभिरक्षक राहुल रमेश नागरे ने पहले जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार के साथ बैठक कर प्रकरण की जानकारी ली। इसके बाद टीम ने स्वरूपनगर और रावतपुर गांव में शत्रु संपत्तियों को देखा। कब्जा की गई संपत्तियों और कार्रवाई के संबंध में अफसरों से पूछताछ की। टीम ने जाजमऊ और बेकनगंज में भी शत्रु संपत्तियों का निरीक्षण किया। एडीएम ने बताया शत्रु संपत्तियों की जांच करने भारत सरकार के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक, गृह मंत्रालय के उपसचिव राजेंद्र कुमार आदि अधिकारी आए हैं।

# लखनऊ गई हैलट की दुलारी, नम हुईं आंखें, रह गईं यादें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**भावुक पल**

- जन्म होने के बाद बच्ची को छोड़कर भाग गए थे माता-पिता
- हैलट अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने बच्ची को पाला
- अब लखनऊ राजकीय बाल गृह में होगा बच्ची का पालन-पोषण

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग से शुक्रवार को सबकी लाडो सिया लखनऊ चली गई। वह नौ माह में यहां सबकी आंख का तारा बन गई थी। हर किसी को नन्ही सी बच्ची की मुस्कान देखने की आदत हो गई थी। कोई डॉक्टर या स्टाफ उसे गोदी में खिलाता तो कोई उसे बाहर तक घुमा लाता था। शुक्रवार को नियमों के तहत बच्ची को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेज दिया गया। इस दौरान बच्ची को रोता देख सबकी आंखें नम हो गईं, मानों वह खुद को अपने से दूर न करने की जिद कर रही हो।

हैलट के जच्चा-बच्चा अस्पताल में 19 सितंबर को रनियां निवासी पूनम ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया था। बच्ची प्री-मिच्योर थी तो डॉक्टरों ने उसे एनआईसीयू के वेंटीलेटर में भर्ती किया। तब बच्ची की हालत गंभीर थी। इस दौरान उसके माता-पिता बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने अस्पताल में दर्ज कराए गए पते और नंबर पर संपर्क किया, लेकिन वह फर्जी निकले। इसके बाद एसएनसीयू में मौजूद डॉक्टरों व स्टाफ ने बच्ची को अपने घर का सदस्य समझ कर इलाज किया और जरूरत की सभी चीजें भी उपलब्ध कराईं। दो माह तक कड़ी मेहनत कर डॉक्टरों ने बच्ची का जीवन बचाया। इसके बाद एनआईसीयू से बच्ची को सिस्टर रूम में एक पालना रखकर उसमे शिफ्ट कर दिया गया। उसकी देखरेख विभाग के जूनियर डॉक्टर, नर्स व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मिलकर की। फूल सी बच्ची को कोई राधा तो कोई लाडो कोई सिया तो कोई पूनमिया के नाम से दुलार से पुकारता। उसके रोने पर डॉक्टर व स्टाफ उसे बाहर घुमाकर भी लाते थे। नौ माह तक साथ रहने की वजह से बच्ची भी अस्पताल को अपना घर और स्टाफ राजकुमारी, इंदु, पूनम, कंचन, शबाना व अंजलि आदि को अपना परिजन समझने लगी थी। लेकिन शुक्रवार को बच्ची सबकी आंखें नम कर लखनऊ के राजकीय बाल गृह चली गई। अस्पताल से जाते वक्त वह रो रही थी, मानों जैसे उसका जाने का मन न हो।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला भी प्यारी सी बच्ची को गोद में लेने से अपने आप को रोक नहीं सके। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बच्ची को दुलार किया। इस दौरान बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अरुण कुमार आर्या, बाल रोग अस्पताल के सीएमएस डॉ.विनय कटियार , जूनियर डॉक्टर व स्टाफ आदि रहे।



सिया के बिछड़ने के गम में रोती नर्स। अमृत विचार

### बच्ची के लिए बाल रोग विभाग की नर्स शबाना अपने हाथों से सिलती थी कपड़े

बाल रोग विभाग की चीफ सिस्टर राजकुमारी, इंदू, कंचन, पूनम और शबाना से बच्ची का लगाव काफी ज्यादा हो गया था, जिस वजह से बच्ची के जाने पर उनकी आंखों से आंसू निकल आए। शबाना ने बताया कि वह बच्ची के लिए आने हाथों से कपड़े सिलकर लाती थी। घर में कोई छोटा बच्चा नहीं है, इसलिए वह उसे अपनी बच्ची की तरह ही प्यार देती थी, हर पल उसका ख्याल रखती थी। कई लोंगों ने बच्ची को गोद लेने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन नियम व शर्तों की वजह से ऐसा नहीं हो सका।

## बहराइच में करंट से दो की गई जान

**बहराइच, अमृत विचार:** जिले के हरदी थाना और कोतवाली देहात क्षेत्र में करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरदी थाना क्षेत्र के जानकी नगर गांव निवासी राम समुझ (28) शुक्रवार को खेत में मवेशियों को देखने गए थे। इसके बाद वह वापस आने लगे। रास्ते में लघुशंका करते समय वह बिजली के तार की चपेट में आ गये। जिससे उनकी करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ऐसे लेते हैं प्रधानाचार्या का चार्ज कुर्सी छीनी फिर बाहर निकाला

## बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल से छेड़छाड़ और लूट का मामला

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में प्रधानाचार्या के पद को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। विवाद के निपटारे को मामला कोर्ट में विचाराधीन है। लेकिन, बीते दो जुलाई यानि मंगलवार की सुबह दर्जनों की संख्या में मिशनरियों से जुड़े दबंग लोग प्रयागराज के कटरा स्थित बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में पहुंचे व प्रधानाचार्या के कक्ष में घुसकर उनसे बदसलूकी की। छेड़छाड़ के साथ मारपीट और लूट की घटना को अंजाम दिया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे मे कैद हो गयी। दबंगों ने महिला प्रिंसिपल को कक्ष से बाहर निकालते हुए उनकी कुर्सी पर जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ित प्रधानाचार्या ने बाद में घटना का प्रार्थनापत्र स्थानीय थाने में दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। लेकिन,अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

घटना को लेकर बिशप जानसन गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्या पारुल सलोमन ने बताया कि बिशप मॉरिस दान ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए एक महिला को मेरी जगह प्रधानाचार्या घोषित कर दिया। जबकि इस पद को लेकर पूरा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। लेकिन, मुझे हटाकर उक्त महिला को जबरन चार्ज दिलाने को खुलेआम गुंडई की गई।

पारुल ने बताया कि बीते मंगलवार सुबह 07:30 बजे अपने कक्ष में बैठकर कार्य कर रही थी। अचानक कुछ लोग मेरी केबिन में आये व अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। मैंने इस बात का विरोध किया तो उन्होंने मेरे साथ हाथापाई की और मुझे जान से मारने की धमकी देने लगे।



बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में प्रधानाचार्या का कुछ इस तरह चार्ज छीना गया। अमृत विचार

> पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। 161 का बयान और मेडिकल भी कराया गया है। 164 का बयान होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> –प्रदीप कुमार सिंह, इंस्पेक्टर कर्नलगंज

## दिनदहाड़े स्टैंड संचालक की गोली मारकर हत्या

**कानपुर, अमृत विचारः** अतिव्यस्त नौबस्ता चौराहे पर शुक्रवार सुबह वैन स्टैंड संचालक की कनपटी पर गोली मार कर हत्या कर दी गई। शूटर चौराहे की ओर से पैदल आया और गोली मारने के बाद हमीरपुर की ओर वैन में बैठ कर फरार हो गया। डीसीपी साउथ, एडीसीपी समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। पास के होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में हत्यारोपी कैद हो गया, आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें लगाई गई हैं। हत्या के पीछे अवैध स्टैंड का संचालन का विवाद सामने आया है।

मूलरूप से कुढ़नी, गाजीपुर निवासी वैन चालक हरिकरन सिंह (58) हनुमंत विहार थानाक्षेत्र स्थित ताज नगर में पत्नी रेनू, बेटे अमित, बहू रेशू व छोटी बेटी मोना के साथ रहते थे। बड़ी बेटी सोनल सिंह की शादी हो चुकी है। गौशाला निवासी भतीजे दीपू ने बताया कि अमित हमीरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में व रेशू बिधनू ब्लॉक स्थित जूनियर विद्यालय में शिक्षक हैं। दीपू के मुताबिक हरिकरन नौबस्ता चौराहा स्थित अवैध वैन स्टैंड भी संचालित करते थे। शुक्रवार सुबह वह करीब 8 बजे नौबस्ता चौराहा स्थित हनुमान प्रसाद ओझा के कचौरी वाला रेस्टोरेंट के बाहर बैठ कर अखबार पढ़ रहे थे। इसी दौरान नौबस्ता चौराहा की ओर से एक युवक आया और उनकी कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी।

# ब्रिटेन में दूसरी बार सांसद बने कानपुर के नवेंदु मिश्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रिटेन के आम चुनाव में शहर के रहने वाले नवेंदु मिश्र चुनाव जीतकर दूसरी बार सांसद बन गए हैं। उन्होंने लेबर पार्टी से चुनाव लड़कर जीत हासिल की है। नवेंदु मिश्र का परिवार खुशी से गदगद है। नवेंदु कानपुर के आर्यनगर निवासी हैं। उनका परिवार आर्यनगर में रहता है। उनके चचेरे भाई डॉ. हिमांशु मिश्र शिवराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल ऑफीसर हैं। उन्होंने बताया कि चाचा प्रभात रंजन मिश्र मुंबई में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। वहीं से वह 1998-99 में परिवार के साथ एक कंपनी में नौकरी करने ब्रिटेन चले गए थे। नवेंदु मिश्र ने प्रारंभिक शिक्षा कानपुर में ली। उन्होंने बताया कि लेबर पार्टी से नवेंदु मिश्र ने स्कॉटपोर्ट सीट से जीत हासिल की है। शिक्षा पूरी करने के बाद ही वह लेबर पार्टी से जुड़ गए थे। डॉ.हिमांशु ने बताया कि नवेंदु ने शुक्रवार सुबह पांच बजे फोन कर चुनाव जीतने की सूचना दी और पिता जी से आशीर्वाद लिया।



नवेंदु मिश्र।

### अभी शादी नहीं की

नवेंदु ने इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ राजनीति शुरू की। राजनीतिक व्यस्तता की वजह से उन्होंने दो बार अपनी शादी रद कर दी। परिवार के लोग बताते हैं कि कोरोना काल के दौरान लखनऊ में रिश्ते का कार्यक्रम तय हुआ था। लड़की देखनी थी, लेकिन उसी समय ब्रिटेन में चुनावी सरगर्मी शुरू होने के कारण वह कार्यक्रम रद कर वापस चले गए थे।

# संतों ने राहुल के खिलाफ पारित किया निंदा प्रस्ताव

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बयान कि हिंदू हिंसा और नफरत फैलाते हैं, को लेकर साधु संतों का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अयोध्या के बड़ा भक्तमाल मंदिर में शुक्रवार को एकत्र हुए प्रमुख मंदिरों के महंतों ने निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए एक मत से निर्णय लिया है कि यदि राहुल गांधी संसद में माफी नहीं मांगते, तो आगामी कुंभ में यह मुद्दा एक विकराल रूप धारण करेगा। संत समाज देश में कांग्रेस के विरुद्ध मुहिम चलाकर बताएंगे कि कांग्रेस किस तरह से हिंदू और सनातन धर्म के विरुद्ध विषवमन कर रही है। संतों ने कहा जिस तरह से शिवजी का चित्र लेकर राहुल ने हिंदुओं पर आरोप लगाया है, वह अत्यंत निंदनीय है।

# रेलवे के गति शक्ति विवि व एयरबस में समझौता

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय वडोदरा और एयरबस ने भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया। सितंबर 2023 में हस्ताक्षरित एमओयू (समझौता ज्ञापन) में आगे का कार्य करते हुए रेमी मेलार्ड अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया और प्रो. मनोज चौधरी कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय के बीच रेल भवन, नई दिल्ली में एक निर्णायक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर रेल, सूचना और प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के प्रथम कुलाधिपति भी हैं, नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह, रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा, नागरिक उड्डयन मंत्रालय में सचिव वमलुनमंग वुलनम और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते में पूरे कार्यक्रम के दौरान जीएसवी के 40 छात्रों के लिए पूर्ण छात्रवृत्ति कार्यक्रम, जीएसवी में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और जीएसवी में एयरबस एविएशन चेयर प्रोफेसर पद की स्थापना शामिल है।



# दो वर्षों में 10,000 गैर-वातानुकूलित रेल डिब्बों का निर्माण करने की योजना

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचारः** केन्द्रीय रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन में एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए इस बात को दोहराया कि भारतीय रेल गरीबों, निम्न मध्यम व मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती रेल यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल ने अगले दो वर्षों के दौरान 10,000 गैर-वातानुकूलित रेल के डिब्बों का निर्माण करने की योजना बनाई है।

श्री वैष्णव ने देशभर के 12 लाख रेल कर्मियों से समर्पण के साथ काम करने और अपना मनोबल ऊंचा रखने की भी अपील की। साथ ही, उन्होंने रेलवे कर्मियों से सामूहिक रूप से काम करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि भारतीय रेल पर लोगों का भरोसा कायम रहे।




कार्यक्रम को संबोधित करते रेलमंत्री।

# राममंदिर की सुरक्षा को लगेगा तड़ित चालक यंत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** हवाई जहाज से राम मंदिर के शिखर की सुरक्षा के लिए 201 फिट ऊंचाई पर ध्वज दंड पर तड़ित चालक यंत्र लगाया जाएगा। शुक्रवार को मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शिखर निर्माण और ध्वज स्तंभ को लेकर मंथन शुरू कर दिया गया है। 161 फिट शिखर वाले राम मंदिर पर 40 फीट ऊंचा दंड लगाया जाएगा जो 200 वर्षों तक सुरक्षित होगा। मंदिर निर्माण समिति की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय की अध्यक्षता में बैठक हुई। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की तबियत खराब होने से शामिल नहीं हुए लेकिन उनके सहयोगी के रूप में सीबीआरआई रुड़की के अध्यक्ष रहे अनूप मित्तल ने भागीदारी की और मंदिर निर्माण कार्य पर इंजीनियरों के साथ चर्चा की।


## वर्ग पहेली-122

**बाएं से दाएं**

2. 1. वेग से एक चीज़ को किसी दूसरी चीज़ में गिराना
4. एक प्रकार का विवाह या सगाई, विधवा स्त्री से किया जाने वाला विवाह।
6. 1. क्षय, नाश 2. क्षीणता।
8. 1. जो रोका न गया हो, अनिवारित 2. जिसके प्रति सावधानी न बरती गई हो, जिसकी देखभाल न की गई हो।

**ऊपर से नीचे**

1. सींची हुई ज़मीन।
3. 1. किसी चीज़ को दो भागों में बांटने या काटने की क्रिया
4. 1. कमीना, नीच 2. दोगला।
5. 1. घबरा जाना, व्याकुल या विकल हो जाना 2. आतुर हो जाना।
7. 1. जड़ 2. असावधान 3. जिसमें चेतना न हो 4. प्राणहीन 5. बेहोश।




### वर्ग पहेली -121 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 हं | 2 स | दी | प | क | |
| | जा | | | | 3 ए |
| | ती | | 4 अ | | य |
| 5 ज | य | ज | य | का | र |
| लं | | | | | टा |
| 6 ध | जी | ला | | | इ |
| र | | | 7 घूँ | घ | ट |

## सुडोकू -35

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | 8 | | 2 | | | 1 | 5 |
| 2 | | 4 | 1 | | | 3 | | 9 |
| | | 9 | | | 2 | | | |
| 5 | 6 | | | | | | 9 | 3 |
| | | | 5 | | | 8 | | |
| 3 | | 5 | | | 4 | 1 | | 6 |
| 7 | 4 | | | 8 | | 9 | | |
| | 8 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू -34 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 |
| 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 | 6 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जुलाई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 7 जुलाई 04 .25 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 7 जुलाई 4 .48 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज का दिन सरकारी अधिकारियों के लिए आपाधापी से भरा हो सकता है तथा काम के बोझ के कारण उन्हें तनाव भी होगा। आपके अंदर दया का भाव जागृत होगा,जो समाज सेवा की प्रेरणा देगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रोमांटिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकता हैं।

**वृष** – आज छात्रों का मन पढ़ाई में लगेगा,लेकिन यदि आप 11 वीं या 12 वीं कक्षा में हैं तो आप अपने भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। ऐसे में आप ऐसे विषयों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे,जो भविष्य में आपके काम आ सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा।

**मिथुन** – आज के दिन अपने लिए नए क्षेत्र चुनने होंगे,जिससे उनके अनुभव में वृद्धि होगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों का मन भी नई चीजों के प्रति आकर्षित होगा,जिससे उनका मन अपने काम में नहीं लगेगा। आप अपने काम के प्रति चिढ़चिढ़ा रवैया भी अपना सकते हैं।

**कर्क** – आज के दिन लाभ कमाने के लिए आपको ज्यादा परिश्रम करने की आवश्यकता है। भाई या बहन का भी साथ मिल सकता है,जिससे आपको सहायता मिलेगी। इस दौरान आप थकान का भी अनुभव कर सकते हैं,जिससे मानसिक तनाव भी हो सकता है।

**सिंह** – आज का दिन उत्तम रहेगा व उन पर अपने माता-पिता का आशीर्वाद बना रहेगा। कुछ क्षेत्रों में उन्हें असफलता हाथ लग सकती है,लेकिन आत्मविश्वास पहले की तुलना में मजबूत होगा। ऐसे समय में किसी भी समस्या का डटकर सामना करें।

**कन्या** – आज यदि आप शेयर बाजार में पैसों को निवेश करते रहते हैं तो संभल कर पैसा लगाएं ,क्योंकि कहीं से बड़ा नुकसान होने की संभावना है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। आप अपने परिजनों को काफी समय देंगे।

**तुला** – आज के दिन आपका अपनी माता के साथ वैचारिक रूप से मतभेद हो सकता है,जिससे घर में तनाव का माहौल रहेगा। इस दौरान आपकी माता का स्वास्थ्य भी खराब रह सकता है,जिससे मन विचलित रहेगा।

**वृश्चिक** – आज यदि आपको पहले से कोई समस्या है तो उससे आराम मिलेगा तथा स्वास्थ्य पहले से अच्छा रहेगा। बीपी और शुगर के रोगी बाहर का खाना खाने से बचें और घर पर पौष्टिक आहार का ही सेवन करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**धनु** – आज यदि आप अपने साथी से दूर हैं तो उन्हें आपकी चिंता रहेगी। ऐसे में स्वयं के स्वभाव को सरल रखें तथा अहंकार को अपने ऊपर हावी न होने दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है। योजनाओं को अच्छी तरह से क्रियान्वित कर पाएंगे।

**मकर** – आज आप अपनी कार्यशैली में व्यापक बदलाव कर सकते हैं। साथ ही शारीरिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे। कानूनी मामलों को लेकर आपको थोड़ा परेशान होना पड़ सकता है। भाई-बहन को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज कॉलेज में पढ़ रहे छात्र अपने लिए नए मार्गदर्शक की खोज में रहेंगे,जिससे वे अपना लक्ष्य निर्धारित कर सकें। आपको कहीं से काम करने का अवसर प्राप्त होगा जिसे हाथ से न जाने दें,क्योंकि भविष्य की दृष्टि से यह आपके लिए सहायक सिद्ध होगा।

**मीन** – आज आप अपने प्रेम जीवन के प्रति नीरस भाव रखेंगे तथा साथी के प्रति रुचि कम होगी। किंतु आपका पार्टनर आपको भलीभांति समझेगा,जिससे उनका साथ आपको मिलेगा। आय की स्थिति काफी अच्छी रहेगी। इच्छित कार्य समय से पूरे हो जाएंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**दीवाना मस्ताना** – सुबह : 11 .45
**यमला पगला दीवाना** – शाम : 06 .17

&pictures
**द कराटे किड** – सुबह :10 .39
**द कश्मीर फाइल्स** – रात : 08 .00

SONY PIX
**गॉडजिला** – सुबह : 10 .57
**वेनम** – शाम : 06 .51

ZEE CINEMA
**तारे जमीन पर** – सुबह : 10 .26
**समय 2** – रात : 08 .30

colors CINEPLEX
**तो बात पक्की** – सुबह : 09 .55
**पद्मावत** – रात : 09 .47

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति- आज खाना क्यों नहीं बनाया?
पत्नी- गिर गई थी लग गई।
पति- कहां गिर गई थी और क्या लग गई थी ?
पत्नी- तकिए पर गिर गई थी।
और आंख लग गई थी।

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?
स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है।
टीचर-अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?
स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं।

सत्यं रूपं श्रुतं विद्या कौल्यं शीलं बलं धनम्।
शौर्यं च चित्रभाष्यं च दशेमे स्वर्गयोनयः॥

सच्चाई, खूबसूरती, शास्त्रज्ञान, उत्तम कुल, शील, पराक्रम। धन, शौर्य, विनय और वाक्पटुता –ये दस गुण स्वर्ग पाने के अर्थात् समस्त ऐश्वर्य पाने के साधन हैं।

## संपादकीय

# एक और उपलब्धि

भारत ने एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। यह सफलता देश ने रक्षा क्षेत्र में हासिल की है। रक्षा उत्पादन में भारत ने नया रिकार्ड बनाया है। देश ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 16.8 प्रतिशत बढ़कर 1,26,887 करोड़ रुपये रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ रुपये था। रक्षा उद्योग क्षेत्र भारत में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और स्वदेशीकरण सामरिक और आर्थिक दोनों ही कारणों से महत्वपूर्ण है इसलिए यह सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार भारत को अग्रणी वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए और अधिक अनुकूल व्यवस्था सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा सकता है आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान देते हुए पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार द्वारा किए गए विभिन्न नीतिगत सुधारों/पहलों और व्यापार करने में आसानी से जुड़े कदमों के कारण यह उपलब्धि अर्जित हुई है। स्वदेशीकरण के प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ाया गया है। बढ़ते रक्षा निर्यात ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन की समग्र वृद्धि में जबरदस्त योगदान दिया है। आंकड़ों से पता चलता है कि पूर्ण मूल्य के संदर्भ में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

पिछले पांच वर्षों के दौरान (2019-20 से), रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ता रहा है और इसमें 60 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। महत्वपूर्ण है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रक्षा निर्यात ने 21,083 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 15,920 करोड़ रुपये का था। सरकार का मानना है कि इस क्षेत्र में औद्योगिक और तकनीकी विकास ने अकादमिक और शोध संस्थानों द्वारा विकसित तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय उद्योग की क्षमता का दोहन करके इस उद्देश्य को प्राप्त करना संभव बनाया है। इस तरह मेक इन इंडिया कार्यक्रम वर्ष-दर-वर्ष नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा उत्पादन दोनों में निवेश को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, जिससे स्वदेशीकरण में वृद्धि होगी। सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी ही और यह देश को आत्मनिर्भर भी बनाएगा।

# लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो,जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन,समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए।

बुद्धिजीवी तो लोकजीवन से दूर रहता है। साहित्यकार लोकजीवन के लिए नहीं, सत्ता के लिए लिखता है,भले ही वह जनता-जनता का कीर्तन करता हो। उसका शिल्प और भाषा ही लोक की नहीं है,उसका ध्येय भी पुरस्कार है। किसी जमाने में महात्मा गांधी और विनोबा या जेपी जैसे लोग जनता के बीच ही रहते थे,लोक शिक्षण करते थे। आज लोक जीवन में उतरने वाले लोग कौन-कौन से हैं? या तो राजनैतिक कार्यकर्ता हैं या बाबा लोगों के एजेंट हैं अथवा अपराधी गिरोह हैं। अत्याचार, बलात्कार, मंहगाई, भ्रष्टाचार, आतंकवाद आदि रोग के बाहरी लक्षण हैं,कारण नहीं। इसका कारण लोक से जनतंत्र की दूरी और अपरिचय है। लोकचेतना के उभार के बिना व्याधि का उपचार संभव नहीं।

लोकचेतना विभक्त चेतना नहीं होती। यदि विभक्त चेतना है तो वह जाति चेतना है,मजहबी चेतना है,पंथ चेतना है,वर्ग चेतना है,क्षेत्र चेतना है,संकीर्ण भाषा चेतना है,लोकचेतना नहीं है। लोकचेतना सर्वचेतना होती है,अविभक्त चेतना होती है। विभक्त चेतना में जाति, वर्ग, वर्ण, मजहब-पंथ, क्षेत्रीयता आदि और पार्टियों के हित या स्वार्थ का आग्रह होता है। स्वतंत्रता के संग्राम में लोकचेतना जागृत थी। भारत की जनता अंग्रेजों के सामने एक सशक्त और समन्वित इकाई के रूप में संघर्ष कर रही थी। स्वराजी की चेतना विभक्त चेतना नहीं थी,वे भिन्नताएं और वे रेखाएं, जो आज इतनी गहरी हो गई हैं,उस समय भी थीं,अवश्य थीं, किंतु स्वराज की चेतना के सामने वे उसी प्रकार से अस्त हो गई थीं,जैसे सूर्य के प्रकाश में ग्रह नक्षत्रों का अस्तित्व दिखता नहीं। स्वराज का सरोकार सर्वजन का सरोकार था,सामान्य जन का सरोकार था,समष्टिजन का सरोकार था और मनुष्यता का सरोकार था। व्यापकता का सरोकार था।

सत्ता का सरोकार लोकमानस को विभक्त करता है। इसलिए जब स्वराज आता दिखने लगा तब जाति,पंथ,भाषागत संकीर्णता,संकीर्ण प्रांतीयता, दलगत स्वार्थ के भेद उभरे और उभारे जाते रहे। इस विभक्त चेतना को तत्कालीन सत्ता से ऊर्जा मिली और उस विभक्त चेतना का परिणाम देश के विभाजन के रूप में सामने आया।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था,समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्य जन पर प्रहार था, सामान्य जन, जो बिना सुरक्षा तंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे।

तत्कालीन सत्ता का यह षड्यंत्र ही था कि उसने रियासतों को सत्ता सौंपी। जाति-पंथ की विभक्त चेतनाओं को सर्वजन चेतना पर प्रहार का मौका मिल गया और जाति- पंथ की विभक्त चेतनाओं ने सर्वजन चेतना पर प्रहार किया। विभक्त चेतनाओं को बल मिला और सर्वजन चेतना निर्बल हुई।

गांधी पर जो प्रहार हुआ था, वह वास्तव में लोकचेतना पर प्रहार था, सर्वजन चेतना पर प्रहार था,समष्टि जनचेतना पर प्रहार था। वह सत्ता पर प्रहार नहीं था, वह सामान्यजन पर प्रहार था, सामान्यजन, जो बिना सुरक्षातंत्र के रह रहा था। स्वराज मिलने के बाद कहने को उसका नाम भले ही समाजवाद हो, बहुजनवाद हो, राष्ट्रवाद हो या कुछ और व्यापक सा दिखने वाला, लोकतंत्र के गौरवगान वाला नाम हो, परंतु वह अंधे के नैनसुख नाम जैसा ही था, क्योंकि सत्ता स्वार्थ उसके भीतर विराजमान था। सब कुछ स्वतंत्रता और लोकतंत्र के जयजयकार के कोलाहल में हो रहा था। जाति, पंथ, वर्ग, क्षेत्रीय स्वार्थ को लेकर नाना प्रकार के उपद्रव, दंगे आगे भी हुए, होते रहे। आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

व्यष्टि स्वार्थ ने धर्म का चोला पहन लिया है। धर्म वह हो ही नहीं सकता जो सर्व का प्रतिपादन न करता हो,जो समष्टिहित से प्रेरित न हो,जो सामान्यजन के पक्ष में खड़ा न हो। लोकचेतना की नैतिक सत्ता सर्वजन,समष्टि जन और सामान्य जन के हित की सत्ता होती है। यही कारण है कि उसने राज्य को भी नीति का निर्देश दिया और नीति निर्देशक तत्व संविधान में समाविष्ट हुए। संविधान में स्वतंत्रता,समानता और न्याय के दर्शन की प्रतिष्ठा लोकचेतना की ही प्रतिष्ठा है। सच तो यह है कि लोकचेतना अध्यात्म है। सत्ता के तर्कशास्त्री जो कहना चाहें कहते रहें,सच यह है कि आस्था के बिना लोकचेतना जगती भी नहीं,सर्व के प्रति आस्था,समष्टि के प्रति आस्था,सामान्य के प्रति आस्था। अध्यात्म के माने संकीर्ण नहीं हो सकता, खंडित अहम का नाम आत्म नहीं है। आत्म व्यापक है,जिसमें सर्व समाया हुआ है,जिसमें पूर्ण समाया हुआ है। आजादी की लोकचेतना सत्य के आग्रह के साथ जगी थी,सत्य के आग्रह से बड़ा कौन सा अध्यात्म हो सकता है? यही कारण है कि संविधान का सूत्र वाक्य बना-सत्यमेव जयते, सत्यमेव जयते अध्यात्म का ही सूत्र है।

स्वतंत्रता संघर्ष की चेतना में मानवीय संवेदना है। सच्चाई तो यह है कि लोकचेतना मूलतः मानवीय चेतना होती है, वह जाति चेतना, वर्ग चेतना, मजहबी चेतना, भाषायी और क्षेत्रीय संकीर्णता से ऊपर की बात है। यह मानवीय संवेदना ही थी, जिसने मनुष्य के प्रति करुणा का रूप ग्रहण करके देश की सीमा का अतिक्रमण किया था। नहीं तो, रोमा रोलां जैसे अनेक विदेशी नर और नारी भारत की स्वतंत्रता के समर्थक कैसे बन जाते? खुदीराम बोस की फांसी की सजा की गूंज रूस के लेनिन तक पहुंची थी। सच्चाई, ईमानदारी, सामाजिकता का भाव, श्रम, समानता, लोककल्याण स्वतंत्रता आंदोलन के जीवन मूल्य हैं। गीता स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा है। गीता लोक आस्था का केन्द्र है और स्वतंत्रता के आंदोलन को गीता गति दे रही है। खुदीराम बोस को फांसी होती है,उनके कंठ में गीता है। लोकमान्य तिलक कर्मयोग शास्त्र नाम से गीता का भाष्य लिखते हैं और सूत्र देते हैं, स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है।

महात्मा गांधी अनासक्ति योग के नाम से गीता का भाष्य करते हैं। महर्षि अरविंद गीता का भाष्य कर रहे हैं। पूरी संत परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा शक्ति बनी है-मीरा है,नरसी है। प्रार्थना सभाओं में संतवाणी गूंज रही थी। वैष्णवजन तो तैणें कहिये जे पीर परायी जाणें रे।/ पर दुःखे उपकार करे तो हे मन अभिमान न आणे रे। सकल लोक मां सहुने बन्दे निन्दा न करे केणी रे।/ बाछ काछ मन निरमल राखे सकल तीरथ तेणा मन मां रे।/ भणे नरसंइयों तेणु दरसन करतां धन-धन जननी तेणी रे। यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा है-सत्य। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया,सत्य का अहिंसात्मक आग्रह,सविनय अवज्ञा। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था-सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। भारतीय संविधान आस्थाहीन राष्ट्र का संविधान नहीं है, सत्यमेव जयते हमारे लिए सजावट की चीज नहीं है,वह हमारी आस्था है।

प्रत्येक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही तो आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्म निरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म भी नहीं हो सकता। सत्य हमारे देश की विचार प्रणाली में है, सत्य हमारी आचार संहिता में सबसे बड़ा जीवन मूल्य है, सत्य हमारी आस्था और विश्वास का मूलतत्व है। सत्य के अभाव में कोई संस्कृति,कोई साहित्य हमें स्वीकार नहीं। यदि मन , वाणी और आचरण में सत्य की प्रतिष्ठा न हो तो भारत का लोक मानस बड़े से बड़े राजनेता को धिक्कार सकता है और धिक्कारता भी है।

## प्रसंगवश

# जैसा मैंने बाबा को देखा

बात 15-20 वर्ष पुरानी है। उस समय पटियाली (एटा) निवासी, पुलिस सेवा से ऐच्छिक निवृत्ति प्राप्त सूरज पाल भोले बाबा के नाम से प्रसिद्धि पा चुका था। भोले बाबा का पूरनपुर में मेरे मकान के पास ही 'मजमा-स्थल' कहूं, 'चमत्कार क्षेत्र' कहूं, या 'आध्यात्मिक शिविर' कहूं, लगाया गया था। मेरे लिए तो यह संयोग ऐसा था कि भोलेबाबा का कार्यक्रम हम लोग अपनी छत पर बैठकर आराम और आसानी से देख सकते थे।

मंच का मुख हमारी ओर अर्थात दक्षिण दिशा की ओर होता,पर कार्यक्रम उत्तरोन्मुख होने के कारण हमारी ओर वाली दक्षिणी दिशा को पूर्णतः कनातों से कवर कर दिया गया था और पूरे पांडाल के ऊपर तो टेंट की छत थी ही। अस्तु, मुझे अपनी पत्नी के साथ भोले बाबा को देखने-सुनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर ही जाना पड़ा। मैंने सुन रखा था कि उनकी तर्जनी पर हमेशा सुदर्शन चक्र गतिमान रहता है और कोई भी उनसे नजर नहीं मिला सकता है। हम पति-पत्नी अपने मकान से जाने के कारण कार्यक्रम के गेट,जो उत्तर में काफी दूर पड़ता था, से न जाकर दक्षिण की ओर से ही कनात उठाकर सीधे भीतर घुस गए। (हालांकि हमें ऐसे अशिष्ट ढंग से प्रविष्ट नहीं होना चाहिए था,पर इस अशिष्टता पर न किसी ने आपत्ति की और न बाहर खड़े किसी सेवादार ने अंदर जाने से रोका-टोका।) इधर से जाने में सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि पहली पंक्ति में बाबा के बिल्कुल पास और सामने ही स्थापित होने को मिल गया। उत्तर की ओर से आता,तो भीड़ में पता नहीं कहां पर बैठने को मिलता। अंधे को दो आंखें चाहिए और वे मुझे मिल चुकी थीं।


ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

मैं बाबा को बराबर टकटकी लगाए देखता रहा,पर मुझे चक्र-कुचक्र के कहीं दर्शन न हुए। अलबत्ता उनके चेहरे पर नजर अवश्य नहीं ठहर रही थी। ऐसा लगता था,जैसे उनके चेहरे के सामने, 'हवाइयां उड़ रहीं',तो नहीं कह सकता,धीरे-धीरे हवा चल रही हो, जिस कारण ही उनके चेहरे पर नजर नहीं जम पाती थी। बाबा के बाईं ओर बैठी महिला,संपूर्ण समय ऐसी सिकुड़ी बैठी रही,मानो बाबा से बहुत डर रही हो। उनके कार्यक्रम में भूत,चुड़ैल और प्रेत बाधाओं से ग्रस्त महिलाएं भी आतीं थीं और वहीं अपनी जगह पर खड़ी होकर नाचने-झूमने लगतीं थीं। बाबा जी का यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला।

वे रोज कार्यक्रम से लगभग एक-डेढ़ घंटा पहले नगर के बाहर गेस्ट हाउस से विशेष सुरक्षा में विशेष गाड़ी से आकर उद्बोधन समाप्त होते ही उसी गाड़ी से चले जाते थे,जबकि उनके शिष्य मंचीय व्यवस्थाओं के कारण कई घंटे पहले आकर अपनी ड्यूटी को अंजाम देने में जुट जाते थे। पंडाल से मंच तक बाबा के आने के लिए जो पथ बनाया जाता था,उस पर बाबा के चलने के लिए फूल बिछाए जाते थे,जिन्हें अपनी सहचरी के साथ बाबाजी अपने काले बूटों से कुचलते हुए ही सिंहासन तक आया करते थे। बाबा की आरती हो जाने पर जब कार्यक्रम संपन्न होता था,तब बाबा जी तो चले ही जाते थे,पर उनके शिष्यों में उनकी चरणधूलि को बटोरने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती थी।

उस दिन बाबा ने अपने भाषण के बीच वीडियो बनाने वाले लड़के को डांटते हुए गाली भी दी थी। मैंने अगले दिन बाबा के सर्वाधिक निकट और बाबा के बाद, आयोजक संस्था के सर्वे सर्वा को बाबा के इस व्यवहार की फोन से शिकायत की,तो वे बोले, "अरे! वह हमारा ही लड़का था। बाबा का वीडियो ढंग से नहीं बना रहा था, इसलिए उसे फटकार दिया। ऐसा होता रहता है"।

हर संगठन या संस्था के कुछ अपने, नियम, निष्कर्ष या सिद्धांत होते हैं, ताकि वह अन्यों से विशिष्ट लगे, पर भोले बाबा की संस्था में ऐसा कुछ नहीं था। वे रोज ही वही, शराब न पीने, मांस न खाने, जुआं न खेलने का उपदेश ही दिया करते थे। वे कर्मफल की बात विशेष रूप से कहा करते थे। ऊपर मैंने जिन सर्वेसर्वा का जिक्र किया है, एक दिन उन्होंने मुझसे आग्रह किया कि मैं बाबा से व्यक्तिगत रूप से वार्तालाप करूं। मैं बाबा के साक्षात्कार के लिए गेस्ट हाउस गया। उनने कहा था, बाबा जी की दो जीभें हैं, ऐसा है, वैसा है,पर वो कुछ न था । बाहर आकर यहीं मैंने उनसे भी कहा और आगे फोन संपर्क भी बंद कर दिया।

# मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल


तनवीर जाफरी
स्तंभकार

जल संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ्रीका से आई इस खबर ने पूरे विश्व को हिलाकर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरुआत में ही केपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गई थी। अब डे-जीरो के तहत केपटाउन में 75 फीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गई है। यानी 10 लाख से ज्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाम मात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है।

यदि कुछ दिन पहले जारी की गई संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा और इस संकट की शुरुआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों-गरीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिए सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लंबी कतार लगाए देखा गया। यहां तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी,परंतु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वीवासी हम आमजनों ने पानी की बर्बादी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जल संरक्षण पर ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा,यह सही साबित होने में अब ज्यादा वक्त लगता नजर नहीं आता।

जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आंखों से पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। पहाड़ों की हरियाली खत्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिए कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ कह दिया कि 'पानी की कमी है। सुबह को केवल फ्रेश होने के लिए टंकी से पानी थोड़ी देर के लिए चलेगा, परंतु नहाने के लिए पानी नहीं है। पीने के लिए बोतल का पानी उपलब्ध है'। ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोई तात्कालिक जादुई समाधान तो नजर नहीं आता,परंतु प्रत्येक व्यक्ति व सरकारों को इस दिशा में कुछ न कुछ कोशिश तो करनी ही चाहिए। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दर्शाते हुए प्राकृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख्त कानून बनाकर कड़े कदम उठाने चाहिए। गौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल जमीन चाहता है, जबकि प्रकृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है।

वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिए। हर इंसान को शादी, पार्टी,मरना, सालगिरह, विवाह वर्षगांठ, बरसी आदि हर गम,खुशी व त्योहार के अवसर पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिक्री में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है,जबकि प्रकृति प्रदूषण मुक्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल को संचित करने के लिए सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नए-नए तालाब खोदने की जरूरत है। इससे जल संग्रहण भी होगा और आसपास का भूगर्भीय जलस्तर भी सुधरेगा। नवनिर्मित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिए एक पाइप जमीन में डालने की प्रक्रिया (लैंड रिचार्जिंग सिस्टम) को अनिवार्य किया जाना चाहिए।

समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किए तो यकीन मानिए वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जल संकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिए मजबूर होंगे। क्योंकि जल संकट के बादल भारत सहित पूरे विश्व में मंडराने लगे हैं।

## सोशल फोरम

# बहकावों में आ जाते हैं भोले लोग

बात किसी धार्मिक सत्संग की हो या फिर किसी राजनीतिक सम्मेलन की,जहां भीड़ रहेगी वहां भगदड़ की संभावना हमेशा बनी रहेगी। एक छोटी सी घटना भी जिंदा इंसानों को मृतकों में बदल सकती है। ऐसी घटनाओं के मृतकों के प्रति पूरी संवेदना रखते हुए ये सवाल पूछना तो बनता है कि आखिर इन यात्राओं, सत्संग से हासिल क्या होता है? आखिर लोग यहां जाते ही क्यों हैं? और अगर जाते हैं तो वहां से क्या लेकर वापस लौटते हैं?


तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

हजार सालों से धार्मिक यात्राएं और सत्संग हो रहे हैं,लेकिन इनका हासिल सिवाय एक मानसिक संतुष्टि के और कुछ भी नहीं। अगर इनसे कुछ हासिल हुआ रहता तो दुनिया अब तक बदल चुकी होती और शायद लोग इससे लाभान्वित हो इतने बदल चुके होते कि अब इनकी कोई जरूरत ही न रहती, लेकिन फैशन और भेड़ चाल से कोई बदलाव नहीं होता। अगर इनकी जरूरत आज भी बनी हुई है,इसका मतलब इन यात्राओं, सत्संगों का नतीजा सिफर आ रहा है। बिना किसी भीतरी बदलाव के अपने दैनंदिनी कार्यों की तरह हम इसे भी अंजाम देते हैं। इससे अधिक दिमाग हम इस पर लगाते ही नहीं। धर्म कर्म से ज्यादा ये एक सामाजिक जरूरत है। इस एक तीर से हम बहुत से शिकार करते हैं। आजकल तो लोगों ने धार्मिक यात्राओं को भी पर्यटन बना डाला है। धार्मिक यात्राओं में बढ़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि धर्म-कर्म गौण और मौज मस्ती प्रमुख हो गई है।

वैसे सही कहा जाए तो ये भोले लोग हैं,जो दिमाग न लगाने के कारण बहकावों में आ जाते हैं, जिसका फायदा चंद बाबा टाइप लोग जमा कर उठाते हैं। बिना किसी आंतरिक परिवर्तन के जब ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हमारा लक्ष्य बताई जाएंगी। जब मृत लोक से ज्यादा स्वर्ग लोक की चिंता करने को कहा जाएगा,तो लोग इसे भेड़चाल बना ही डालेंगे। ऐसे में दिन प्रति दिन बढ़ती भीड़ के दबाव में ऐसी घटनाओं को टाला नहीं जा सकता। तकलीफ इस बात की ज्यादा है कि ऐसी घटनाओं पर दुखी हो मृतकों के प्रति संवेदना रखने वाले कल खुद इसका शिकार नही होंगे। इसकी कोई गारंटी नहीं। क्योंकि भेड़ों की यही गति होती है।

-फेसबुक वॉल से

# शीघ्र निर्णय हों जनहित के मामलों में

आखिर वे क्या कारण हो सकते हैं कि हाथरस हादसे के मुख्य गुनाहगार साकार विश्व हरि का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं है? एक साधारण व्यक्ति के भी दिमाग में यह बात कौंध रही है कि मुख्य दोषी तो वही है। उच्च स्तरों पर,जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों के मन में क्या चल रहा है,यह तो वही जानें,किंतु आम लोगों के मन में जो चल रहा है वह यही है कि बाबा को बचाया जा रहा है? मगर आखिर क्यों? आम बतकही में तो यही बात आ रही है कि भाजपा एक विशाल वोट बैंक के खिसकने का जोखिम नहीं उठाना चाहती और ऐसे ही 'परसेप्शन' भाजपा के विरुद्ध जाते हैं।


डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अब जैसे नीट का ही मामला है -व्यापक परसेप्शन यही है कि बिना देरी किए,मामले को लटकाए पूरी परीक्षा को रद्द कर दिया जाना चाहिए था,मगर हठधर्मिता की हद तक मामले को खींचा जा रहा है। आखिर क्यों? जनमत यह बन रहा है कि चूंकि बड़े-बड़े नेतागण इसमें होंगे,अपने बच्चों को बचाने की खातिर पूरी परीक्षा रद्द नहीं हो रही है। अगर अन्यथा कोई दीगर सच है तो वह प्रभावी तरीके से सामने लाने में सरकार असमर्थ दिख रही है। आज के डिजिटल जमाने में कोई भी अनियमितता पेपर लीक 'लोकेलाइज्ड' हो ही नहीं सकती। जाहिर है इन मामलों में निर्णय की अनिश्चितता और विलंब संशय उत्पन्न करता है कि सब कुछ ठीक नहीं है। आश्चर्य है कि पूरे देश की संवेदना और विवेक को झकझोर देने वाली घटनाओं से देश में कैसी सोच बन रही है इससे रुलिंग पार्टी अनभिज्ञ सी दिखती है। सच मानिए जनता में ऐसे ही अनिर्णयों से असंतोष और अविश्वास उपजता है,जो अंततः चुनावों में मतदान का बायस बनता है। मतलब जनता की नब्ज पकड़ने में असफलता। ऐसे व्यापक जनहित के मामलों में अनिर्णय एक तरह से रुलिंग पार्टी के लिए 'काउंटर प्रोडक्टिव' होता है। आखिर उच्च स्तरों पर निर्णय क्यों नहीं तत्काल और जनभावनाओं के अनुकूल हो पा रहे हैं? विलंबित निर्णय हुए भी तो क्या? डैमेज तो तब तक हो चुका होगा। का वर्षा जब कृषि सुखाने? और जिन भी कारणों से निर्णयों को लटकाने का मंतव्य रखा जाता है वे अपेक्षानुसार शायद ही कभी फलीभूत होते हों। क्या बाबा के फॉलोवर भाजपा को वोट ही देंगे? इसकी कोई गारंटी है?

मेरी अल्प समझ में मतदान ऐसे मामलों से नहीं,अपितु अन्य कारकों से प्रभावित होते हैं। अभी संपन्न सामान्य निर्वाचन में जहां से ज्यादा अपेक्षा थी धोखा भी वहीं से मिला। वैसे भी न्याय का विलंबन अन्याय तुल्य ही माना जाता है-जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड, बहुश्रुत कथन है। अनिर्णय की स्थिति अपवाद तौर पर किसी पक्ष के लिए फायदेमंद हो भी सकती है,जिसका एक बड़ा और ऐतिहासिक उदाहरण है भूतपूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहा राव के बाबरी मस्जिद के मामले में सारगर्भित चुप्पी साध लेना। इसका परिणाम एक पार्टी के लिए कितना लाभकारी हो गया, इसका इतिहास साक्षी है। भले ही यह छोटी मुंह बड़ी बात लगे,मगर मैं यह बल देकर कहना चाहता हूं कि वर्तमान सरकारें चाहें केंद्र में हों या प्रदेशों में उन्हें जनहित के मामलों में शीघ्रातिशीघ्र निर्णय लेना चाहिए,जिनमें पारदर्शिता, निष्पक्षता और जनकल्याण का भाव निहित हो। ऐसा न होने पर जनमानस में अविश्वास उपजता है,जो व्यवस्था के प्रतिकूल ही परिणाम देता है। अब ये सभी बातें इतना भी पांडित्यपूर्ण नहीं है कि आकाओं की समझ में न आती हों। समझ-समझ कर भी न समझने सरीखा परिदृश्य यदि स्थायी भाव ले लेता है तो वह कितनी हानि पहुंचा सकता है सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। मुझे लगता है यह परिदृश्य बदलना चाहिए। पलायित बाबा का यथाशीघ्र एफआईआर में नामदर्ज करते हुए पाताललोक में भी हो तो पकड़ कर जेल भेजना चाहिए। आम जनता यही चाहती है और नीट की परीक्षा बिना और छीछालेदर कराए रद कर देना चाहिए। अंततः सर्वोच्च अदालत ही अगर रद कर देगी तब?

# छुटभैये बंद, बड़के स्वच्छंद

हाथरस के कथित सत्संग में हुई शताधिक मौतों पर अब तक सत्ता के घड़ियाली आंसुओं और विपक्ष की आलोचनात्मक बौछारों के अलावा कुछ खास हाथ नहीं लगा। चंद छुटभैये सेवादार ही गिरफ्तार हुए हैं।

प्रशासन के कलेक्टर, एसपी तथा बड़े आयोजक व कथित भगवान के अवतार बाबा स्वच्छंद हैं,शायद उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं बन रही हैं। कुछ दिन में खबर ठंडी पड़ जाएगी और नए हादसे व घोटाले अखबारों की सुर्खियां बन जाएंगे। जनता की याददाश्त कमजोर होती है और मामला टायं-टायं फिस्स हो जाएगा। उम्मीद के मुताबिक न तो कहीं बुलडोजर गरजा, न गाड़ी पलटी। दरअसल इन बाबाओं के तमाम अनुसरक होते हैं और एक अच्छा खासा वोट बैंक इनके कब्जे में होता है। ऐसे में इन पर हाथ डालने में सत्ता संकोच करती है और विपक्ष आलोचना भी संभल कर करता है। अब देखिए शासन बाबा को पकड़ नहीं रहा और अखिलेश यादव बाबा के खिलाफ न बोलकर सिर्फ सरकार को कोस रहे हैं। ऐसे में संभावना बड़ी मछलियों के गिरफ्त से बाहर रहने की बनती दिख रही है। अदनों पर ही कार्यवाही होनी संभाव्य है। ये वोट बैंक धारक धर्माचार्य यदि विवशता में बंद भी किए जाते हैं तो चुनाव के समय पे रोल पर छोड़ दिए जाते हैं,ताकि सत्तादल को फायदा पहुंचा सकें।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत चुनावों के समय एक हरियाणवी महंत ऐसे ही छोड़े गए थे। आज भाजपा जिस कांग्रेस को पानी पी-पी कर कोसती है और अपनी किसी वर्तमान असफलता के लिए जवाहरलाल नेहरू को जिम्मेदार ठहरा देती है,उनकी सरकार के रेल मंत्री लालबहादुर शास्त्री ने 1956 में अरियालूर (तामिलनाडु) की रेल दुर्घटना पर इस्तीफा दे दिया था।अब वे दिन कहां हैं? इतने बड़े हादसे पर कोई बड़ा इस्तीफा नहीं देगा।



# मौत की भगदड़



हाथरस हादसे के पीड़ितों से बात करते कांग्रेस नेता राहुल गांधी।



हाथरस हादसे के बारे में बताते हुए रोती युवती।



• एजेंसी घायलों का हाल जानने पहुंचीं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य।

# कुछ को बाबा आज भी सही लग रहा तो कुछ को गलत

## हाथरस हादसे में 121 मौतों के बाद बाबा को लेकर उसके अनुयायियों ने कही बात

आगरा, अमृत विचार : हाथरस के सिकंदराराऊ में साकार विश्व हरि भोले बाबा के सत्संग में हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले ने भले ही प्रदेश सरकार में खलबली पैदा कर दी हो लेकिन आज भी बाबा के अनुयायी उसके बारे में कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। केदार नगर में बाबा के बंद मकान में शुक्रवार को भी महिलाएं पहुंचीं और घर के बाहरी हिस्से की अपनी साड़ी से सफाई की। कई लोग आज भी बाबा की गलती नहीं मान रहे तो कुछ अनुयायियों का कहना है कि हादसे में इतने लोगों को जान चली गई, बाबा को सामने आना चाहिए। बाबा तो परमात्मा हैं, परमात्मा अपने बच्चों को ऐसे हाल में नहीं छोड़ता।

### बाबा के बारे में नहीं सुन सकते

एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती मलपुरा निवासी रजनी कहती हैं कि सत्संग का वो दिन आंखों के सामने से नहीं हट रहा, लेकिन अपने परमात्मा से गुस्सा होकर हम कहां जाएंगे। जो मंजूर था, वह हो गया। कहीं न कहीं हमारी गलती होगी, लेकिन बाबा के भागने के मामले में जब उनसे सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बाबा तो बाबा हैं, वह कहीं भागेंगे नहीं। वहीं उनके रिश्तेदार अनिल कुमार का कहना है कि भोले बाबा के अनुयायी उनके बारे में कुछ नहीं सुन सकते हैं। जो उन्हें मानता है, वह मानता ही रहेगा। चाहे कुछ भी हो जाए।

### विष्णु का अवतार हैं भोले बाबा

इरादतनगर के रहने वाले सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि बाबा को लोग विष्णु भगवान का अवतार मानते हैं। इस मामले में बाबा की गलती केवल इतनी है कि हादसे के बाद उनके आयोजकों और सेवकों को भागना नहीं चाहिए। वहीं बाबा को तो अब सामने आना चाहिए। बाबा ने वकील के माध्यम से अपने विचार रखे। ऐसा तो अपराध करने वाले रखते हैं। बाबा को क्यों लगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है, जब उनकी कोई गलती नहीं तो ऐसा क्यों किया गया।

### पैर टूटा लेकिन आस्था नहीं

खासपुर, दयालबाग निवासी सुनीता देवी अपने गांव की कुछ महिलाओं के साथ सत्संग के लिए गई थीं। हादसे में उसका पैर टूट गया, लेकिन बाबा में उनकी आस्था नहीं टूटी। उनसे पूछा कि इतने बड़े हादसे में बाबा की गलती है। यह सुनते ही वह यकायक बोलीं, जामें बाबा की क्या गलती है। यह बाबा ने तो थोड़ी करा दिया। हादसा हो गया, नहीं होना चाहिए। काफी लोग मर गए। बाबा सब अच्छा करेंगे। वह ठीक होने के बाद दोबारा सत्संग में जाएंगी। उनका पैर टूट गया, शायद परमात्मा को यही मंजूर हो।

### बाबा को सामने आना चाहिए

एत्मादपुर में रहने वाले मोहर सिंह का कहना है कि हादसे में उसकी पत्नी निहाल देवी की मौत हो गई है। उसने पत्नी से सत्संग में जाने को मना किया था, लेकिन गांव की कई महिलाएं साथ थीं तो उसने भेज दिया। आसपास के गांव की छह महिलाओं ने भी दम तोड़ दिया। हादसे में गलती तो है। इतने लोगों की मौत के बाद तो भोले बाबा को सामने आना चाहिए। हादसा हुआ या साजिश वह जांच का विषय है। वह तो लोगों के बीच भगवान बने हुए थे। लोगों का हमेशा भला सोचते थे तो आज मुसीबत में साथ क्यों छोड़कर चले गए। लोगों ने उनसे कहा था कि बाबा कोई परमात्मा नहीं है, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सुनी। बाबा की बात को सुनकर लगता था कि वह ही भगवान हैं लेकिन आज इस समय को देखकर उनसे भरोसा उठ रहा है।

### कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं

भोले बाबा को कुछ लोग ढोंगी भी बोलते हैं। इस बात की जानकारी भी इस बार सत्संग में गए दयालबाग निवासी राकेश कुमार ने दी। राकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने बाबा के बारे में काफी सुना था। उन्होंने अपने परिवार की कुछ समस्या को लेकर बाबा के पास जाना शुरू किया। बाबा के सत्संग में उनके उपदेश सुने। किसी तरीके से बाबा से मिलने की कोशिश की, लेकिन उनके सेवादारों ने मिलने नहीं दिया। वह उनके कासंगज के आश्रम तक गए, लेकिन तब भी नहीं मिल पाए। इस बार सत्संग में फिर उम्मीद की, लेकिन इस बार तो जिंदगी और मौत के बीच जंग देख ली। उनका बाबा से भरोसा उठ गया। बाबा ढोंग करते हैं और वह कोई चमत्कार नहीं कर पाते।'

# भगदड़ में खो गई मां, दर-दर भटक रही बेटी

संवाददाता, एटा

• मैनपुरी जिले के गांव जिरौली निवासी पिंकी की मां दो जुलाई को सत्संग में गई थीं

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग हादसे में लापता हो गई मां की तलाश के लिए बेटी अस्पताल दर अस्पताल भटक रही है। उसके आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे।



पिंकी।

हाथरस के सिकंदराराऊ में दो जून को हादसे में 121 लोगों की जान चली गई। तीन दिन बीतने के बाद अभी तक कई लोग घर नहीं पहुंचे हैं। परिजन लगातार तलाश कर रहे हैं। शुक्रवार को मैनपुरी जिले की एक युवती अपनी मां की तलाश में एटा मेडिकल कॉलेज पहुंची। यहां भी मां के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो हताश होकर चली गई।

मैनपुरी जिले के गांव जिरौली थाना भोगांव निवासी पिंकी ने रोते हुए बताया कि उसकी मां सावित्री देवी दो जुलाई को भोले बाबा के सत्संग में शामिल होने के लिए गई थी। दोपहर के बाद जानकारी मिली कि वहां भगदड़ मच गई है। बहुत से लोगों की मौत भी हो गई है। हम लोग मां को ढूंढने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मां नहीं मिली तो हाथरस पहुंचे। वहां भी कोई पता नहीं चल सका तो अलीगढ़ तक गए, लेकिन मां का पता नहीं चल सका।

कुछ लोगों ने बताया कि सबसे पहले घायलों व मृतकों को एटा मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। तब हम लोग यहां पहुंचे हैं, लेकिन यहां भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है। समझ नहीं आ रहा कि मां आखिर कहां है और उनके साथ क्या हुआ है।

## विविध

# पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर जताई चिंता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम, 2012 के दुरुपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे मामलों में शोषण के वास्तविक मामले और सहमति से संबंध बनाने वाले मामलों के बीच अंतर करने में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। इसके लिए सूक्ष्म दृष्टिकोण और सावधानीपूर्वक न्यायिक विचार की आवश्यकता होती है, जिससे न्याय के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके।

कोर्ट ने ऐसे मामलों के निस्तारण के दौरान कुछ मुख्य कारकों पर विचार करने का सुझाव दिया जैसे, रिश्ते की प्रकृति और दोनों पक्षों के इरादों की सावधानीपूर्वक जांच करनी चाहिए। अगर रिश्ता सहमति से बना है तो इसे जमानत के योग्य माना जाएगा। रिश्ते की सहमति की प्रकृति को अनदेखा करने से गलत परिणाम आ सकते हैं। न्यायिक प्रणाली को कुछ संदर्भ में नाबालिकों की सुरक्षा और उनकी स्वायत्तता की मान्यता के बीच संतुलन बनाने का लक्ष्य भी रखना चाहिए, साथ ही कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उक्त अधिनियम के द्वारा उन व्यक्तियों को नुकसान न पहुंचे, जिनकी सुरक्षा के लिए यह बनाया गया है।



▸▸ वास्तविक मामले और सहमति से संबंध बनाने वाले मामलों के बीच अंतर करने में बड़ी चुनौती

उपरोक्त टिप्पणियां कृष्ण पहल की एकलपीठ ने सतीश उर्फ चांद को जमानत देते हुए की। आरोपी के खिलाफ आईपीसी तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज मामले में आरोप लगाया गया था कि उसने शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसका शोषण किया। हालांकि कोर्ट ने पाया कि अस्थिभंग परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार घटना के समय पीड़िता की आयु 18 वर्ष थी, साथ ही आरोपी और पीड़िता एक दूसरे से प्रेम करते थे और मंदिर में शादी करने के लिए भाग गए थे। इसके अलावा पीड़िता 6 महीने की गर्भवती थी और 4 महीने पहले उसने एक बेटी को जन्म दिया है। अंत में कोर्ट ने आरोपी द्वारा अपनी पत्नी और नवजात शिशु के भरण-पोषण की जिम्मेदारी लेने पर उसे रिहाई की तारीख से 6 महीने के भीतर वयस्क होने तक दो लाख सावधि जमा करने की शर्त पर जमानत दे दी।

### पावरलूम बुनकरों की बिजली दर बढ़ाने पर मांगा जवाब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पावरलूम चलाने वाले छोटे बुनकरों की बिजली बिल सब्सिडी देने की सरकारी नीति के खिलाफ विद्युत दर बढ़ाने के 6 अप्रैल 2023 के शासनादेश की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार से तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की खंडपीठ ने गोरखपुर के बुनकर अब्दुल वाला उर्फ अबुल वाला की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका में 6 अप्रैल 2023 के शासनादेश को रद करने और याची के पावरलूम में बिजली आपूर्ति न रोकने की मांग की गई है। याची के अधिवक्ता का तर्क है कि उक्त शासनादेश के तहत मनमाने तौर पर इसे बिजली दरों बढ़ा दिया गया है। सरकार ने गरीब बुनकरों पर शर्तें थोपी हैं। वहीं बड़े व्यवसायियों को पांच किलोवाट तक की छूट दी गई है। कोर्ट ने मुद्दे को विचारणीय मानते हुए मामले की अगली सुनवाई आगामी 22 जुलाई को सुनिश्चित कर दी है।

# अपहरण मामले में बबलू श्रीवास्तव व उसका भतीजा कोर्ट से दोषमुक्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ जिला न्यायालय ने सुनाया फैसला, अन्य आठ दोषी करार

**अमृत विचार :** प्रयागराज के सर्राफा कारोबारी पंकज महिंद्रा के अपहरण और 10 करोड़ रुपये फिरौती मांगने के मामले में बरेली जेल में निरुद्ध माफिया ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव सहित दो आरोपियों को इलाहाबाद जिला न्यायालय ने बरी कर दिया है।

शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान गैंगस्टर एक्ट के विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया की कोर्ट में फैसले के समय 10 आरोपियों में से 9 आरोपी उपस्थित थे जबकि सुरक्षा कारणों से बबलू श्रीवास्तव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जोड़ा गया। माफिया बबलू श्रीवास्तव पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। अब भी बबलू के अन्य आपराधिक मामले विचाराधीन हैं जिसके चलते वह जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। वर्तमान अपहरण कांड में माफिया के भांजे संकल्प श्रीवास्तव को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। मामले के अनुसार 5 सितंबर 2015 की रात दुकान बंद कर कार से घर जाते समय सर्राफा व्यवसायी का अपहरण कर लिया गया था। व्यवसायी पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र, प्रयागराज में सोने-चांदी के आभूषणों की दुकान हैं। अपहरण के बाद उनकी कार संगम स्थित बंधवा वाले लेटे हनुमान मंदिर के पास से बरामद की गई थी। बाद में एसटीएफ ने फतेहपुर जिले के एक फार्म हाउस पर छापा मार कर सर्राफा व्यवसायी को बरामद किया था, साथ ही 9 एमएम और 32 बोर की दो पिस्टल, 315 बोर का तमंचा, ऑल्टो कार, लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी सिम कार्ड भी बरामद किए गए थे। इस मामले में बबलू और उसके भतीजे सहित कुल 10 लोगों को नामजद किया गया था। लगभग 9 साल तक चले ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से कुल 21 गवाह प्रस्तुत किए गए। अपहरण कांड में 16 अक्टूबर 2023 को पहली बार बबलू श्रीवास्तव को प्रयागराज की अदालत में पेश किया गया था। हाईकोर्ट के आदेश पर मुकदमे की सुनवाई प्रतिदिन हो रही थी। अंत में शुक्रवार को न्यायालय ने आठ आरोपियों को दोषी करार देते हुए बबलू श्रीवास्तव और उसके भतीजे संकल्प श्रीवास्तव को दोषमुक्त कर दिया।

### बच्चे को अपने पिता से मिलने का स्वाभाविक अधिकार

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कस्टडी के मामले के लंबित रहने के दौरान बच्चों को उनके अभिभावक से मिलने के मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि बच्चों को अपने अभिभावक पिता को जानने और उनसे मिलने का पूर्ण अधिकार है। एक पिता अपने बच्चों के जीवन का आदर्श होता है। अत: एक बच्चे को अपने पिता को जानने और उनसे मिलने तथा उनके व्यवहार को समझने का स्वाभाविक अधिकार प्राप्त है। इससे बच्चों की कस्टडी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने प्रियंका अग्रवाल द्वारा दाखिल अपील को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल मां प्रियंका ने परिवार न्यायालय के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें बच्चों के पिता को हर महीने के एक रविवार को सार्वजनिक स्थान पर 3 घंटे के लिए अपने बेटे से मिलने की अनुमति दी गई थी। उपरोक्त आदेश को मां ने अपर प्रधान न्यायाधीश के क्षेत्राधिकार से परे बताकर चुनौती दी थी। अंत में कोर्ट ने माना कि पिता से मुलाकात के अधिकार के कारण बच्चे की कस्टडी में कोई बदलाव नहीं आएगा। कस्टडी मामले के लंबित रहने के दौरान अपने पिता को जानना बच्चे के हित में होगा।

### हलफनामा दाखिल करने को दिया अतिरिक्त समय

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान संवैधानिक पदों पर नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए लोगों को भड़काने तथा अधिकारियों को उकसाने, निर्वाचन आयोग और वर्तमान मुख्यमंत्री के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में सपा नेता आजम खान के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान अपर शासकीय अधिवक्ता ने सरकार की ओर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने मामले को अगली सुनवाई तक टाल दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकलपीठ ने मोहम्मद आजम खान की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

## जामा मस्जिद के सर्वेक्षण पर एएसआई से मांगा जवाब

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आगरा की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण संबंधी याचिका पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से जवाब मांगा है। कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किया।

यह मामला भगवान ठाकुर केशव जी, महाराज विराजमान कटरा केशव देव के नाम पर दायर किया गया है। वादकारी ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के मामले में अधिवक्ता आयुक्त की नियुक्ति की प्रार्थना भी की है। वादकारी ने याचिका में दावा किया है कि औरंगजेब ने 1670 में केशव देव का मंदिर ध्वस्त कर दिया था और उस प्रतिमा को आगरा में जामा मस्जिद के नीचे दफन कर दिया था। इससे पूर्व शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति ने एक आवेदन कर अदालत से स्वयं को इस मुकदमे में प्रतिवादी बनाने का अनुरोध किया था और सुनवाई के दौरान इस आवेदन की एक प्रति वादकारी को उपलब्ध कराई गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगामी 5 अगस्त सुनिश्चित की है।


## समीक्षा बैठक के लिए बरेली पहुंचे प्रभारी मंत्री के समक्ष पुलिस विभाग की शिकायतों का अंबार

# पुलिस की कार्यशैली से खराब हो रही सरकार की छवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की समीक्षा बैठक शुक्रवार को पुलिस के खिलाफ भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और विकास कराने वाले विभागों के खिलाफ बेपरवाही और घटिया गुणवत्ता के काम कराने की शिकायतों में ही निपट गई।

प्रभारी मंत्री ने इन शिकायतों को गंभीरता से लिया। कहा, दरोगा-सिपाही से लेकर सीओ स्तर के अधिकारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले सरकार की छवि खराब करने वाले है। उन्होंने लापरवाही के मामलों में कई अफसरों को कड़ी डांट लगाई। कुछ मामलों में जांच के भी आदेश दिए।



▸▸ कई अफसरों को लगाई फटकार, कई मामलों में दिया जांच का आदेश

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अफसरशाही की जमकर परतें उधेड़ीं। सबसे ज्यादा मामले पुलिस के भ्रष्टाचार के गिनाए गए। बैठक में मौजूद विधायकों ने एक सुर में सिपाही, दरोगा, इंस्पेक्टर से लेकर सीओ स्तर तक के अधिकारियों के रिश्वतखोरी में लिप्त होने के मामले उजागर होने को शर्मनाक बताया। प्रभारी मंत्री ने इस स्थिति को सरकार की छवि खराब करने वाला बताते हुए चिंता जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की गैरमौजूदगी में उनकी जगह पहुंचे पुलिस अधीक्षक नगर को ऐसे मामलों में सख्ती करने और रोक लगाने का निर्देश दिया।

विधायकों ने प्रभारी मंत्री को पिछले दिनों पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए हुई भीषण गोलीबारी की घटना के बारे में बताया। मंत्री ने पुलिस अधिकारियों से इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी ली। शाही में लगातार महिलाओं की शृंखलाबद्ध हत्याओं का मामला भी उठा। इसके अलावा सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और पुलों के मुद्दे पर भी जनप्रतिनिधियों ने अफसरों के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। बैठक में सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, डीएम रविंद्र कुमार, सीडीओ जगप्रवेश, सभी एडीएम और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ब्रांड को वैश्विक स्तर पर लाने के हों प्रयासः धामी

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड के अम्ब्रेला ब्रांड हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ एवं अमेजन इंडिया के बीच शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में करार किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्रांड को लांच करने का उद्देश्य प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाना है। उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और मार्केटिंग का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से जुड़ी 15 महत्वपूर्ण योजनाओं को चिन्हित किया जाए, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए जनपदवार रैंकिंग की व्यवस्था भी की जाए।

# मृत्युदंड से पहले सुधार और पुनर्वास की संभावना तलाशना कोर्ट का कर्तव्य

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास में बदला

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा को आजीवन कारावास की सजा में बदलने के मामले में कहा कि दुर्लभतम में से दुर्लभतम सिद्धांत के अनुसार मृत्युदंड केवल अपराध की गंभीर प्रकृति को ध्यान में रखकर नहीं दिया जाना चाहिए बल्कि सुधार की सभी संभावनाओं के समाप्त हो जाने पर दिया जाना चाहिए।

कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि मृत्युदंड देने से पहले सजा कम करने वाले हालातों की जांच करना और सुधार तथा पुनर्वास की संभावना को तलाशना न्यायालय का कर्तव्य है। कोर्ट ने माना कि भले ही अभियुक्त द्वारा किया गया अपराध गंभीर और अक्षम्य हो, फिर भी मृत्युदंड की पुष्टि करना उचित नहीं है। इसके अलावा अगर अपराध करने का उद्देश्य, सुधार की संभावना, अभियुक्त की कम उम्र, अभियुक्त से समाज को खतरा और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि में से कोई भी परिस्थिति अभियुक्त के पक्ष में होती है तो मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने अपर सत्र न्यायाधीश (डकैती प्रभावित क्षेत्र), फिरोजाबाद द्वारा दिए गए मृत्युदंड को चुनौती देने वाली तरुण गोयल की अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि मृत्युदंड देते समय ट्रायल कोर्ट ने केवल डकैती प्रभावित क्षेत्र अधिनियम पर ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपीलकर्ता के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया गया था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 6 जुलाई 2024

## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 900
**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग- 1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल (प्रति क्वि.)**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |

**तेल तिलहन**

| | |
|---|---|
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर: मंत्रालय

## भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करना सरकार की प्रतिबद्धता : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह मेक इन इंडिया कार्यक्रम में एक और उपलब्धि है। वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य 1,08,684 करोड़ था।

सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत को वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, रक्षा मंत्रालय ने प्रधानमंत्री मोदी नीत सरकार की नीतियों और पहलों के सफल कार्यान्वयन पर, आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2023-24 में मूल्य के संदर्भ में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि हासिल की है। इसमें कहा गया कि 2023-24 में वार्षिक रक्षा उत्पादन करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सभी रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू), रक्षा सामग्री बनाने वाले अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी कंपनियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में रक्षा उत्पादन का मूल्य रिकॉर्ड स्तर अर्थात 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह गत वित्त वर्ष के रक्षा उत्पादन की तुलना में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



● वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का मूल्य था 1,08,684 करोड़ रुपये

### गत वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन के मूल्य में अभी तक की सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की है। रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो गत वित्त वर्ष के उत्पादन के मूल्य से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य (वीओपी) में से 79.2% योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू का और 20.8% का योगदान निजी क्षेत्र का रहा। निरपेक्ष मूल्य के संदर्भ में डीपीएसयू/पीएसयू तथा निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में स्थिर वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि 10 वर्षों में सरकार द्वारा आत्मनिर्भरता प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए लाए गए नीतिगत सुधारों और पहलों तथा व्यापार सुगमता की वजह से हासिल हुई है।

# प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल से शाकाहारी थाली 10% हुई महंगी

मुंबई, एजेंसी

शाकाहारी थाली की कीमत जून में औसतन 10 प्रतिशत तक बढ़ गई। प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी इसकी प्रमुख वजह रही। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रिपोर्ट रोटी राइस रेट के अनुसार, ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार शाकाहारी थाली की कीमत जून में 10 प्रतिशत बढ़कर 29.4 रुपये जो जून 2023 में 26.7 रुपये थी। मई 2024 में यह 27.8 रुपये थी।



शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर तथा आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल है। शाकाहारी थाली की कीमत में वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 30%, आलू में 59% और प्याज में 46% की वृद्धि को बताया गया है। प्याज के मामले में रबी की फसल के रकबे में गिरावट से आवक कम रही, जबकि मार्च में बेमौसम बारिश से आलू की पैदावार कम हुई। कर्नाटक तथा आंध्र प्रदेश में उच्च तापमान से टमाटर की आवक पिछले साल की तुलना में 35% कम हुई। वहीं चावल की कीमतों में 13% और दालों में 22% की वृद्धि हुई।

मांसाहारी थाली की कीमत जून में घटकर 58 रुपये रह गई, जबकि गत वर्ष जून में 60.5 रुपये थी। मई में इसकी कीमत 55.9 रुपये प्रति थाली थी। ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में 14% की कमी आई है।

### टमाटर की कीमत 80 रुपये प्रति किलो

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी से आपूर्ति कम होने के कारण दिल्ली में टमाटर की खुदरा कीमतें 70-80 रुपये प्रति किग्रा तक पहुंच गई हैं। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में फलों और सब्जियों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी अपने खुदरा केंद्र सफल पर 75 रुपये प्रति किलो की दर से टमाटर बेच रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेता 70-80 रुपये प्रति किलो टमाटरों की बिक्री कर रहे हैं। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि पहाड़ी इलाकों के प्रमुख टमाटर उत्पादक क्षेत्रों में भीषण गर्मी पड़ने से फसल प्रभावित हुई है। उपज कम होने से खुदरा बाजारों में टमाटर की आपूर्ति सीमित हो गई है और कीमतों में उछाल आया है। ऑनलाइन मंच ओटीपी और ब्लिंकिट पर टमाटर की बिक्री 80 रुपये प्रति किलो के भाव पर की जा रही है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74575 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55550-55750 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,850 |
| चांदी आभूषण | 91,300 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72700 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71700 |
| सिल्वर (पक्की) | 905 (अनुमानित) |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 72,900 |
| सोना रवा | 72,750 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 91,100 |
| चांदी (999) | 91,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। पिछले सप्ताह ये 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था।


रिजर्व बैंक के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के बड़े घटक परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# नायडू ने वित्त मंत्री से कर्ज में डूबे आंध्र प्रदेश के लिए मांगी वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय बजट पेश होने से पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कर्ज में डूबे राज्य की मदद करने का आह्वान किया। नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में नायडू ने आंध्र की विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्रीय सहायता मांगी। तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री भी बैठक में शामिल हुए।

राज्य सरकार के अनुसार, आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 31.02% से बढ़कर 2023-24 में 33.32% हो गया है। यह राज्य के राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है। नायडू की प्रमुख मांगों में पोलावरम सिंचाई परियोजना के लिए धन, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता तथा नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए समर्थन शामिल है। सीतारमण ने नायडू की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वह व्यापक वित्तीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांगों पर विचार करेंगी।



नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू।

# स्टील, एल्युमिनियम के बर्तनों पर आईएसआई का ठप्पा अनिवार्य

नयी दिल्ली, एजेंसी

● आदेश का उल्लंघन करने पर हो सकती है कार्रवाई

सरकार ने स्टेनलेस स्टील और एल्युमिनियम के बर्तनों की गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से विनिर्माताओं पर भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के गुणवत्ता संबंधी दिशा-निर्देशों को अनिवार्य बना दिया है। बर्तनों पर आईएसआई की मुहर अनिवार्य कर दी गयी है और उल्लंघन करना दंडनीय बनाया गया है।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस संबंध में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा 14 मार्च, 2024 को जारी गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के अनुसार ऐसे बर्तनों पर आईएसआई चिह्न अनिवार्य किया गया। इसका अनुपालन न करना दंडनीय है। बीआईएस ने मानकों की सूची बनायी है। इनको प्रस्तुत करके बीआईएस का उद्देश्य बेहतर उत्पाद प्रदर्शन और उपभोक्ता सुरक्षा को बढ़ावा देते हुये व्यंजनों की सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखना है।



## एक नजर

### सारंगी झारखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश

**रांची।** न्यायमूर्ति विद्युत रंजन सारंगी ने शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय के 15वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो के अलावा कई न्यायाधीश और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति अधिपत्र पढ़ा। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा के 28 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद से उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद रिक्त था।

### पश्चिम बंगाल में मिला द्वितीय विश्व युद्ध का बम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि झाड़ग्राम जिले में एक खुले मैदान में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिला जो फटा नहीं था और उसे सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया गया। एक्स पर अभियान की तस्वीर साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मशीनरी ने भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर बम को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर दिया।

### केरल के त्रिशूर में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैला

**त्रिशूर (केरल)।** त्रिशूर जिले के गांव में अफ्रीकी स्वाइन फीवर फैलने के मामले सामने आए हैं। अफ्रीकी स्वाइन फीवर जानलेवा और संक्रामक रोग है जो पालतू और जंगली सूअरों को अपनी चपेट में ले लेता है। यह संक्रमित सूअर के शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थ के प्रत्यक्ष संपर्क में आने पर सूअरों में फैल सकता है। त्रिशूर डीएम ने जिले के मदक्कथारा पंचायत में एक निजी फार्म के 310 सूअरों को मारने का आदेश दिया है। वेलियंथारा के 14वें वार्ड में कुट्टालपुझा बाबू के स्वामित्व वाले सूअरों में इस बीमारी की पुष्टि हुई है। डीएम ने पशुपालन अधिकारी को सूअरों को मारकर दफनाने का निर्देश दिया है।

### प्रज्वल की जमानत पर एसआईटी दर्ज करे आपत्ति

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एसआईटी को निर्देश दिया कि वह जनता दल सेक्युलर के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर अपनी आपत्ति दर्ज कराए। रेवन्ना पर कई महिलाओं से दुष्कर्म और उनका यौन उत्पीड़न करने का आरोप है और पूरे प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की एकल पीठ ने कहा कि अदालत में आपत्ति दर्ज कराई जाए। विशेष अदालत ने 26 जून को रेवन्ना की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# मोदी ने दूरसंचार कंपनियों को 34,824 करोड़ रुपये वसूलने की दी छूट : कांग्रेस

## मोबाइल शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर किया कटाक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दूरसंचार क्षेत्र की तीन प्रमुख कंपनियों द्वारा शुल्क दर में बढ़ोतरी किए जाने के बाद शुक्रवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद है।

पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने सवाल किया कि मोदी सरकार ने 109 करोड़ सेल फोन उपभोक्ताओं की जेब से 34,824 करोड़ रुपये की वसूली की अनुमति क्यों दी? हाल ही में तीन प्रमुख दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने ढाई साल के अंतराल के बाद मूल्य वृद्धि की घोषणा की। सबसे पहले सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस जियो ने यह कदम उठाया। सुरजेवाला ने कहा कि हिंदुस्तान के सेल फोन मार्केट में सिर्फ तीन सेल फोन ऑपरेटर हैं। रिलायंस जियो के 48 करोड़, एयरटेल के 39 करोड़ व वोडाफोन आइडिया के 22 करोड़ 37 लाख उपभोक्ता हैं।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार सेल फोन कंपनियां अपने हर सेल फोन ग्राहक से 152.55 पैसे प्रति माह कमाती हैं। 27 जून को रिलायंस जियो ने अपने रेट 12 से 27% बढ़ा दिए। 8 जून को एयरटेल ने अपने रेट 11 से 21% बढ़ा दिए। 29 जून को वोडाफोन आइडिया ने भी रेट 10 से 24% बढ़ा दिए। तीनों कंपनियों ने 72 घंटे में सेलफोन की शुल्क दर बढ़ाने की घोषणा की।



● मोदी के तीसरे कार्यकाल का जनता के लिए उसके मित्रवादी पूंजीवाद का प्रसाद : सुरजेवाला

### सरकार ने कहा- भारत में मोबाइल शुल्क सबसे कम

सरकार ने कहा कि भारत का मोबाइल सेवा बाजार मांग और आपूर्ति से संचालित होता है, जिसमें तीन निजी दूरसंचार कंपनियां और एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है तथा ये ग्राहकों को वैश्विक स्तर पर सबसे कम शुल्क दरों की पेशकश करती हैं। सरकार ने मोबाइल शुल्क दरों में की गई बढ़ोतरी के बारे में भ्रामक दावों को खारिज कर दिया। केंद्रीय संचार मंत्रालय का बयान कांग्रेस के मोबाइल शुल्क बढ़ोतरी पर सरकार की आलोचना के बाद आया है।

# कानूनी मान्यता से इनकार के फैसले पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

**समलैंगिक विवाह**

● पांच न्यायाधीशों की पीठ फैसले की करेगी समीक्षा

सुप्रीम कोर्ट 10 जुलाई के अपने पिछले साल के उस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली याचिकाओं पर विचार करेगा, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किया गया था। कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ पिछले वर्ष 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर अपने कक्ष में विचार करेगी। पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है।

प्रधान न्यायाधीश के अलावा पीठ के अन्य सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा होंगे। समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था और कहा था कि कानून द्वारा मान्यता प्राप्त विवाहों को छोड़कर विवाह करने का कोई भी दूसरा तरीका विधिक तौर पर उचित नहीं है। साथ ही न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाने का काम संसद का है। न्यायालय ने हालांकि, समलैंगिक लोगों के लिए समान अधिकारों और उनकी सुरक्षा को मान्यता दी और आम जनता को इस संबंध में संवेदनशील होने का आह्वान किया था ताकि उन्हें भेदभाव का सामना नहीं करना पड़े।

## बंगाल के विस अध्यक्ष ने टीएमसी के दो विधायकों को दिलाई शपथ

### उपाध्यक्ष ने किया इनकार

**कोलकाता।** प. बंगाल विधानसभा के उपाध्यक्ष के बदले अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधानसभा के उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया था। राजभवन और विधानसभा के बीच चले गतिरोध के बाद, दोनों विधायक रयात हुसैन सरकार और सायंतिका बनर्जी को विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान शपथ दिलाई गई। हुसैन सरकार मुर्शिदाबाद जिले के भगवानगोला से विधायक हैं जबकि सयंतिका बनर्जी कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके बारानगर से विधायक हैं।

गुरुवार शाम को राज्यपाल बोस ने उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी को शुक्रवार को विधानसभा में शपथ दिलाने के लिए अधिकृत किया। उनका रुख था कि विधायकों को राजभवन में शपथ दिलाई जाएगी। उपाध्यक्ष ने खुद को कार्यक्रम से अलग कर लिया और कहा कि जब अध्यक्ष आसन पर मौजूद हों तो उपाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाना नियमों के खिलाफ है। उपाध्यक्ष की अपील के बाद बिमान बनर्जी ने दोनों विधायकों को सदन में बुलाया और शपथ दिलाई।

# भाजपा काम रोको अभियान के तहत स्कूली शिक्षा बर्बाद कर रही : आप

नई दिल्ली, एजेंसी



दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने पांच हजार शिक्षकों के तबादले के आदेश पर भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों पर दबाव बनाकर केजरीवाल सरकार द्वारा विकसित शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। राय ने कहा कि आप सरकार के काम में बाधा उत्पन्न करने के लिए भाजपा का काम रोको अभियान जारी है। शिक्षा निदेशालय ने 11 जून को ऑनलाइन अनुरोध शीर्षक से जारी परिपत्र के तहत जिन शिक्षकों ने एक ही स्कूल में 10 वर्ष से अधिक सेवा दी है उन्हें आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें स्थानांतरित किया जाएगा।

**रथयात्रा की तैयारी**



कोलकाता में रथ यात्रा उत्सव से पहले रथ के पहिये को पेंट करता इस्कॉन का सदस्य। ● एजेंसी

# छत्तीसगढ़ : कुएं में जहरीली गैस से 5 की मौत

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में शुक्रवार को कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से पिता और दो पुत्रों समेत 5 लोगों की मौत हो गई है। घटना बिर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत किकिरदा गांव की है। बिलासपुर क्षेत्र के आईजी संजीव शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों के मुताबिक रामचंद्र जायसवाल (60) के कुएं में लकड़ी का टुकड़ा गिरा था, जिसे निकालने के लिए वह कुएं में उतरे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके। परिजनों ने पड़ोस के पटेल और चंद्रा परिवार से मदद मांगी, जिसके बाद रमेश पटेल (50), उनके बेटे जितेंद्र पटेल (25), राजेंद्र पटेल (20) और पड़ोसी टिकेश्वर (25) भी कुएं में उतरे लेकिन वे भी नहीं निकल पाए। आईजी ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से उनकी मौत हुई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हादसे पर दुख जताया है। वहीं, कोरबा जिले के कटघोटा के ग्राम जुराली के डिपरा पारा निवासी पिता-पुत्री समेत चार लोगों की कुएं में डूबकर मौत हो गई।



● कोरबा जिले में कुएं में डूबने से पिता-पुत्री समेत 4 लोगों की मौत

## महिला आयोग ने मोइत्रा पर प्राथमिकी दर्ज करने को कहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अध्यक्ष रेखा शर्मा के विरुद्ध टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस से प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा है।

वीडियो में उप्र के हाथरस में हुई भगदड़ स्थल पर एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष को दिखाया गया था जिस पर महुआ ने लिखा, वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं। एनसीडब्ल्यू ने एक्स पर कहा कि टिप्पणी अपमानजनक है और यह गरिमा के साथ रहने के महिला के अधिकार का उल्लंघन है।

# तमिलनाडु बसपा प्रमुख आर्मस्ट्रांग की घर के सामने की गई हत्या

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में बसपा इकाई के प्रमुख आर्मस्ट्रांग (52) की शुक्रवार को चेन्नई में उनके घर के सामने ही हत्या कर दी गई। आर्मस्ट्रांग उत्तरी चेन्नई के पेरम्बूर में घर के सामने कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे तभी बाइक सवार छह लोगों ने रात को हमला कर दिया।

पेशे से वकील आर्मस्ट्रांग ने 2007 में पद संभाला था। उनको खून से लथपथ अपोलो अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को राजीव गांधी सरकारी सामान्य अस्पताल ले जाया गया। आर्मस्ट्रांग की हत्या के बाद बसपा कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अपराधियों को पकड़ने के लिए आईजी के नेतृत्व में विशेष टीमें गठित की हैं।

### बसपा प्रमुख मायावती ने की हत्या की निंदा

**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या की निन्दा की और राज्य सरकार से दोषियों को गिरफ्तार कर सजा दिलाने की मांग की। मायावती ने कहा कि तमिलनाडु राज्य बसपा अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की उनके घर के बाहर नृशंस हत्या निंदनीय है। आर्मस्ट्रांग राज्य में एक मजबूत दलित आवाज के रूप में जाने जाते थे।

# जंगलों, नदियों-नालों के रखरखाव को लेकर हाईकोर्ट नाराज

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने समय रहते राष्ट्रीय राजमार्गों सहित जंगलों, नदियों और नालों का उचित रखरखाव न करने पर चेतावनी दी। कोर्ट ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के लापरवाह अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि 12 जून, 2024 को अदालत के आदेश के बावजूद ब्यास नदी के तल के बीच से चट्टानों और पत्थरों को नहीं हटाया गया है। इन पत्थरों से पानी के टकराने से बहाव नदी तट तक आ जाता है और सड़कों को नुकसान पहुंचता है। जंगलों में फेंके गए मलबे से भूमि कटाव होता है और नदियों-नालों का बहाव रुक जाता है। यह सामान्य ज्ञान की बात है, इसलिए हर बार एनएचएआई द्वारा स्थिति को स्टडी करने के बाद एक्शन में आने की बात समझ से परे है।



● एनएचएआई के लापरवाह अधिकारियों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दी चेतावनी

अदालत ने स्टेटस रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद कहा कि उन्हें एनएचएआई का नदी की स्थिति की स्टडी करने के बाद यह कहना स्वीकार्य नहीं है कि मानसून के दौरान नदी से पत्थरों और चट्टानों को नहीं हटाया जा सकता है, क्योंकि एनएचएआई के पास जून का पूरा महीना था। जब मानसून ने हिमाचल प्रदेश को नहीं छुआ था लेकिन एनएचएआई ने कुछ भी नहीं किया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि एनएचएआई की इस निष्क्रियता के कारण कोई अप्रिय घटना होती है, तो एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ उचित निर्देश जारी किया जाएगा। मामले पर अगली सुनवाई पहली अगस्त को निर्धारित की गई है।

### कोर्ट ने 12 जून को राज्य सरकार को दिया था आदेश

मामले में न्यायालय ने गत 12 जून को राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे कि राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों की स्थिति अच्छी बनी रहे, ताकि नागरिकों को भोजन, ईंधन इत्यादि की आपूर्ति बनाई रखी जा सके। एनएचएआई को भी आदेश दिए थे कि वह भी बरसात से पहले ब्यास नदी के बीच से पथरों और चट्टानों को हटाए, ताकि नदी के बहाव तट से टकराकर राष्ट्रीय राजमार्ग को कोई नुकसान न पहुंचा सके। प्रदेश में पिछले वर्ष हुई भारी बरसात से सैकड़ों सडक़ें तबाह हो गई थीं। न्यायालय ने कहा था कि लोक निर्माण विभाग का आपदा से पहले जागना जरूरी है। आपदा के बाद जागने से धन का दुरुपयोग होता है।

# 2036 का दावा मजबूत करेंगे पेरिस ओलंपिक के आपके अनुभव : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की दावेदारी कामयाब रहने को लेकर आश्वस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से इस दावे को मजबूत करने के लिये पेरिस में व्यवस्थाओं का अनुभव साझा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस ओलंपिक जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत में कहा कि उनके द्वारा साझा की जाने वाली जानकारी 2036 ओलंपिक की मेजबानी का दावा मजबूत करने में काम आएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा भारत की कोशिश है कि हम 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करें। इससे भी बड़ा माहौल बनता है और हम प्रयास कर रहे हैं। बुनियादी ढांचा तैयार करने पर विशेषज्ञ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा मैं ओलंपिक से पहले नहीं लेकिन बाद में वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेने का आपसे आग्रह करूंगा। आप लोग भी खेल के बाद वहां व्यवस्थायें क्या हैं, उसे देखें। खिलाड़ियों से जो इनपुट मिलेगा, वह 2036 के लिए काम आएगा। आप यह देखकर आएंगे तो हमें बहुत सुविधा होगी। प्रधानमंत्री मोदी की खिलाड़ियों से बातचीत का पूरा वीडियो उनके कार्यालय से शुक्रवार को जारी किया गया। बातचीत में खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा भी मौजूद थीं।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते। भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं। भारत ने ओलंपिक की मेजबानी की इच्छा बार बार जताई है जिसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाक का भी समर्थन मिला है। भारत की राह हालांकि आसान नहीं होगी क्योंकि कतर और सऊदी अरब भी दौड़ में हो सकते हैं। ओलंपिक 2036 के मेजबान का फैसला अगले साल आईओसी के चुनाव से पहले आने की संभावना नहीं है जिसमें नया अध्यक्ष चुना जाएगा।

## नीरज से बोले प्रधानमंत्री, तुम्हारी मां के हाथ का चूरमा खाना है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटे नीरज चोपड़ा से मजाकिया अंदाज में कहा कि उसने अभी तक चूरमा भेजा नहीं जिस पर ओलंपिक और विश्व चैंपियन भालाफेंक स्टार ने इस बार उन्हें चूरमा खिलाने का वादा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस महीने के आखिर में हो रहे पेरिस ओलंपिक के लिये जा रहे खिलाड़ियों से व्यक्तिगत और आनलाइन बातचीत के दौरान नीरज से चूरमे की फरमाइश की तो एथलीट प्रियंका गोस्वामी से पूछा कि वह ओलंपिक में अपने बालकृष्ण को साथ ले जा रही है या नहीं। ऑनलाइन बातचीत में जुड़े नीरज से चुटकी लेते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा चूरमा आया नहीं तेरा अभी तक। इस पर सकुचाते हुए नीरज ने कहा सर चूरमा लेकर आएंगे इस बार। प्रधानमंत्री ने इस पर कहा मुझे तो तेरी मां के हाथ का चूरमा खाना है। पिछली बार तोक्यो ओलंपिक से लौटने के बाद खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मोदी ने अपने आवास पर चोपड़ा को चूरमा और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू आइसक्रीम खिलाई थी।



## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने कारूआना को ड्रॉ पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से ड्रॉ खेला जबकि विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने नीदरलैंड के अनीश गिरि से बाजी बराबरी पर खत्म की। चौथी बार एक भी मुकाबले का नतीजा नहीं निकला और सभी बाजियां ड्रॉ रही। कारूआना ने दस खिलाड़ियों के राउंड रॉबिन टूर्नामेंट में आधा अंक की बढ़त बना रखी है। आठ मुकाबलों में पांच अंक लेकर कारूआना शीर्ष पर हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, गुकेश और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे आधा अंक पीछे हैं। रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि और वाचियेर लाग्रेव चार अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं।

### एशियाई बिलियडर्स के फाइनल में आडवाणी

**रियाद।** भारत के क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी एशियाई बिलियडर्स में हैट्रिक बनाने के करीब हैं जिन्होंने हमवतन सौरव कोठारी को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आडवाणी ने हर फ्रेम में 100 का स्कोर किया। उन्होंने 100-29, 100-33, 101-38, 100-21, 100-0 से जीत दर्ज की। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने भारत के ही श्रीकृष्णा सूर्यनारायणन को 5-0 से हराया था।

### एशियाई युगल स्क्वाश के पहले दिन जीते अभय

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ने मलेशिया के जोहोर में चल रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय चुनौती की अगुवाई करते हुए अपने दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। भारतीय दल ने पांच में से चार मुकाबले जीते। अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने फिलीपीन के डेविड पेलिनो और रेमार्क बेगोर्निया को पुरूष युगल में 2-0 से हराया।

### राजावत क्वार्टर फाइनल में, त्रिसा-गायत्री भी जीते

**कैलगरी (कनाडा)।** भारत के उदीयमान बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जापान के ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कनाडा ओपन एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने 33वीं रैंकिंग वाले ओबायाशी को 38 मिनट में 21-19, 21-11 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से होगा। महिला युगल में तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। उन्होंने डेनमार्क की नताशा एंथोनिसेन और नीदरलैंड की एलिसा टी को अंतिम 16 के मुकाबले में 17-21, 21-7, 21-8 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै की पेइ एस सियेह और एन जू हंग से होगा। अनुपमा उपाध्याय और तान्या हेमंत की जोड़ी दूसरे दौर में हार गई।

### भारतीय रेफरी उवेना ने की संन्यास की घोषणा

**नई दिल्ली।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप (2016) में सहायक रेफरी की भूमिका निभाने वाली भारत की उवेना फर्नांडिस ने शनिवार को संन्यास की घोषणा की। यह जानकारी अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शुक्रवार को दी। उवेना फीफा के किसी विश्व कप फाइनल में सहायक रेफरी की भी भूमिका निभाने वाली इकलौती भारतीय है। उन्होंने जॉर्डन में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में अंपायरिंग की थी। गोवा की रहने वाली 43 वर्षीय उवेना रेफरी मूल्यांकनकर्ता और प्रशिक्षक के रूप में काम करना जारी रखेंगी। उन्होंने एआईएफएफ से कहा मैं लगभग 20 वर्षों तक रेफरी रही हूं और मुझे लगता है कि मैंने पहले ही अपने काम के साथ न्याय किया है और इस प्रक्रिया में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। भारतीय वायु सेना में एक वरिष्ठ अधिकारी उवेना ने कहा मैंने पहले ही अपना काम कर दिया है, इसलिए मैंने सोचा कि युवाओं को भी मौका मिलना चाहिए।

# विराट-रोहित के बिना नई शुरुआत करेगी युवा टीम

## जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पहला टी-20 मुकाबला आज, शुभमन की अगुवाई में अभिषेक और रियान करेंगे पदार्पण

हरारे, एजेंसी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना की युवा ब्रिगेड जिम्बाब्वे के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में उतरेगी तो इस प्रारूप में यह भारतीय क्रिकेट के नये दौर का सूत्रपात भी होगा। भारत में टी-20 विश्व कप की जीत के सतत जारी जश्न के बीच शुभमन गिल की कप्तानी वाली आईपीएल सितारों से सजी यह युवा टीम जीत का सिलसिला शुरू करना चाहेगी।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले पंजाब के अभिषेक शर्मा और राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले असम के रियान पराग इस श्रृंखला के जरिए पदार्पण करेंगे। पिछले कुछ साल में रोहित और कोहली टी-20 क्रिकेट में कई द्विपक्षीय श्रृंखलाओं से बाहर रहे हैं। अब टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दोनों के संन्यास के बाद उनकी कमी जरूर खलेगी। इसकी भरपाई करना तो मुश्किल है लेकिन फिर परिवर्तन संसार का नियम है। जिम्बाब्वे मजबूत टीम नहीं है लेकिन टी-20 प्रारूप में दोनों टीमों के बीच बहुत गहरा अंतर नहीं है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिये खेलने वाले सिकंदर रजा भारत के लिए चुनौती साबित हो सकते हैं। शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल तीसरे मैच से ही उपलब्ध होंगे। भारत के भावी टी-20 कप्तान हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव भी भविष्य में इस प्रारूप में लौटेंगे लिहाजा अंतिम एकादश में ज्यादा जगह खाली नहीं है। अब से 2026 टी-20 विश्व कप तक भारतीय टीम इस प्रारूप में 34 मैच खेलेगी। कप्तान गिल पारी का आगाज करेंगे और देखना होगा कि उनके अजीज दोस्त अभिषेक शर्मा को पदार्पण का मौका मिलता है या चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ खेलते हैं। अभिषेक पारी की शुरूआत करते हैं तो गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतर सकते हैं। पराग चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं लिहाजा उनके चयन की संभावना अधिक है। आक्रामक फिनिशर रिंकू सिंह पांचवें नंबर पर उतर सकते हैं जबकि छठे नंबर पर जितेश शर्मा या ध्रुव जुरेल को उतारा जा सकता है।



**मैच : शाम 04:30 बजे**

**भारत : (पहले दो मैचों के लिए) :** शुभमन गिल (कप्तान), रूतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश, तुषार देशपांडे, साइ सुदर्शन, जितेश शर्मा, हर्षित राणा।

**जिम्बाब्वे :** सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाइ चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया , क्लाइव एम, वेसली मेदेवेरे, टी मारूमानी, वेलिंगटन मसाकाजा, ब्रेंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डियोन मायर्स , एंटम नकवी, रिचर्ड एंगारावा, मिल्टन शुम्बा।

## मुख्यमंत्री ने टीम के लिए 11 करोड़ के पुरस्कार की घोषणा की



विश्वविजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित करते महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। ● एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुक्रवार को 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। यह घोषणा यहां विधान भवन में की गई जहां भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया।

शिंदे ने अपने भाषण में विश्व कप में टीम की चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर मिली जीत के अलावा सूर्यकुमार के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच में लिए गए शानदार कैच की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने सहयोगी टीम के सदस्य पारस म्हाम्ब्रे और अरूण कनाडे के योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने मुंबई पुलिस की गुरुवार को विजय परेड के दौरान भीड़ प्रबंधन की भी सराहना की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और देवेंद्र फडनवीस भी मौजूद थे। पवार ने कहा रोहत शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अब नहीं खेलेंगे, लेकिन जब भी हम टी-20 मैच देखेंगे, हम हमेशा आपको और आपकी टीम की उपलब्धियों को याद रखेंगे। फडनवीस ने रोहित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका नाम अब हमेशा के लिए क्रिकेट इतिहास में लिखा जाएगा।

### टीम के प्रयास से मिली जीत

रोहित ने कहा कि फाइनल में टीम प्रयास से जीत मिली। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुझे कहा कि इस तरह का आयोजन विधान भवन परिसर में कभी नहीं किया गया है। इतने लंबे इंतजार के बाद क्रिकेट विश्व कप भारत लाकर सपना सच हो गया। यह टीम प्रयास था। उन्होंने मजाक करते हुए कहा, यह पूरी तरह से टीम प्रयास था। सूर्या ने सभी को कहा कि वह भाग्यशाली रहे कि गेंद उनके हाथ में आ गई। अगर ऐसा नहीं हुआ होता तो मैं उसे अगले मैच में बाहर बिठा देता। फाइनल में मैच का रूख बदलने वाला कैच लेने वाले सूर्यकुमार ने कहा मैं आप सभी से मिलकर खुश हूं। हमें कल और आज यहां विधान भवन में जो समर्थन मिला, मैं उसे कभी नहीं भुला पाऊंगा। दुबे ने कहा मुझे गर्व है कि मैं महाराष्ट्र में रह रहा हूं। हम कल मिले स्वागत से अभिभूत हो गए।

### ट्रॉफी क्या मायने रखती है यह कल देखा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विजय परेड के दौरान प्रशंसकों के असीम प्यार ने साबित कर दिया कि यह टी-20 विश्व कप सिर्फ उनकी टीम के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखता है। रोहित ने बीसीसीआई टीवी से कहा आप इस रोमांच से अनुमान लगा सकते हैं। इससे साबित होता है कि यह ट्रॉफी सिर्फ हमारे लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए क्या मायने रखती है। मुझे खुशी है कि हम इस तरह का कुछ हासिल कर सके। रोहित ने दूसरी बार टी-20 विश्व कप जीता है लेकिन उनके लिए यह खास है। उन्होंने कहा 2007 अलग था। मैं उसे भूल नहीं सकता क्योंकि वह मेरा पहला विश्व कप था। यह खास है क्योंकि मैं इस बार कप्तान था। मेरे लिए यह बहुत गर्व का पल है।

### प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए चुने गए बुमराह, रोहित

**दुबई।** आईसीसी ने टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, मैया बाउचिर और विशमी गुणरत्ने को प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया। आईसीसी की ओर से प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए जारी की गई नामांकित सूची में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और और अफगानिस्तान के बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज तथा महिला वर्ग में स्मृति मंधाना, इंग्लैंड की मैया बाउचिर, श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने भी शामिल है। बुमराह ने जून में हुए टी-20 विश्वकप टूर्नामेंट में 15 विकेट चटकाए।

## फर्नले को हराकर नोवाक तीसरे दौर में




**लंदन।** सात बार के विंबलडन चैंपियन सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ब्रिटेन के जैकब फर्नले संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर विंबलडन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पहुंच गए है। ऑल इंग्लैंड क्लब में खेले गये मुकाबले में, एक महीने पहले घुटने में लगी चोट के बावजूद जोकोविच ने ग्रैंड स्लैम के मुख्य ड्रा में अपना पहला मैच खेल रहे ब्रिटिश वाइल्डकार्ड जैकब फर्नले पर 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच तीसरे दौर में मुकाबला एलेजांद्रो टेबिलो और फ्लेवियो कोबोली के मैच के विजेता से होगा। मैच के बाद जोकोविच ने फर्नले के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा जैकब को शानदार मैच के लिए बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने शानदार प्रयास किया और बहुत बढ़िया टेनिस खेला।

## द. अफ्रीका ने भारत को 12 रन से हराया

चेन्नई, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनातीं दक्षिण अफ्रीका की खिलाड़ी। ● एजेंसी

- दक्षिण अफ्रीका की तजमिन ब्रिट्स और मारिजने काप ने लगाए अर्धशतक
- पहले टी-20 में जेमिमा रोड्रिग्स ने खेली 53 रनों की नाबाद पारी

दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने तजमिन ब्रिट्स (81 रन) और मारिजने काप (57 रन) के अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत को 12 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। ब्रिट्स ने 56 गेंद में 10 चौके और तीन छक्के जड़े जबकि काप ने 33 गेंद में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने 189 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में भारतीय टीम जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 53 रन) के अर्धशतक के बावजूद चार विकेट पर 177 रन ही बना सकी। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (18 रन) और स्मृति मंधाना (46 रन) ने पहले विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी निभाकर भारत को अच्छी शुरुआत कराई, लेकिन अयाबोंगा खाका ने शेफाली को आउट कर पहला झटका दिया। मंधाना को क्लो ट्रायोन की आउट किया। मंधाना ने 30 गेंद की पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। दयालन हेमलता (14 रन) ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सकीं और 17 गेंद खेलने के बाद नाडिने डि क्लर्क का शिकार हुईं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (35 रन) पारी की अंतिम गेंद पर एन मलाबा की गेंद पर आउट हुई जिससे उनके और रोड्रिग्स (30 गेंद, सात चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 59 गेंद में 90 रन की साझेदारी का अंत हुआ और टीम 12 रन से हार गईं।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज ब्रिट्स और कप्तान लौरा वोलवार्ट (33 रन) ने सतर्क शुरूआत करते हुए 43 गेंद में 50 रन की साझेदारी निभायी जिससे टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर की ओर अग्रसर हुई। इस पारी में बने 189 रन टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च स्कोर भी है। लौरा चौथे ओवर में भाग्यशाली रहीं जब तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर (दो विकेट) की गेंद पर श्रेयंका पाटिल (टखना मुड़ने के कारण मैदान से बाहर गयीं डी हेमलता की जगह उतरीं) ने उनका कैच छोड़ दिया, तब वह 24 रन पर थीं। राधा यादव (दो विकेट) ने लौरा को आउट कर पहले विकेट की भागीदारी का अंत किया। इस दौरान स्मृति मंधाना ने काप और विकेटकीपर ऋचा घोष ने ब्रिट्स के कैच छोड़े। ऋचा कैच लेने के प्रयास में चेहरे पर चोट लगने से मैदान से चली गईं। ब्रिट्स और काप ने दूसरे विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी निभाकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। राधा ने काप को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अनुभवी क्लो ट्रायोन (12) और काप ने फिर तेजी से 38 रन जोड़े।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**दक्षिण अफ्रीका :** 189/4, 20 ओवर। तजमिन ब्रिट्स 81, मारिजने काप 57, लौरा वोलवार्ट 33, क्लो ट्रायोन 12। **विकेट :** पूजा वस्त्राकर 2, राधा यादव 2।

**भारत :** 177/4, 20 ओवर। शेफाली 18 , स्मृति मंधाना 46, हरमनप्रीत 35, जेमिमा रोड्रिग्स 53 नाबाद। **विकेट :** अयबोंगा खाका 1।

## पाकिस्तान करेगा इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश की मेजबानी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतिम समय में अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला घोषित करने की परंपरा से हटते हुए शुक्रवार को पुष्टि की कि पुरुष टीम 2024-25 सत्र में इंग्लैंड के खिलाफ हाई प्रोफाइल श्रृंखला सहित नौ टेस्ट, 14 वनडे और नौ टी-20 मैच खेलेगी। पाकिस्तान इस साल अक्टूबर में तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा जबकि बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के दौरे भी शामिल हैं।

पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा, ये श्रृंखलाएं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का स्थान मजबूत करने के लिए हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। पीसीबी ने कहा कि बांग्लादेश रावलपिंडी (21 से 25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त से तीन सितंबर) में दो टेस्ट खेलेगा और अंतर्राष्ट्रीय सत्र की शुरूआत करेगा जिसका समापन नौ मार्च को प्रस्तावित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से होगा। पाकिस्तान का सामना तीन टेस्ट में इंग्लैंड से होगा जो मुल्तान, कराची और रावलपिंडी में होंगे।

## आदित्य बोले- मुंबई से कभी विश्व कप फाइनल मत छीनना

मुंबई, एजेंसी

शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि मुंबई में टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम का भव्य स्वागत बीसीसीआई के लिए संदेश भी है कि देश की वित्तीय राजधानी से कभी भी किसी बड़े टूर्नामेंट का फाइनल मैच मत छीनो। ऐसा लगता है कि ठाकरे की टिप्पणी बीसीसीआई की आलोचना के लिए थी जिसने 2023 में आईसीसी वनडे विश्व कप की मेजबानी में इसका फाइनल मुंबई के बजाय अहमदाबाद को दिया था।

भारत पिछले साल नंवबर में हुए विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गया था। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मुंबई में कल का जश्न बीसीसीआई को कड़ा संदेश भी है कि मुंबई से कभी भी विश्व कप फाइनल मत छीनो। ठाकरे की यह टिप्पणी टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम की मुंबई में विजय परेड के एक दिन बाद आई है।

### बीसीसीआई एक ही शहर को नहीं दे सकता प्राथमिकता : राजीव

**मुंबई।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की प्रतिक्रिया के जवाब में कहा कि जब महत्वपूर्ण फाइनल के आयोजन की बात आती है तो बोर्ड एक शहर को दूसरे पर प्राथमिकता नहीं दे सकता।

शुक्ला ने कहा कोलकाता में भी 1987 विश्व कप का फाइनल हो चुका है और कोलकाता को भारत में क्रिकेट का मक्का कहा जाता है। इसलिए यह फैसला नहीं किया जा सकता कि फाइनल एक विशेष शहर में ही होना चाहिए। मुंबई में कई सेमीफाइनल और फाइनल हो चुके हैं। शुक्ला ने कहा कोलकाता (ईडन गार्डन्स) की क्षमता काफी अधिक है जिसमें करीब 80,000 दर्शकों (66,000 के करीब) दर्शक आ सकते हैं। ऐसा अन्य शहरों में भी है। यह फैसला पूरे देश को और सभी स्टेडियमों को ध्यान में रखकर लिया जाता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

